
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 118 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 06 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## अमित शाह ने लॉन्च की भारत टैक्सी, ड्राइवरों को मिलेगा मालिकाना हक और सुरक्षा

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को देश की



पहली सहकारिता क्षेत्र की टैक्सी सर्विस 'भारत टैक्सी' लॉन्च की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी के जरिए ड्राइवरों को मुनाफे में मालिकाना हक मिलेगा और उनकी आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। योजना के तहत ड्राइवरों को पेंशन और बीमा जैसे लाभ भी दिए जाएंगे।

### सहकारिता मॉडल से टैक्सी सेवा की शुरूआत

अमित शाह ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से छोटी-छोटी पूंजी को जोड़कर बड़ा काम कैसे किया जा सकता है, भारत टैक्सी इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह दिन टैक्सी चालक बहनों और भाइयों के लिए बेहद अहम है। भारत टैक्सी से जुड़े ड्राइवर न केवल अधिक मुनाफा कमाएंगे, बल्कि सम्मान के साथ इसके मालिक भी होंगे।

### तीन साल में पूरे देश में विस्तार का लक्ष्य

गृह मंत्री ने बताया कि अगले तीन वर्षों में कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक पूरे देश में भारत टैक्सी का विस्तार किया जाएगा। यह योजना टैक्सी चालकों के कल्याण का एक बड़ा माध्यम बनेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि टैक्सी सेक्टर में सरकार नहीं, बल्कि सहकारिता प्रवेश कर रही है।

### ड्राइवर ही होंगे कंपनी के असली मालिक

अमित शाह ने कहा कि संभवतः यह दुनिया की पहली ऐसी कोऑपरेटिव टैक्सी कंपनी होगी, जिसका मालिक टैक्सी चलाने वाला सारथी भाई या बहन ही होगा। भारत टैक्सी से जुड़े सभी ड्राइवर इसके शेयरधारक होंगे। उन्होंने कहा, "अब तक आपकी टैक्सी का पहिया किसी और के लिए कमाई करता था, अब वही पहिया आपकी अपनी कमाई कराएगा।"

### मुनाफे का 80% सीधे ड्राइवरों के खाते में

गृह मंत्री ने बताया कि भारत टैक्सी जो भी मुनाफा कमाएगी, उसमें से 100 रुपए में 80 रुपए सीधे ड्राइवरों के खाते में जाएंगे, जबकि केवल 20 रुपए कंपनी के संचालन के लिए रखे जाएंगे। ग्राहक द्वारा किया गया भुगतान सीधे उसी समय ड्राइवर के खाते में ट्रांसफर होगा और बिना सुनवाई के किसी का अकाउंट बंद नहीं किया जाएगा।

### 'सारथी दीदी' पहल से महिलाओं की सुरक्षा

अमित शाह ने कहा कि भारत टैक्सी महिलाओं की सुरक्षा को भी प्राथमिकता देगी। 'सारथी दीदी' पहल के तहत महिला यात्रियों के लिए अलग विंडो होगी, जहां केवल महिला ड्राइवर ही सेवा देंगी। इससे महिलाओं की यात्रा को और सुरक्षित बनाया जाएगा।

### प्लेटफॉर्म फीस और भारी कमीशन से राहत

गृह मंत्री ने कहा कि अब तक बुकिंग फीस, प्लेटफॉर्म फीस और भारी कमीशन से ड्राइवरों का मुनाफा घटता था। भारत टैक्सी ऐप में ऐसे किसी शुल्क का प्रावधान नहीं रखा गया है। इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य केवल सारथी भाइयों और दीदियों की आमदनी बढ़ाना है। (इनपुटः आईएएनएस)

## देश की मजबूती कभी विपक्ष की प्राथमिकता नहीं रही, वोट बैंक में उलझा रहा : पीएम मोदी

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि देश को मजबूत करने के बजाय विपक्ष की राजनीति हमेशा वोट बैंक तक सीमित रही। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज भारत दुनिया के सामने अपना सामर्थ्य दिखा पा रहा है, तो इसके पीछे आर्थिक मजबूती, राष्ट्र के प्रति नागरिकों की ऊर्जा और मजबूत मैन्युफैक्चरिंग इको-सिस्टम है।

पीएम मोदी ने कहा कि जब देश के पास स्पष्ट विजन, इच्छाशक्ति और भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई गई नीतियां होती हैं, तभी विश्व भारत के साथ साझेदारी करने के लिए आगे आता है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, "मैं साफ कहना



चाहता हूं कि उनके पास न सोच थी, न विजन और न ही देश को आगे ले जाने की इच्छाशक्ति।"

### व्यापार समझौतों से युवाओं के लिए खुले नए अवसर

प्रधानमंत्री ने हालिया व्यापार समझौतों का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देश के युवाओं को बड़े स्तर पर लाभ मिलेगा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र, मध्यम वर्ग, देश के बेटे-बेटियां–सभी के लिए वैश्विक बाजार के दरवाजे खुल चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए अवसर युवाओं का इंतजार कर रहे हैं।

### युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है सरकार

पीएम मोदी ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा, "मैं अपने युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं। दुनिया आपकी प्रतिभा और महत्वाकांक्षाओं का स्वागत करने को तैयार है।"

### फ्यूचर-रेडी नीतियों से बना दुनिया का भरोसा

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की बड़ी ऊर्जा पिछली सरकारों की गलत नीतियों को सुधारने में लगी है। पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान बनी भारत की नकारात्मक छवि को बदलने के लिए फ्यूचर-रेडी पॉलिसी पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा, "आज देश नीति के आधार पर चल रहा है, इसी कारण विश्व भारत पर भरोसा कर रहा है। भारत अब रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है।"

### अवैध घुसपैठ पर भी जताई चिंता

पीएम मोदी ने अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि दुनिया के कई विकसित देश अपने यहां से अवैध अप्रवासियों को बाहर कर रहे हैं, लेकिन भारत में घुसपैठियों को संरक्षण देने के लिए अदालतों पर अनुचित दबाव डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे घुसपैठिए युवाओं के अधिकारों और आजीविका पर असर डाल रहे हैं तथा आदिवासी समुदायों की वास्तविक भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। (इनपुट : आईएएनएस)

## सीजेआई सूर्यकांत की कोर्ट में नीतीश कुमार के खिलाफ दलील तो देंगे: पी.के

नई दिल्ली. क्या सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की अदालत में प्रशांत किशोर सिर्फ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों पर सवाल उठाएंगे या फिर चुनावी लोकलुभावन वादों की तुलना करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भी नाम लेंगे? यह सवाल इसलिए अहम हो गया है क्योंकि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी द्वारा दायर याचिका पर 6 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है.

इस याचिका में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को अवैध घोषित करने और चुनाव परिणाम रद्द करने की मांग की गई है. मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ करेगी.

## राफेल, सुखोई और C-295 जैसे महाबलियों की जुगलबंदी! सरहद पर फिर बरसेंगे अंगारे, एक साथ उड़ेंगे 100 फाइटर जेट

समाज जागरण

पाकिस्तान बॉर्डर पर एक फिर से भारतीय सेना गरजेगी. भारतीय वायुसेना ऑपरेशन सिंदूर की तर्ज पर 27 फरवरी को जैसलमेर में 'वायु शक्ति 2026' अभ्यास शुरू कर रही है. इस अभ्यास में वायुसेना अपनी पूरी ताकत दिखाएगी. इसमें 100 से ज्यादा फाइटर जेट्स के शामिल होने की संभावना है. सूत्रों के मुताबिक राफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज-2000 और हॉक, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अपना ताकत दिखाया था, शामिल होंगे. वहीं, सेना के अधिकारियों के मुताबिक, वेस्टर्न और साउथ वेस्टर्न कमांड के सभी एयरबेस और असेट्स इस अभ्यास में हिस्सा लेंगे. सभी यूनिट्स को पूरी तरह



एक्टिव कर दिया गया है. ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह वायुसेना ने पाकिस्तानी जेट्स, मिसाइलों और ड्रोनों पर नजर रखी थी, उसी तरह इस अभ्यास में भी इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम (आईएसीसीएस) का इस्तेमाल होगा. आईएसीसीएस हर एयरक्राफ्ट, मिसाइल और ड्रोन पर नजर रखेगा और एक कंप्लीट एयर पिक्चर तैयार करेगा.

### बॉर्डर गरजेंगे ये फाइटर जेट्स

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर वायुसेना अभ्यास करने जा रही है. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना की छक्के छुड़ाने वाले फाइटर जेट्स एक बार फिर से बॉर्डर पर गरजेंगे. अभ्यास के दौरान राफेल, सुखोई-30, तेजस, मिग-29, जगुआर, मिराज-2000 और हॉक जैसे लड़ाकू विमान सटीक निशाना साधते नजर आएंगे. मिग-21 अब रिटायर हो चुके हैं. इसलिए वे पहली बार इस अभ्यास में नहीं दिखेंगे. अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड रॉकेट दागते हुए देखे जाएंगे.

## UPI से बड़ी रकम करना चाहते हैं ट्रांसफर, बैंकों ने लगाई IVR चेक

समाज जागरण

नई दिल्ली. यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस से जैसे ही आप बड़ी रकम ट्रांसफर करने जाते हैं, अचानक मोबाइल पर एक कॉल आ जाती है और कई लोग सोच में पड़ जाते हैं कि अब क्या हो गया? कहीं पेमेंट अटक तो नहीं जाएगी? दरअसल यह कॉल किसी तकनीकी गड़बड़ी का नहीं, बल्कि आपकी कमाई को सुरक्षित रखने की कोशिश का हिस्सा है. UPI के रिकॉर्ड तोड़ इस्तेमाल के बीच बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड को रोकने के लिए बैंक अब को ढाल की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं.





हाई-वैल्यू ट्रांजैक्शन पर IVR वेरिफिकेशन

देश में जैसे-जैसे यूपीआई का दायरा बढ़ा है, वैसे-वैसे धोखाधड़ी का खतरा भी बढ़ा है. इसी खतरे को कम करने के लिए अब बैंक हाई-वैल्यू UPI ट्रांजैक्शन पर IVR यानी ऑटोमेटेड कॉल वेरिफिकेशन का इस्तेमाल कर रहे हैं. जब कोई यूजर बड़ी रकम ट्रांसफर करता है, तो बैंक पहले एक कॉल करके कंफर्म करता है कि ट्रांजैक्शन सच में उसी यूजर ने किया है या नहीं.

## बिहार में भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के प्रचार का माध्यम बनेगी 'गोदान' : सम्राट चौधरी



समाज जागरण

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने आवास पर फिल्म 'गोदान' का पोस्टर लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोदान भारतीय संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है, जिसे हमारे समाज ने विशेष रूप से गढ़ा है। सम्राट चौधरी ने कहा कि इस फिल्म को लेकर देश की विभिन्न सरकारों ने सहयोग किया है और स्वाभाविक रूप से बिहार सरकार भी गोदान के माध्यम से संस्कृति, सभ्यता और सनातन मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में समाज को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती हैं।

उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है और सरकार कला, साहित्य और सिनेमा के जरिए भारतीय मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोदान जैसी फिल्में नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से परिचित कराने में अहम भूमिका निभाएंगी।

## देश में लोकतंत्र खतरे में, संविधान की हत्या हो रही है : अखिलेश प्रसाद सिंह

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता अखिलेश प्रसाद सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि देश में जिस तरह का नेतृत्व और व्यवहार देखने को मिल रहा है, वह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसा आचरण पहले कभी देखने को नहीं मिला।

अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा, "हमने लोकतंत्र में इस तरह का व्यवहार कभी नहीं देखा। आज देश में जिस तरह का अहंकारी



नेतृत्व मौजूद है, उसके रहते लोकतंत्र ठीक से काम नहीं कर सकता। संविधान की हत्या की जा रही है।"

कांग्रेस नेता का यह बयान ऐसे समय में आया है जब संसद के भीतर विपक्ष और सरकार के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिल रही है। विपक्ष लगातार सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी करने का आरोप लगा रहा है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा संवाद, सहमति और संवैधानिक मर्यादाओं से चलती है, लेकिन वर्तमान हालात में इन मूल्यों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। (इनपुट : एएनआई)

## बिहार की जनता ने राजद को हराया, वहां लोकतंत्र नहीं : सम्राट चौधरी

पटना। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार की जनता ने राजद को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि राजद में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है और जनता ने इसका जवाब देते हुए पार्टी को केवल 25 सीटों पर समेट दिया।

सम्राट चौधरी ने कहा, "बिहार की जनता ने राजद को हरा दिया है। राजद में कोई लोकतंत्र नहीं है और जनता ने इसका जवाब दे



दिया है, उन्हें 25 सीटों पर बैठा दिया गया है।"

उपमुख्यमंत्री का यह बयान राज्य की सियासत में जारी आरोप-प्रत्यारोप के बीच आया है। उन्होंने संकेत दिया कि बिहार की जनता अब वंशवाद और तानाशाही राजनीति को स्वीकार करने के मूड में नहीं है और लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में स्पष्ट रुख अपना चुकी है।

सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता का यह जनादेश सुशासन और विकास के समर्थन में है, जबकि विपक्ष की राजनीति पूरी तरह आंतरिक कलह और लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी पर टिकी हुई है। (इनपुट : एएनआई)

## सरकार लोगों को परेशान कर रही, पुलिस को सीएम की निजी सेना बनाया गया : सुखबीर सिंह बादल

चंडीगढ़। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप



लगाते हुए कहा कि राज्य में सरकार जनता को परेशान करने का काम कर रही है और पुलिस को मुख्यमंत्री की निजी सेना की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

सुखबीर बादल ने कहा कि पहले अकाली दल नेता बिक्रम सिंह मजीठिया पर ड्रग तस्करी के आरोप लगाए गए, लेकिन जब सरकार इन आरोपों को साबित नहीं कर पाई तो अब उन पर आय से अधिक संपत्ति का मामला थोप दिया गया। उन्होंने इसे कानून और व्यवस्था का दुरुपयोग करार दिया।

अकाली दल प्रमुख ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को खुली चुनौती देते हुए कहा, "मैं अरविंद केजरीवाल को चुनौती देता हूं–अगर उनमें हिम्मत है तो सामने आकर मुझसे मुकाबला करें, सिस्टम और कानून का दुरुपयोग करना बंद करें।"

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब में लोकतांत्रिक संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है और राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों और पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुखबीर बादल ने कहा कि अकाली दल ऐसी राजनीति के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहेगा और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेगा।

## डीएमके का देश को बांटने का एजेंडा बेहद खतरनाक : मनन कुमार मिश्रा

नई दिल्ली। डीएमके नेता एमआरके पन्नीरसेल्वम के कथित बयान को लेकर भाजपा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि डीएमके नेता लगातार उत्तर भारत के लोगों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहे हैं और उनका उद्देश्य देश को बांटना है।

मनन कुमार मिश्रा ने कहा, "इन लोगों के डीएनए में ही कुछ गड़बड़ है। ये हमेशा उत्तर भारतीयों के बारे में बेतुकी बातें करते हैं। देश को बांटने का इनका एजेंडा बेहद गंदा है।" उन्होंने दावा किया कि डीएमके की चुनावी स्थिति कमजोर है और इसी हताशा में इस तरह के बयान दिए जा रहे हैं।

भाजपा सांसद ने कहा कि तमिलनाडु में इस बार डीएमके की स्थिति खराब है और पार्टी हार की ओर बढ़ रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भी जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी राजनीतिक अस्थिरता के कारण इसी तरह के बयान सामने आ रहे हैं।

## जीत-दिवा अदाणी ने विवाह वर्षगांठ को बनाया सामाजिक सुरक्षा का संकल्प

### 500 दिव्यांग विवाहित महिलाओं को 10-10 लाख की सहायता

नई दिल्ली। अदाणी समूह के चेयरपर्सन गौतम अदाणी के पुत्र जीत अदाणी और पुत्रवधू दिवा अदाणी ने अपने वैवाहिक जीवन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सामाजिक सरोकार की एक मिसाल पेश की है। इस अवसर पर उन्होंने 500 दिव्यांग विवाहित महिलाओं को प्रति महिला 10 लाख की सामाजिक सुरक्षा सहायता प्रदान की।

5 फरवरी 2025 को घोषित 'अदाणी मंगल सेवा' पहल के तहत जीत और दिवा अदाणी ने अपने विवाह समारोह को केवल निजी उत्सव तक सीमित न रखते हुए, इसे दिव्यांग महिलाओं के लिए दीर्घकालिक सामाजिक सुरक्षा के संकल्प में बदल दिया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक लाभार्थी महिला के नाम 10 लाख की फिक्स्ड डिपॉजिट की गई है, जिससे उन्हें नियमित मासिक आय और भविष्य की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से संचालित यह पहल गौतम अदाणी के सेवा दर्शन ह्यसेवा ही साधना हैह्व से प्रेरित है। अदाणी मंगल सेवा में गरिमा, निरंतरता और सशक्तिकरण को परोपकार का केंद्र बिंदु बनाया गया है।

पहल के पहले वर्ष में ही 500 दिव्यांग महिलाओं को सहायता देने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है, जिससे यह कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों के लिए स्थायी सहयोग का उदाहरण बनकर उभरा है।

(स्त्रोत : अदाणी कनेक्ट)

# दिल्ली में लापता होने की बढ़ती घटनाएँ

दिल्ली एक ऐसा शहर है जिसे सपनों की राजधानी कहा जाता है। देश के कोने-कोने से लोग यहाँ रोजगार, शिक्षा और बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर आते हैं। ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों और तेज रफ़्तार ज़िंदगी के बीच यह शहर लगातार फैल रहा है। लेकिन इसी चमक-दमक के पीछे एक डरावनी सच्चाई छिपी है, जो धीरे-धीरे दिल्ली की पहचान पर सवाल खड़े कर रही है। यह सच्चाई है लोगों का गायब हो जाना। हर दिन दर्जनों लोग इस महानगर में लापता हो जाते हैं और उनमें सबसे अधिक संख्या किशोरियों और युवतियों की होती है। यह केवल अपराध का आंकड़ा नहीं, बल्कि समाज के भीतर पनप रहे भय, असुरक्षा और टूटते विश्वास की कहानी है।

आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में लापता होने के मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर दिन औसतन पचास से अधिक लोग गायब हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश पंद्रह से पच्चीस वर्ष की आयु के हैं। यह उम्र सपने देखने और भविष्य गढ़ने की होती है, लेकिन यही उम्र सबसे अधिक खतरे में दिखाई देती है। खासकर लड़कियाँ, जिनकी संख्या लड़कों की तुलना में कहीं अधिक है। कई मामलों में वे घर से पढ़ाई, काम या किसी जान-पहचान के व्यक्ति से मिलने के लिए निकलती हैं और फिर कभी वापस नहीं लौटतीं। कुछ तो शुरूआती घंटों या दिनों में मिल जाती हैं, लेकिन एक बड़ा हिस्सा ऐसा भी है जो महीनों और वर्षों तक नहीं मिलता।

दिल्ली के कुछ इलाके इस संकट से विशेष रूप से जूझ रहे हैं। घनी आबादी, झुग्गी बस्तियाँ, प्रवासी मजदूरों की बड़ी संख्या और सामाजिक अस्थिरता इन क्षेत्रों को अधिक संवेदनशील बनाती है। यहाँ रहने वाले परिवार अक्सर गरीबी, बेरोजगारी और घरेलू तनाव से घिरे रहते हैं। ऐसे माहौल में बच्चे और किशोर छोटी-छोटी बातों पर घर छोड़ देते हैं। लड़कियों के मामले में स्थिति और भी गंभीर है। पारिवारिक दबाव, पढ़ाई या विवाह को लेकर तनाव, या फिर किसी अनजान व्यक्ति द्वारा दिखाए गए झूठे सपने उन्हें घर से बाहर निकलने के लिए मजबूर कर देते हैं।

तकनीक के विस्तार ने जहाँ दुनिया को करीब लाया है, वहीं उसने नए खतरे भी पैदा किए हैं। मोबाइल और सामाजिक मंचों के जरिये संपर्क बढ़ा है, लेकिन इसी रास्ते से धोखा भी आसानी से दिया जा रहा है। नौकरी, मॉडलिंग, विवाह या प्रेम के नाम पर लड़कियों को फँसाया जाता है। कई बार उन्हें दूसरे शहरों या राज्यों में ले जाया जाता है, जहाँ वे मानव तस्करी, जबरन श्रम या शोषण का शिकार हो जाती हैं। यह एक संगठित अपराध का रूप ले चुका है, जिसमें सीमाओं की कोई परवाह नहीं की जाती।

इस समस्या का एक बड़ा कारण पारिवारिक टूटन भी है। माता-पिता के बीच कलह, सौतेले रिश्ते, घरेलू हिंसा और भावनात्मक उपेक्षा बच्चों को असुरक्षित महसूस कराती है। जब घर सुरक्षित नहीं लगता, तो बाहर की दुनिया आकर्षक लगने लगती है। लड़कियों के लिए यह जोखिम और बढ़ जाता है, क्योंकि समाज अब भी उन्हें पूरी तरह स्वतंत्र और सुरक्षित वातावरण नहीं दे पाया है। महामारी के बाद मानसिक तनाव और अवसाद की समस्याएँ भी बढ़ी हैं। युवा मन आसानी से बहक जाता है और गलत फैसले ले बैठता है।

लापता होने का असर केवल उस व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता। पूरा परिवार एक अनिश्चित पीड़ा में जीने लगता है। माँ-बाप हर अजनबी चेहरे में अपने बच्चे को ढूँढते हैं। आर्थिक बोझ बढ़ता है, क्योंकि खोज-बीन में समय और पैसा दोनों खर्च होते हैं। समाज में तरह-तरह की बातें बनने लगती हैं, जिससे परिवार और अधिक टूट जाता है। लड़कियों के मामलों में डर और भी गहरा होता है, क्योंकि उनके साथ हिंसा, शोषण या मृत्यु की आशंका हर पल बनी रहती है। कई बार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहाँ लापता होने के बाद हत्या या गंभीर अपराध का पता चला।

सरकार और पुलिस ने इस समस्या से निपटने के लिए कई कदम उठाए हैं। शहर में निगरानी के लिए कैमरे लगाए गए हैं, आपातकालीन नंबरों को मजबूत किया गया है और लापता व्यक्तियों की जानकारी साझा करने के लिए योजनाएँ चलाई जा रही हैं। महिलाओं और बच्चों के लिए सहायता केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ कानूनी और मानसिक सहयोग दिया जाता है। लेकिन इन प्रयासों के बावजूद समस्या की जड़ पर चोट नहीं हो पा रही। पुलिस बल की कमी, मामलों की संख्या का दबाव और राज्यों के बीच समन्वय की कमजोरी बड़ी बाधाएँ हैं। कई बार शुरूआती घंटों में कार्रवाई में देरी हो जाती है, जो किसी भी लापता मामले में सबसे महत्वपूर्ण समय होता है।

यह भी सच है कि योजनाओं और बजट की घोषणाएँ अक्सर कागजों तक सीमित रह जाती हैं। जमीनी स्तर पर जागरूकता की कमी साफ दिखाई देती है। बहुत से अभिभावक अब भी बच्चों के साथ खुलकर बात नहीं कर पाते। वे खतरे को समझते तो हैं, लेकिन उसे गंभीरता से लेने में चूक जाते हैं। लड़कियों को आत्मरक्षा, सुरक्षित व्यवहार और अपने अधिकारों की जानकारी पर्याप्त रूप से नहीं दी जाती। समाज में यह सोच अब भी मौजूद है कि खतरा केवल बाहर है, जबकि कई बार खतरा परिचित चेहरे के पीछे छिपा होता है।

इस समस्या का समाधान केवल पुलिस या सरकार के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यह एक सामाजिक चुनौती है, जिसका सामना सामूहिक प्रयास से ही किया जा सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में बच्चों को सुरक्षित और असुरक्षित परिस्थितियों की पहचान सिखानी होगी। अभिभावकों को बच्चों के मित्र बनने की कोशिश करनी होगी, ताकि वे बिना डर अपनी बात साझा कर सकें। मोहल्ला स्तर पर निगरानी और सहयोग की भावना विकसित करनी होगी। अगर कोई बच्चा या किशोरी लंबे समय तक दिखाई न दे, तो उसे सामान्य बात मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

कानूनी स्तर पर भी सख्ती जरूरी है। लापता होने की सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई हो, यह सुनिश्चित करना होगा। मानव तस्करी और शोषण से जुड़े अपराधों पर कठोर दंड और तेज सुनवाई की व्यवस्था होनी चाहिए। राज्यों के बीच बेहतर तालमेल से ही यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि कोई भी व्यक्ति सीमा पार कर अपराधियों के हाथों में न जाए। साथ ही, लड़कियों को शिक्षा और रोजगार के अवसर देकर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी उतना ही आवश्यक है, क्योंकि आत्मनिर्भरता उन्हें निर्णय लेने की शक्ति देती है।

दिल्ली को सच में सुरक्षित राजधानी बनाना है, तो सोच बदलनी होगी। सुरक्षा केवल कैमरों और कानून से नहीं आती, बल्कि भरोसे, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी से आती है। हर नागरिक को यह समझना होगा कि किसी एक का गायब होना पूरे समाज की विफलता है। जब तक हम इस दर्द को अपना दर्द नहीं मानेंगे, तब तक आंकड़े बढ़ते रहेंगे और सपनों की यह राजधानी कई परिवारों के लिए डर का पर्याय बनी रहेगी। सतर्कता, संवाद और सामूहिक प्रयास ही इस साये को दूर कर सकते हैं। दिल्ली तभी आगे बढ़ेगी, जब उसकी बेटियाँ और बेटे बिना भय के घर से बाहर निकल सकें और सुरक्षित लौट सकें। यही सच्चा विकास है, यही असली प्रगति।



महेन्द्र तिवारी

# संभल की सियासत में बर्क और नवाब की जंग से अखिलेश की बढ़ी टेंशन

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव अभी एक साल दूर हैं, लेकिन संभल की सियासत में हलचल अभी से तेज हो चुकी है। बीते कुछ महीनों में सांप्रदायिक हिंसा और प्रशासनिक सख्ती के बाद संभल जैसे संवेदनशील इलाके में राजनीति थोड़ी संभलती दिखी ही थी कि अब समाजवादी पार्टी के भीतर ही सत्ता और वर्चस्व की जंग खुलकर सामने आ गई है। सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के पिता मौलाना ममलूकुर्रहमान बर्क ने 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उनका सीधा निशाना मौजूदा विधायक नवाब इकबाल महमूद हैं, जो लगातार सात बार से संभल सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस ऐलान ने न सिर्फ स्थानीय राजनीति को गमार्या है, बल्कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव की मुश्किलें भी बढ़ा दी हैं।

संभल विधानसभा सीट उत्तर प्रदेश की उन गिनी-चुनी सीटों में है, जहां समाजवादी पार्टी की जड़ें बेहद गहरी रही हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 2012 से लेकर 2022 तक हुए तीन विधानसभा चुनावों में यह सीट लगातार सपा के खाते में रही है। नवाब इकबाल महमूद ने 1993 से लेकर अब तक सात बार जीत दर्ज की है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने करीब 52 प्रतिशत वोट हासिल किए थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा प्रत्याशी को लगभग 39 प्रतिशत वोट मिले थे। यह अंतर बताता है कि संभल में नवाब की राजनीतिक पकड़ कितनी मजबूत रही है। दूसरी ओर, लोकसभा स्तर पर बर्क परिवार का दबदबा रहा है। शफीकुर्रहमान बर्क कई बार सांसद रहे और उनके निधन के बाद जियाउर्रहमान बर्क ने 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कर यह विरासत आगे बढ़ाई।

अब ममलूकुर्रहमान बर्क के मैदान में उतरने के ऐलान ने दशकों पुरानी सियासी संतुलन की व्यवस्था को चुनौती दे दी है। अब तक सपा के भीतर एक अनकहा फॉर्मूला चलता रहा था विधानसभा नवाब परिवार के पास और लोकसभा बर्क परिवार के खाते में। लेकिन जियाउर्रहमान के सांसद बनने के बाद बर्क परिवार की महत्वाकांक्षा और बढ़ गई है। ममलूकुर्रहमान का दावा है कि संभल की जनता बदलाव चाहती है और मौजूदा विधायक से नाराज है। उनका तर्क है कि सिर्फ पुरानी जीतों के आधार पर टिकट नहीं मिलना चाहिए, बल्कि जनता के बीच सक्रियता और मुद्दों पर संघर्ष को भी देखा जाना चाहिए।

संभल की जनसांख्यिकी इस लड़ाई को और दिलचस्प बनाती है। 2011 की जनगणना और बाद के चुनावी अनुमानों के अनुसार, इस सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 55 से 60 प्रतिशत के बीच मानी जाती है। इसके अलावा दलित और पिछड़े वर्ग के वोट भी निर्णायक भूमिका में रहते हैं। समाजवादी पार्टी की रणनीति लंबे समय से एम-वाई, यानी मुस्लिम-यादव समीकरण पर टिकी रही है। ऐसे में संभल जैसी सीट सपा के लिए बेहद अहम है, जहां आपसी कलह का सीधा फायदा विपक्ष को मिल सकता है। 2022 के चुनाव में भले ही सपा जीती हो, लेकिन भाजपा ने अपना वोट शेयर पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग 6 प्रतिशत तक बढ़ाया था, जो खतरे की घंटी मानी जाती है।

नवाब इकबाल महमूद अब अपने बेटे सुहेल इकबाल को सियासी उत्तराधिकारी के तौर पर आगे बढ़ाने की तैयारी में हैं। यह कदम भी पार्टी के भीतर असंतोष की वजह बन रहा है। ममलूकुर्रहमान बर्क ने बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा है कि टिकट किसी के बेटे होने के आधार पर नहीं, बल्कि जनता के भरोसे पर मिलना चाहिए। यह बयान सीधे तौर पर नवाब परिवार की वंशवादी राजनीति पर सवाल खड़ा करता है। दूसरी ओर, नवाब खेमा यह संकेत दे रहा है कि पार्टी अनुशासन सर्वोपरि है और अंतिम फैसला अखिलेश यादव को ही करना है। उन्होंने यह भी पूछा है कि अगर पार्टी किसी और को टिकट देती है, तो क्या ममलूकुर्रहमान बर्क पूरी निष्ठा से चुनाव लड़ाएंगे।

यह सियासी टकराव सिर्फ एक सीट तक सीमित नहीं है। संभल में बर्क और नवाब, दोनों परिवारों का प्रभाव आसपास की सीटों असमौली, गुन्नौर और चंदौसी तक फैला हुआ है। स्थानीय राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, अगर यह विवाद खुली बगावत में बदलता है तो इसका असर कम से कम तीन से चार विधानसभा क्षेत्रों में सपा के वोट बैंक पर पड़ सकता है। 2017 के चुनाव में पार्टी को आंतरिक कलह का खामियाजा भुगतना पड़ा था, जब कई सीटों पर बागी उम्मीदवारों ने नुकसान पहुंचाया था। अखिलेश यादव इस अनुभव को दोहराना नहीं चाहेंगे।

संभल में हालिया हिंसा के बाद जियाउर्रहमान बर्क एक मुखर नेता के रूप में उभरे हैं। उन्होंने संसद से लेकर सड़क तक अल्पसंख्यक मुद्दों को उठाया, जिससे उन्हें युवाओं और खासकर मुस्लिम मतदाताओं के बीच नई पहचान मिली है। पार्टी के अंदर उन्हें सपा की मुस्लिम राजनीति के उभरते चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, नवाब इकबाल महमूद का कद एक अनुभवी नेता का है, जो मुलायम सिंह यादव की सरकार में मंत्री रह चुके हैं और संगठन में गहरी पकड़ रखते हैं। यही वजह है कि अखिलेश यादव के लिए किसी एक पक्ष को नाराज करना आसान फैसला नहीं है।

आंकड़े साफ इशारा करते हैं कि संभल में सपा की जीत का अंतर धीरे-धीरे घट रहा है। 2012 में जहां पार्टी ने लगभग 18 प्रतिशत के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी, वहीं 2022 में यह अंतर सिमटकर करीब 13 प्रतिशत रह गया। अगर पार्टी के भीतर फूट पड़ती है तो यह अंतर और कम हो सकता है। भाजपा और बसपा दोनों ही इस मौके की ताक में हैं। भाजपा पहले ही पश्चिमी यूपी में सामाजिक इंजीनियरिंग के जरिए गैर-यादव ओबीसी और दलित वोटरों को साधने की कोशिश कर रही है, जबकि बसपा को मुस्लिम वोटों में सेंध लगाने का मौका मिल सकता है।

अब सवाल यही है कि अखिलेश यादव इस उलझन को कैसे सुलझाते हैं। एक रास्ता यह हो सकता है कि वह दोनों परिवारों के बीच कोई समझौता कराएं, जैसे संगठन में एक को बड़ी जिम्मेदारी और टिकट दूसरे को। दूसरा विकल्प सर्वे के आधार पर टिकट देने का है, ताकि फैसला तथ्यों और आंकड़ों के सहारे लिया जा सके। लेकिन जिस तरह बयानबाजी तेज हो चुकी है, उससे मामला आसान नहीं दिखता। संभल की सियासत एक बार फिर उसी मोड़ पर खड़ी है, जहां एक गलत कदम पूरी रणनीति पर भारी पड़ सकता है। 2027 का चुनाव भले ही दूर हो, लेकिन संभल ने अभी से अखिलेश यादव की सियासी परीक्षा लेना शुरू कर दिया है।



संजय सक्सेना, लखनऊ
9454105568,
8299050585

# व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में लोकतंत्र की मूल आत्मा

हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकें' बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकता' वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है।

विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंत:प्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है।

किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।



संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,
स्तंभकार, लेखक, चिंतक, रायपुर
छत्तीसगढ़, 9009 415 415

# राजकोषीय घाटा घटा, लेकिन ऋण में सुधार चुनौतीपूर्ण

## महामारी के वर्ष (2020-21) में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 9.2 प्रतिशत था जो चालू वर्ष में 4.4 प्रतिशत तक आ गया है

रविवार को पेश किए गए केंद्रीय बजट में राजकोषीय प्रदर्शन के आकलन के पैमाने में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव हुआ। सरकार ने पहले घोषणा की थी कि 2026-27 से राजकोषीय घाटे को उस स्तर पर बनाए रखा जाएगा जिससे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत के रूप में केंद्र सरकार का ऋण घटता रहे। उस हिसाब से सरकार का लक्ष्य 2026-27 में ऋण-जीडीपी अनुपात को 55.6 प्रतिशत तक लाना है, जबकि 2025-26 में यह संशोधित अनुमान 56.1 प्रतिशत था।



परिणामस्वरूप 2026-27 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि चालू वर्ष में यह 4.4 प्रतिशत था। केंद्र सरकार ने पिछले कई वर्षों में राजकोषीय प्रबंधन के मामले में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। महामारी के वर्ष (2020-21) में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 9.2 प्रतिशत था जो चालू वर्ष में 4.4 प्रतिशत तक आ गया है। इसके अलावा व्यय की गुणवत्ता में ठोस सुधार हुआ है।

किंतु आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सरकार ने कहा है कि उसका इरादा 2030-31 तक केंद्र सरकार का ऋण-जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत (1 प्रतिशत ज्यादा या कम) करने का है। यहां दो महत्त्वपूर्ण मुद्दे हैं। पहला, भले ही सरकार इस लक्ष्य को हासिल कर ले, ऋण का स्तर फिर भी उच्च रहेगा। राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन ढांचे में मार्च 2025 तक सामान्य सरकारी ऋण को जीडीपी के 60 प्रतिशत और केंद्र सरकार के ऋण को 40 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्तमान स्थिति में, केंद्र सरकार का सकल ऋण 2031 में भी वांछित स्तर से लगभग 10 प्रतिशत अंक अधिक होगा। दूसरा, सरकार अगले वर्ष ऋण और कम करने का लक्ष्य रख सकती थी क्योंकि आने वाले वर्षों में ऐसा करना और कठिन हो सकता है। उदाहरण के लिए, सरकार को आठवें वेतन आयोग के लिए प्रावधान करना होगा। दूसरा 2030-31 से पहले आम चुनाव भी होंगे। अर्थव्यवस्था की अपेक्षित दर से अधिक वृद्धि को देखते हुए सरकार और अधिक सख्त कदम उठा सकती थी।

आदर्श रूप से ऋण में निरंतर कमी के लिए सरकार को कम से कम एक छोटा प्राथमिक अधिशेष बनाए रखना चाहिए। ऋण में कमी की गति भी नॉमिनल जीडीपी वृद्धि और ब्याज दरों द्वारा निर्धारित की जाएगी। इसलिए यह महत्त्वपूर्ण होगा कि विकास दर उच्च स्तर पर बनी रहे। इसके अलावा समग्र राजकोषीय और व्यापक आर्थिक प्रबंधन के संदर्भ में दो अन्य मुद्दे भी ध्यान में रखने योग्य हैं। पहला, सामान्य सरकारी ऋण पर ध्यान देना महत्त्वपूर्ण है, जो जीडीपी का लगभग 80 प्रतिशत है।

इस समाचार पत्र में हाल ही में प्रकाशित एक विश्लेषण से पता चला है कि राज्यों में ऋण स्तर में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे आने वाले वर्षों में केंद्र के स्तर पर ऋण में कमी काफी हद तक प्रभावहीन हो सकती है। इसलिए केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर ऋण कम करने की गति बढ़ाने के तरीके खोजना महत्त्वपूर्ण है। दूसरा, समग्र राजकोषीय नियोजन में धन का इंतजाम करने की अर्थव्यवस्था की क्षमता को ध्यान में रखना महत्त्वपूर्ण है।

सरकार की बढ़ती वित्तीय आवश्यकताओं से निजी निवेश पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। रिपोर्टों के अनुसार बॉन्ड बाजार सरकारी बॉन्डों की अधिक आवक से चिंतित है। वर्ष 2024-25 में घरेलू बचत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की लगभग 6 प्रतिशत थी, जो सरकार की सामान्य वित्तीय आवश्यकता से काफी कम है। यदि निजी कॉरपोरेट निवेश में अपेक्षित रूप से वृद्धि होती है, तो बाजार में ब्याज दरें तेजी से बढ़ सकती हैं। इसलिए यह कहना उचित होगा कि वार्षिक बजट के आंकड़ों से परे मध्यम अवधि के लिए सामान्य सरकारी राजकोषीय नियोजन की आवश्यकता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# प्रदेश के सभी 17 हवाई अड्डों तक दो लेन सड़कें, आवागमन हुआ तेज और सुगम

समाज जागरण

लखनऊ, 05 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वायु, सड़क, रेल और जल परिवहन के मजबूत नेटवर्क ने प्रदेश की कनेक्टिविटी को नया आयाम दिया है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी संचालित 17 हवाई अड्डों को दो लेन सड़कों से जोड़ने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिससे यात्रियों के आवागमन के साथ-साथ उद्योग, व्यापार और पर्यटन को भी बड़ी सुविधा मिली है।

प्रदेश सरकार द्वारा अवस्थापना सुविधाओं के त्वरित विकास के तहत 7 आधुनिक एक्सप्रेसवे सहित सड़कों के व्यापक विस्तार से उत्तर प्रदेश देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। हवाई अड्डों तक बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों और निर्यातकों को देश-विदेश के बाजारों तक आसान पहुंच मिली है।

### लोक निर्माण विभाग की अहम भूमिका

लोक निर्माण विभाग द्वारा 17 एयरपोर्ट टर्मिनलों को दो लेन सड़कों से जोड़ने की महत्वाकांक्षी योजना को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया गया। सड़क चौड़ीकरण, मजबूत सतह, ड्रेनेज व्यवस्था, संकेतक, स्ट्रीट लाइटिंग और यातायात सुरक्षा के सभी मानकों का विशेष ध्यान रखा गया।

### 10 एयरपोर्ट पहले से जुड़े, 7 नए जोड़े गए

प्रदेश के 10 एयरपोर्ट–आगरा, झांसी, गाजियाबाद, बरेली, अयोध्या, गाजीपुर, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज और श्रावस्ती पहले से ही दो लेन सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े हैं, जिनका सुदृढ़ीकरण लगातार किया जा रहा है।

इसके अलावा अलीगढ़, चित्रकूट, सोनभद्र, आजमगढ़, सहारनपुर, कुशीनगर और कानपुर के हवाई अड्डों तक भी दो लेन सड़क कनेक्टिविटी का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

### पर्यटन, निवेश और सुरक्षा को बढ़ावा

नई सड़क कनेक्टिविटी से अयोध्या, कुशीनगर, चित्रकूट और श्रावस्ती जैसे प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों को विशेष लाभ मिला है। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है, बल्कि उद्योग, व्यापार और निवेश को भी नई गति मिली है। साथ ही यातायात सुरक्षा बेहतर हुई है और दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है।

प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों से 17 हवाई अड्डों को दो लेन सड़कों से जोड़ने की यह योजना उत्तर प्रदेश को आधुनिक, सशक्त और विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रही है।

# 1,876 बाढ़ परियोजनाओं से करोड़ों को राहत, योगी सरकार ने बाढ़ सुरक्षा में रचा नया कीर्तिमान

लखनऊ, 05 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य करते हुए 1,876 बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का निर्माण कराया है। इन परियोजनाओं से प्रदेश की 357.83 लाख आबादी और 43.25 लाख हेक्टेयर भूमि क्षेत्र को बाढ़ से स्थायी सुरक्षा मिली है। सिंचाई विभाग के इस व्यापक अभियान से बाढ़ से होने वाली जान-माल की क्षति में उल्लेखनीय कमी आई है।

प्रदेश में हर वर्ष मानसून के दौरान नेपाल से आने वाली नदियों और सीमावर्ती राज्यों से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है। औसतन 40 जनपद बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील रहते हैं। योगी सरकार के कार्यकाल में बाढ़ नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शी स्वीकृति प्रक्रिया, समयबद्ध बजट व्यवस्था और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन की नई परंपरा स्थापित की गई, जिससे क्षति को न्यूनतम स्तर तक सीमित किया गया।

### वर्षवार बाढ़ परियोजनाओं का प्रभाव

वित्तीय वर्ष 2018-19 में 111 परियोजनाओं से 1.88 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 22.03 लाख आबादी सुरक्षित हुई।
2019-20 में 151 परियोजनाओं से 2.88 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 27.44 लाख लोग लाभान्वित हुए।
2020-21 में 196 परियोजनाओं से 5.01 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 49.58 लाख आबादी को सुरक्षा मिली।
2021-22 में 167 परियोजनाओं से 10.90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 46.26 लाख लोग सुरक्षित हुए।
2022-23 में 283 परियोजनाओं से 3.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 33.20 लाख आबादी लाभान्वित हुई।
2023-24 में 362 परियोजनाओं से 10.79 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 68.97 लाख लोगों को राहत मिली।
2024-25 में 321 परियोजनाओं से 4.97 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 60.45 लाख आबादी सुरक्षित हुई।
2025-26 में 285 परियोजनाओं के माध्यम से 3.90 लाख हेक्टेयर क्षेत्र और 49.90 लाख लोगों को बाढ़ से बचाया गया।

### छोटी गंडक नदी को मिला नया जीवन

सिंचाई विभाग द्वारा छोटी गंडक नदी के पुनर्जीवन का कार्य भी उल्लेखनीय रहा। नेपाल से महाराजगंज में प्रवेश के बाद लगभग 10 किमी लंबाई में मृतप्राय हो चुकी इस नदी की सफाई कर इसे मूल स्वरूप में बहाल किया गया। इससे वर्षाकाल में जलनिकासी सुचारु हुई और 22 गांवों की 1,950 हेक्टेयर भूमि तथा 48,500 आबादी को जलभराव से स्थायी राहत मिली। नदी में जल उपलब्धता से सिंचाई, पशुओं के लिए पेयजल और जल-जनित बीमारियों में भी कमी आई है। यह परियोजना ग्रामीण जीवन, कृषि उत्पादन और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए वरदान साबित हुई है। प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों से बाढ़ नियंत्रण की यह रणनीति उत्तर प्रदेश को आपदा प्रबंधन और जल संसाधन संरक्षण के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित कर रही है।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस की समीक्षा बैठक संपन्न, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

गौतमबुद्धनगर, 05 फरवरी। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस (एकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान असंतुष्ट फीडबैक एवं स्पेशल क्लोज से संबंधित प्रकरणों की विभागवार एवं प्रकरणवार समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन विभागों में असंतुष्ट फीडबैक की संख्या अधिक पाई जाएगी अथवा बिना उचित श्रेणी चयन किए शिकायतों को स्पेशल क्लोज किया जाएगा, ऐसे अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित मामलों की आख्या माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रेषित की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत के निस्तारण से पूर्व शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता एवं आवश्यकतानुसार स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए। निस्तारण आख्या के साथ शिकायतकर्ता एवं प्रतिपक्षी के बयान सहित आवश्यक साक्ष्य संलग्न किए जाएं, जिससे निस्तारण की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता दर्शन के दौरान प्राप्त शिकायतों को समय से आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कर उनकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में शिकायत निस्तारण की समयबद्धता, गुणवत्ता एवं पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनपद में 'आपदा मित्र' बनने का सुनहरा अवसर, 19 स्वयंसेवकों के लिए आवेदन आमंत्रित

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 05 फरवरी। जनपद में आपदा प्रबंधन से जुड़कर समाज सेवा करने का इच्छुक युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आपदा मित्र परियोजना के तहत शेष 19 स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित आपदा मित्र स्वयंसेवकों को 17 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय, लखनऊ में 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री एवं आवागमन सहित समस्त व्यय एसडीआरएफ द्वारा वहन किया जाएगा तथा अभ्यर्थियों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### पात्रता एवं प्राथमिकता

आपदा मित्र के रूप में चयन हेतु अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। पूर्व सैनिकों, सेवानिवृत्त चिकित्सा कर्मियों एवं इंजीनियरों को अधिकतम 5 वर्ष की आयु छूट दी जाएगी। अभ्यर्थी का गौतमबुद्धनगर का मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 7वीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है।

अभ्यर्थी का शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है तथा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अग्निशमन, नागरिक सुरक्षा, होमगार्ड्स, भूतपूर्व सैनिकों, आपदा प्रबंधन का अनुभव रखने वाले एवं तैराक अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही महिला स्वयंसेवकों की भागीदारी को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

### आवेदन की अंतिम तिथि 12 फरवरी

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र 12 फरवरी 2026 तक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय, कक्ष संख्या-203 में ऑफलाइन जमा कर सकते हैं, ताकि चयन प्रक्रिया समय से पूर्ण कर प्रशिक्षण हेतु लखनऊ भेजा जा सके। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कंट्रोल रूम नंबर 0120-2978231 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सूरजपुर पुलिस ने तीन शातिर चोरों को दबोचा, 250 किलो चोरी का सरिया व इलेक्ट्रिक ऑटो बरामद

समाज जागरण




संदीप गर्ग / नोएडा। थाना सूरजपुर पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 250 किलोग्राम चोरी का लोहे का सरिया तथा घटना में प्रयुक्त इलेक्ट्रिक ऑटो बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राहुल पुत्र मुन्नी लाल, इरफान पुत्र खुर्शीद तथा शाहरुख पुत्र बेनामी के रूप में हुई है। तीनों अभियुक्तों को ग्राम मलकपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ग्राम लखनावली स्थित एक निमार्णाधीन फ्लैट से लगभग 250 किलोग्राम सरिया चोरी किया था। चोरी किए गए सरिये को वे इलेक्ट्रिक ऑटो के माध्यम से ले जाकर कबाड़ी या अन्य खरीदारों को बेचते थे और प्राप्त रकम आपस में बांट लेते थे।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि अभियुक्त राहुल पूर्व में भी इसी स्थान से सरिया चोरी के मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुका है। राहुल निवासी ग्राम लखनावली, थाना सूरजपुर, जनपद गौतमबुद्धनगर है। वहीं अभियुक्त इरफान मूल रूप से ग्राम चकवाली, थाना रामपुर मनिहारी, सहारनपुर का निवासी है, जो वर्तमान में ग्राम लखनावली में रह रहा था। तीसरा अभियुक्त शाहरुख मोहल्ला रामनगर कॉलोनी, कस्बा व थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर का निवासी है।

पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है और उन्हें शातिर किस्म का अपराधी बताया जा रहा है। थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 317(5) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। बरामद चोरी का सरिया एवं घटना में प्रयुक्त इलेक्ट्रिक ऑटो पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

# थाना फेस-1 पुलिस ने 25 हजार के इनामिया वांछित शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

समाज जागरण




संदीप गर्ग / नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 25,000 के इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गोलू उर्फ विनोद पुत्र अशोक के रूप में हुई है, जिसे थाना क्षेत्रांतर्गत सेक्टर-14ए नोएडा से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त थाना फेस-1 पर पंजीकृत मुकदमों में धारा 304(2)/317(2) बीएनएस, धारा 109/317(5) बीएनएस तथा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत वांछित चल रहा था। अभियुक्त लंबे समय से फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त गोलू उर्फ विनोद ने स्वीकार किया कि वह अपने सह अभियुक्त के साथ मिलकर चोरी व स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देता था। वह आमतौर पर कंपनियों के बाहर अथवा सड़कों पर खड़े वाहनों की रैकी करता था और मौका पाकर उन्हें चोरी कर लेता था। चोरी किए गए वाहनों का प्रयोग कर वह स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त का साथी दानिश पुत्र मंजूर अली को दिनांक 30 अगस्त 2025 को थाना फेस-1 पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि गोलू उर्फ विनोद मौके से फरार हो गया था।

अभियुक्त गोलू उर्फ विनोद के विरुद्ध दिल्ली एवं नोएडा में लगभग 50 से अधिक आपराधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। वह थाना फेस-1 क्षेत्र में चोरी व पुलिस मुठभेड़ के मामलों में लगातार वांछित चल रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त गोलू उर्फ विनोद पुत्र अशोक, उम्र लगभग 27 वर्ष, निवासी कल्याणपुरी, थाना कल्याणपुरी, दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

# थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, 108 टैट्रा पैक देशी शराब बरामद

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। थाना फेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान धर्मेन्द्र पुत्र चंदेश्वर शर्मा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त को हरौला सेक्टर-10 पार्क में स्थित एक खंडहर से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 108 टैट्रा पैक कैटरीना ब्रांड की देशी शराब बरामद की गई।

गिरफ्तार अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र चंदेश्वर शर्मा, उम्र 24 वर्ष, निवासी जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर-8, थाना फेस-1, गौतमबुद्धनगर का रहने वाला है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा




पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने बरामद की गई अवैध देशी शराब को अपने कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

# सेक्टर-58 पुलिस ने ₹25 हजार के इनामिया वांछित अभियुक्त को दबोचा, अवैध तमंचा बरामद

समाज जागरण



संदीप गर्ग / नोएडा। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 25,000 के इनामिया वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान नितिन उर्फ विपिन कठेरिया पुत्र अशोक कठेरिया के रूप में हुई है, जिसे ग्रीन बेल्ट, सेक्टर-60 नोएडा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 26 अप्रैल 2025 को थाना सेक्टर-58 क्षेत्रांतर्गत नोएडा प्राधिकरण की सेक्टर-60 स्थित नर्सरी से महिंद्रा अर्जुन यूवो एवं महिंद्रा 265 डीआई के दो ट्रैक्टर चोरी किए थे। इस संबंध में थाना सेक्टर-58 पर धारा 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

घटना के अनावरण के लिए सेक्टर-58 पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पहले ही 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उनकी निशानदेही पर चोरी गए दोनों ट्रैक्टर, एक अन्य चोरी का ट्रैक्टर, रैकी में प्रयुक्त चोरी की मोटरसाइकिल, एक वैगन-आर कार तथा एक अवैध तमंचा बरामद किया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्तगण सुनसान स्थानों की पहले रैकी करते थे और रात के समय ट्रैक्टर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। मुख्य अभियुक्त नितिन उर्फ विपिन कठेरिया घटना के बाद से फरार था।

गिरफ्तार अभियुक्त नितिन उर्फ विपिन कठेरिया, उम्र लगभग 19 वर्ष, निवासी सुदामानगर, इंद्रपुरी, जलेसर रोड, थाना उत्तर, जनपद फिरोजाबाद का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है और इसके विरुद्ध पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से बरामद तमंचा .315 बोर को जब्त कर उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# थाना सेक्टर-39 पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्र बरामद

समाज जागरण



संदीप गर्ग / नोएडा। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी एवं अवैध हथियार रखने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रदीप पुत्र स्व. मैनपाल, आकाश पुत्र राजकुमार एवं करन पुत्र स्व. मुकेश के रूप में हुई है। तीनों अभियुक्तों को सेक्टर-37, नोएडा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इसके अतिरिक्त, अभियुक्त प्रदीप के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस, जबकि अभियुक्त करन के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्त देवीलाल कॉलोनी, गुरुग्राम के निवासी हैं तथा उनकी आयु 19 से 24 वर्ष के मध्य बताई गई है। थाना सेक्टर-39 पुलिस द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 317(5) बीएनएस एवं 3/4/25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस ने बरामद मोटरसाइकिल व अवैध शस्त्रों को कब्जे में लेकर अभियुक्तों को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# अमेरिका-भारत ट्रेड डील किसानों को भूखा मारने की साजिश: आनंद चौधरी

समाज जागरण



गाजियाबाद। भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने अमेरिका और भारत के बीच हुई हालिया ट्रेड डील को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह समझौता देश के किसानों और उनके परिवारों को आर्थिक रूप से तबाह करने की साजिश है।

आनंद चौधरी ने आरोप लगाया कि इस ट्रेड डील का असर केवल किसानों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गरीब मजदूर वर्ग और मध्यम वर्गीय जनता भी इससे बुरी तरह प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा के खिलाफ है और इसका उद्देश्य विदेशी कंपनियों को लाभ पहुंचाना है, जिसकी कीमत भारतीय किसान चुका रहे हैं।

उन्होंने कहा कि किसानों और आम जनता के हितों की बात करने वाली मोदी सरकार ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने घुटने टेक दिए। प्रधानमंत्री द्वारा अपनी ही नीतियों और वादों से पीछे हटना देश की जनता के साथ खुली गद्दारी है।

आनंद चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि इस ट्रेड डील के दूरगामी दुष्परिणाम होंगे, जो आने वाले समय में देश के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकते हैं। इससे कृषि क्षेत्र कमजोर होगा, रोजगार के अवसर घटेंगे और देश की खाद्य सुरक्षा पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय किसान यूनियन (सर छोटू राम) इस जनविरोधी समझौते का पुरजोर विरोध करती है और सरकार से मांग करती है कि किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों के खिलाफ किए गए सभी ऐसे समझौतों को तत्काल वापस लिया जाए।

# आईएमएस नोएडा में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नोएडा। सेक्टर-62 स्थित आईएमएस नोएडा के स्कूल ऑफ आईटी द्वारा छात्रों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सी-डैक के साइबर सिक्योरिटी इंजीनियर शुभम त्रिपाठी ने बतौर मुख्य वक्ता छात्रों को संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों को उभरते साइबर खतरों, डेटा सुरक्षा, ऑनलाइन सेफ्टी तथा साइबर अपराध से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने डिजिटल युग में सतर्कता और जिम्मेदार व्यवहार के महत्व पर विशेष जोर दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए आईएमएस की डीन प्रोफेसर (डॉ.) नीलम सक्सेना ने कहा कि आज के डिजिटल दौर में साइबर सुरक्षा केवल एक तकनीकी विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक छात्र की सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग ज्ञानवर्धन के साथ-साथ सुरक्षित, सतर्क और नैतिक ढंग से किया जाना आवश्यक है।

वहीं संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि डिजिटल तकनीक के तेजी से विस्तार के साथ-साथ साइबर खतरों में भी वृद्धि हुई है। ऐसे में छात्रों के लिए साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनना समय की आवश्यकता है।

मुख्य वक्ता शुभम त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति डिजिटल दुनिया का सक्रिय हिस्सा है, इसलिए ऑनलाइन पहचान और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन गई है। उन्होंने बताया कि केवल सिस्टम का उपयोग जानना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी सुरक्षा संरचना को समझना भी उतना ही जरूरी है।

# हिन्दू समाज की एकता को सशक्त करने हेतु सेक्टर-99 नोएडा में होगा हिन्दू सम्मेलन

समाज जागरण



नोएडा। हिन्दू समाज की एकता को मजबूत करने और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सेक्टर-99, नोएडा में एक भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। समाज में व्याप्त जातिगत विभाजन को दूर कर सभी वर्गों को एक मंच पर लाने की मंशा से यह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

यह सम्मेलन 8 फरवरी 2026 को सेक्टर-99 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित होगा। सम्मेलन की तैयारियाँ पूरे जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन को लेकर एल.आई.जी., एच.आई.जी., सुप्रीम टावर्स, सनशाइन अपार्टमेंट सहित सेक्टर-99 के विभिन्न वर्गों में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है और सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि यह हिन्दू सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। अपने सौ वर्षों के कार्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाजसेवा, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आपदा प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक जागरूकता जैसे क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवकों की भूमिका सदैव सराहनीय रही है।

सम्मेलन के माध्यम से फ्फ़र के विचारों से प्रेरित होकर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही हिन्दू समाज को संगठित, जागरूक और सशक्त बनाने का संदेश दिया जाएगा।

# नोएडा में सफाई में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, ठेकेदार पर ₹50 हजार जुमार्ना

नोएडा। नोएडा क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्राधिकरण द्वारा प्रतिदिन विभिन्न मार्गों, सेक्टरों, ग्रामों और मुख्य नालों में गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रोजाना कूड़े का निस्तारण, नालियों से फ्लोटिंग मैटेरियल की सफाई तथा प्रत्येक ग्राम व सेक्टर में डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 04 फरवरी 2026 को किए गए निरीक्षण के दौरान सेक्टर-81, ग्राम भंगेल और नगला चरणदास में कूड़े के ढेर पाए गए तथा नालियां ओवरफ्लो की स्थिति में मिलीं। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित संविदाकार M/s Exman Raghav Security Services Pvt. Ltd.पर ₹50,000 का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही इस प्रकरण में सहायक परियोजना अभियंता (जन स्वास्थ्य) से स्पष्टीकरण तलब किया गया है, जबकि संबंधित अवर अभियंता (जन स्वास्थ्य) को चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा क्षेत्र में तैनात तीन सफाई कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं

# आरटीई प्रवेश में पारदर्शिता, अवैध वसूली पर सख्त चेतावनी : बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत जिन बच्चों का प्रवेश दूसरे विद्यालयों में होना है, उनके अभिभावकों को केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही आवेदन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और इसमें किसी भी प्रकार के लेन-देन की कोई आवश्यकता नहीं है।




बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति आरटीई प्रवेश के नाम पर अवैध रूप से पैसों की मांग करता है तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित कार्यालय में दी जाए। ऐसे किसी भी व्यक्ति को पैसे न दिए जाएं, क्योंकि प्रवेश केवल मेरिट के आधार पर ही किया जाएगा।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जिस बच्चे का प्रवेश मेरिट के अनुसार होगा, उसी का एडमिशन सुनिश्चित किया जाएगा और जो मेरिट में नहीं होगा, उसका प्रवेश नहीं किया जाएगा। विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अवैध वसूली को रोका जा सके।

बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी दलाल या अफवाहों के झांसे में न आएं और केवल सरकारी पोर्टल व अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करें। शिक्षा विभाग का उद्देश्य पात्र बच्चों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से शिक्षा उपलब्ध कराना है।

# किसान हित व पर्यावरण संरक्षण पर जोर: कलेक्ट्रेट में कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बुधवार अपराह्न 01:00 बजे प्रारंभ हुई, जिसका उद्देश्य विक्रेताओं को प्रशिक्षित करना, फार्मर रजिस्ट्री को बढ़ावा देना तथा ‖धरती माता बचाओ अभियान‖ के अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना रहा।





कार्यशाला में उपनिदेशक कृषि घनश्याम सिंह, जिला कृषि अधिकारी सहित कृषि विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी तथा जनपद के कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे फार्मर रजिस्ट्री अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जब भी कोई किसान उर्वरक या कीटनाशक खरीदने दुकान पर आए, तो उससे उसकी फार्मर रजिस्ट्री संख्या अवश्य पूछी जाए। यदि किसान पहले से पंजीकृत है, तो उसकी रजिस्ट्री संख्या बिल में अनिवार्य रूप से अंकित की जाए। वहीं, जिन किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है, उन्हें इसके लाभों की जानकारी देते हुए शीघ्र पंजीकरण के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वे सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर सकें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि एक ऐसा प्रभावी तंत्र विकसित किया जाए, जिससे प्रतिदिन यह आकलन किया जा सके कि उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के लिए कितना कार्य किया गया है और उसकी प्रगति क्या है। उन्होंने सभी विक्रेताओं को यह भी निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों पर केवल अच्छी और प्रमाणित ब्रांड की उर्वरक एवं कीटनाशक दवाएं ही रखें। किसी भी स्थिति में नकली खाद या कीटनाशक दवाओं का विक्रय न किया जाए। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नकली खाद या कीटनाशक बेचे जाने की कोई शिकायत प्रमाणित होती है, तो संबंधित विक्रेता का लाइसेंस निरस्त कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान कृषि निदेशक घनश्याम सिंह ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में तकनीक का प्रयोग आज के समय में अत्यंत आवश्यक हो गया है। तकनीक के बेहतर उपयोग से न केवल उत्पादन में वृद्धि होती है, बल्कि किसानों की आय भी बढ़ती है। इसके लिए जरूरी है कि सभी लोग नई तकनीकों का प्रशिक्षण लें और उन्हें व्यवहारिक रूप से अपनाएं। उन्होंने धरती माता बचाओ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए उर्वरक एवं कीटनाशकों का संतुलित और आवश्यकता के अनुसार ही प्रयोग किया जाना चाहिए, ताकि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण दोनों सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर उन्होंने एनपीएस ऐप की जानकारी देते हुए बताया कि किसान अपने मोबाइल में इस ऐप को डाउनलोड करें। यदि फसल में किसी प्रकार के कीट लगने की समस्या दिखाई देती है, तो किसान उस पौधे का फोटो खींचकर ऐप पर अपलोड कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से तुरंत यह जानकारी मिल जाती है कि फसल में कौन सा कीट है और उसके नियंत्रण के लिए कौन सी दवा तथा कितनी मात्रा में प्रयोग करनी है। कार्यशाला के दौरान जिला कृषि अधिकारी और विषय विशेषज्ञों द्वारा कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं को नई तकनीकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। साथ ही विक्रेताओं की शंकाओं का समाधान भी किया गया, जिससे वे किसानों को सही मार्गदर्शन दे सकें और कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता, पारदर्शिता व पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# नजीबाबाद में एनएसएस के चौथे दिन सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली भारत बैंक्विट हॉल से प्रारंभ होकर आदर्श नगर चौकी तक निकाली गई, जिसके माध्यम से छात्राओं ने क्षेत्रवासियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।



रैली के दौरान छात्राओं ने दो पहिया वाहनों पर सवार लोगों को रोककर हेलमेट पहनने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में आदर्श नगर चौकी प्रभारी नरेंद्र शर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहम्मद अली जौहर की प्रधानाचार्य ज्योति वर्मा, ग्राम प्रधान नंदिनी राजपूत (जालबपुर गुदड़), चौकी प्रभारी नरेंद्र शर्मा, दुआ फाउंडेशन के उपाध्यक्ष हाजी शमीम कुरैशी, हाजी यूनुस सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य शबाना परवीन, कार्यक्रम अधिकारी गजाला मुमताज ने छात्राओं के माध्यम से लोगोंको जागरूक किया और कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे और सुरक्षित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे अध्यापिका शगुफ्ता नाज सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# पत्नी को प्रताड़ित करने के मामले में आरोपी पति गिरफ्तार

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! पत्नी को प्रताड़ित करने और आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। मामला आठ जनवरी 2026 का है। थाना एका क्षेत्र के कस्बा कछवाई निवासी श्रीकृष्ण पुत्र बनवारी लाल की बहन सुषमा उर्फ गुड़िया को उसके पति अवधेश पुत्र जगन्नाथ सिंह द्वारा लगातार मारपीट कर तंग किया जा रहा था। प्रताड़ना से आहत होकर सुषमा ने आत्महत्या कर ली थी।



इस संबंध में थाना एका में आरोपी पति अवधेश के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पांच फरवरी 2026 को सुबह 9:40 बजे अवागढ़ तिराहा, मुस्तफाबाद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# टीएमयू का यूपी संस्कृति विभाग के जैन विद्या शोध संस्थान के संग एमओयू साइन

उप्र के पर्यटन एवम् संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह और टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद और संस्कृति विभाग के जैन विद्या शोध संस्थान, लखनऊ के बीच शिक्षण, शोध एवम् सांस्कृतिक क्षेत्र में एमओयू साइन हुआ है। इस एमओयू पर टीएमयू की ओर से ज्वाइंट रजिस्ट्रार डॉ. वैभव रस्तोगी, जबकि जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से निदेशक श्री अमित कुमार अग्निहोत्री ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर जैन साहित्य के विद्वान डॉ. एके जैन भी मौजूद रहे। टीएमयू की ओर से सेंटर फॉर जैन स्टडीज संचालित होता है। इस सेंटर के तहत देशभर से इच्छुक युवा शोध करते हैं। एमओयू का मुख्य उद्देश्य जैन विधाओं का राष्ट्रीय संदर्भ में अध्ययन करना है। टीएमयू के शोधार्थी जैन तीर्थ स्थलों की सांस्कृतिक महत्व की परम्परा, आधारभूत मान्यताओं, मानवीय मूल्यों, कला अवशेषों का संरक्षण एवम् विश्लेषण की स्टडी कर सकेंगे। इसके संग-संग वे भारत और विदेशों में प्रचलित जैन विद्या के तुलनात्मक अध्ययन, उद्देश्यों के अनुरूप परिचर्चा, संगोष्ठी, व्याख्यान, सम्मेलन में भागीदारी कर सकेंगे। टीएमयू में संचालित जैन पुस्तकालय एमओयू होने के बाद अब जैन धर्म से संदर्भित ग्रंथों, पाण्डुलिपियों, माइक्रोफिल्मों आदि से और समृद्ध हो जाएगा। अब टीएयमू और जैन विद्या शोध संस्थान छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम के संग-संग अंतर विषयी अध्ययन कर सकेंगे।



# जीएसटी छापेमारी के विरोध में बाजार बंद, प्रशासन व व्यापारियों में वार्ता के बाद समाधान

## धरना समाप्त, बाजार बंद का आह्वान वापस

**समाज जागरण संभल।**

जीएसटी विभाग की छापेमारी के विरोध में सोमवार को संभल जिले के व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए बाजार बंद रखा और जीएसटी अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों का आरोप था कि छापेमारी के दौरान अधिकारियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिससे व्यापारिक समुदाय में रोष व्याप्त है।



दोपहर में प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी की ओर से उनके प्रतिनिधि के रूप में ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंध सिंह धरनास्थल पर पहुंचे और व्यापारियों से वार्ता की। उन्होंने जीएसटी कमिश्नर के साथ माननीय मंत्री गुलाब देवी की अध्यक्षता में बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित कराने का आश्वासन दिया।

इसके बाद अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता के नेतृत्व में सराफा व्यापारियों सहित अन्य व्यापारी कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां संभल के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं माननीय मंत्री की मध्यस्थता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में दोनों पक्षों के बीच आरोपप्रत्यारोप हुए, लेकिन अंततः आपसी सहमति से समाधान निकाला गया।

बैठक में तय किया गया कि भविष्य में यदि जीएसटी विभाग द्वारा किसी व्यापारी के यहां छापेमारी की जाती है, तो उस समय व्यापारी के परिवार के दो सदस्य एवं व्यापार मंडल के दो प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि किसी भी स्थिति में जीएसटी अधिकारियों या पुलिस द्वारा किसी व्यापारी के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया जाएगा।

चंदौसी से मध्यस्थता में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शाह आलम मंसूरी, युवा जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता, प्रेम ग्रोवर, अनुज वार्ष्णेय, सौरभ अग्रवाल, अविनाश, सचिन अग्रवाल, नंदन अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, सूचित अग्रवाल, मुकेश उर्फ गाड़ी, बंटी बिंदल, मनीष अग्रवाल, विकास अग्रवाल, दीपू, दीप गोयल, गिरि प्रस्तोगी सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

बैठक में सहमति बनने के बाद व्यापारियों ने जीएसटी अधिकारियों की कथित तानाशाही के विरोध में किए गए बाजार बंद के आह्वान को वापस ले लिया और धरना समाप्त कर दिया।

# हलधर किसान यूनियन की समीक्षा बैठक संपन्न

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद भारतीय हलधर किसान यूनियन की एक समीक्षा बैठक धीरपुरा रोड कृष्ण मैरिज होम बनकट पर संगठन के राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक ठाकुर यादवेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संगठन को मजबूती देने पर विचार कर किसानो की समस्या को समाधान करने के लिए संगठन पदाधिकारी से आवाहन किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी के निर्देशन अनुसार राष्ट्रीय मुख्य महासचिव देशराज भगत द्वारा पुनः उदयवीर सिंह यादव को प्रदेश मुख्य महासचिव बनाये जाने की घोषणा की गयी जहां



सभी पदाधिकारी ने उदयवीर सिंह यादव को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया जिसमें बोलते हुए राष्ट्रीय मुख्य महासचिव देशराज भगत ने कहा है कि भारतीय हलधर किसान यूनियन पूरे भारत देश में किसानों की जन समस्याओं को लेकर उनका हक अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी आगे बोलते हुए महानगर के अध्यक्ष सिकंदर मंसूरी ने कहा है कि हमारा संगठन गरीब मजदूर नौजवानों किसानों के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों के लिए काम करता है जहां भी किसी के साथ अन्याय होता है वही पीड़ित के साथ मिलकर उसको न्याय दिलाने का काम करता है इसलिए हम अपने सभी पदाधिकारी से प्रार्थना करते है संगठन को मजबूती बनाए रखें और गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याओं का समाधान करने संबंधित अधिकारियों से मिलकर जन समस्याओं का हल कराये आगे अन्य वक्ताओं ने देश के किसानों के साथ देश के जवानों के साथ हो रहे अन्याय उत्पीड़न पर आक्रोश जाहिर किया और केंद्र और राज्य सरकारों से मांग की है हमारे देश के किसानों और जवानों के लिए कड़े कानून बनाकर उनके हितों की रक्षा की जाए समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से मौजूद प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल भदोरिया राष्ट्रीय संगठन मंत्री नवीन शर्मा जिला अध्यक्ष ऋषभ यादव प्रदेश महासचिव विनोद राठौर आगरा मंडल अध्यक्ष विवेक यादव ओमवीर सिंह यादव टिंकू यादव अनिरुद्ध प्रताप भोला यादव युसूफ भाई नवीन कुलश्रेष्ठ शिवम यादव सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे!

# जिलाधिकारी ने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा स्तरीय कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया

**समाज जागरण–ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! जिलाधिकारी रमेश रंजन एवं अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) विशु राजा ने माध्यमिक शिक्षा परिषद उ०प्र० प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2026 के प्रश्न पत्रों हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम तथा जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया, गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सभी 106 परीक्षा कन्द्रों की निगरानी सी०सी०टी०वी कैमरों के माध्यम से करने हेतु एक-एक कम्प्यूटर लगाया गया है, जिससे परीक्षा पर लगे सी०सी०टी०वी कैमरों के माध्यम से विद्यालय में बने स्ट्रॉग रूप में रखे प्रश्नपत्रों तथा बोर्ड परीक्षा की 247 की निगरानी की जायेगी, जिलाधिकारी ने सम्बन्धितों को निर्देश दिये कि सभी परीक्षा केन्द्रों में बने स्ट्रांग रूप में रखी चारों लोहे की अलमीरा में डबल लॉक होना चाहिए, जिसकी चाबी सुरक्षा की दृष्टि की अलग-अलग अधिकारियों के पास रखी जाये, स्ट्रांग रूप में रखी चारों डबल लॉक अंलमीरा के मुंह सी०सी०टी०वी० कैमरा की तरफ होने चाहिए, स्ट्रांग रूप का गेट पूरी तरह से सी०सी०टी०बी० कैमरा में दिखना चाहिये, परीक्षा केन्द्र पर सभी सी०सी०टी०वी० कैमरें ठीक लोकेशन पर सेट हों।



इसके पश्चात सभी केन्द्र व्यवस्थपकों की बर्चुअल मीटिंग की गयी, बर्चुअल मीटिंग में जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार तथा अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) विशु राजा ने सभी केन्द्र व्यवस्थपकों को परीक्षा केन्द्र में लगे सी०सी०टी०वी० कैमरो 247 घण्टे ऑनलाइन रखने को निर्देशित किया तथा परीक्षा केन्द्रों में बने स्ट्रांग रूप में रखी चारों लोहे की अलमीरा में डबल लॉक लगाने तथा डबल लॉक अलमीरा के मुंह सी०सी०टी०वी० कैमरा की तरफ करने के निर्देश दिये, जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूप का गेट पूरी तरह से सी०सी०टी०बी० कैमरा में दिखें तथा परीक्षा केन्द्र पर सभी सी०सी०टी०वी० कैमरें की लोकेशन ठीक करने के भी निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र वितरित

**समाज जागरण–ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! अरांव खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय के प्रागंण में गुरुवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री आवास के 137 लाभार्थियों



को स्वीकृति पत्र वितरण का भव्य आयोजन तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुमित प्रताप सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि उदयप्रताप सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी तथा कमलेश राजपूत ब्लाक प्रमुख द्वारा निराश्रित महिला, द्विव्यांग लाभार्थी, बंजारा समाज लाभार्थी तथा देवीय आपदा से प्रभावित हुए व्यक्तियों को मुख्य मंत्री आवास के स्वीकृत पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम में शिवगोविन्द सिंह खण्ड विकास अधिकारी, राजेश कुमार सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास), दिग्गविजय सिंह, कल्यानसिंह लेखाकार, अनिकेत कुमार कनिष्ठ लिपिक, मोहित यादव, अफजल सिद्दकी, एवं समस्त पंचायत सचिव मौजूद रहे।

# टीएमयू के फामेर्सी, एग्रीकल्चर और मेडिकल कॉलेजों की क्रिकेट मुकाबलों में जोरदार जीत

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित इंटरकॉलिजिएट चैंपियनशिप- 2026 के आधा दर्जन क्रिकेट मुकाबलों में फामेर्सी कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज और मेडिकल कॉलेज की टीमों ने धमाकेदार जीत दर्ज की। फामेर्सी कॉलेज ने फिजियोथैरेपी कॉलेज को 44 रनों, एग्रीकल्चर कॉलेज ने डेंटल कॉलेज को 115 रनों और मेडिकल कॉलेज ने फाइन आर्ट्स कॉलेज को 09 विकेट से मात देते हुए मुकाबले अपने नाम किए। फामेर्सी और फिजियोथेरेपी के मुकाबले में फामेर्सी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। फामेर्सी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 151 रनों का पहाड़नुमा स्कोर बनाया। फॉमेर्सी की ओर से बल्लेबाज वीरेंद्र ने 31 गेंदों में 69 की तूफानी पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 2 बेहतरीन छक्के शामिल रहे। फिजियोथैरेपी की तरफ से सलमान ने 1 विकेट अपने नाम किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फिजियोथेरेपी की टीम 12 ओवर में महज 106 रन बना पाई। फिजियोथेरेपी की ओर से फैजल ने 4 चौके की मदद से 35 रनों की पारी खेली। फामेर्सी की तरफ से आदित्य ने 3 ओवरों में 3 विकेट चटकाए। फामेर्सी के वीरेंद्र को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे और मुकाबलों में पैरामेडिकल कॉलेज ने नर्सिंग कॉलेज, एजुकेशन कॉलेज ने लॉ कॉलेज और मैनेजमेंट कॉलेज ने इंजीनियरिंग कॉलेज को हराया।



एग्रीकल्चर और डेंटल कॉलेज के मुकाबले में डेंटल कॉलेज का टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय बहुत महंगा साबित हुआ। एग्रीकल्चर की टीम ने ये मुकाबला 115 रनों से अपने नाम किया। एग्रीकल्चर ने 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 179 का विशाल स्कोर खड़ा किया। एग्रीकल्चर की तरफ से हर्ष राज ने 17 गेंदों में 5 चौके और 5 छक्के की मदद से 54 रनो की ताबड़तोड़ पारी खेली। हर्ष को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए मन ऑफ द मैच चुना गया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेंटल की टीम पूरे 12 ओवर खेलते हुए 9 विकेट के नुकसान पर महज 64 रनों पर ही ढेर हो गई। एग्रीकल्चर की ओर से अजहर ने 2 ओवर में 3 विकेट, जबकि डेंटल की ओर से अक्षित ने 18 रनों की पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इस धमाकेदार जीत के साथ एग्रीकल्चर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई हुआ।



फाइन आर्ट्स कॉलेज और मेडिकल कॉलेज के मुकाबले में मेडिकल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। 12-12 ओवर के इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए फाइन आर्ट्स की टीम 9 विकेट के नुकसान पर महज 59 रन ही बना सकी। फाइनआर्ट की तरफ से मुस्तफा ने 13 रन 11 गेंदों में 1 चौके की मदद से 13 रन बनाए और टीम के सबसे सफल बल्लेबाज साबित हुए। मेडिकल की तरफ से अभय सिंह ने 2 ओवर में 3 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल की टीम ने मात्र 6.1 ओवरों में 1 विकेट खोकर 60 रनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। फाइन आर्ट्स की ओर से 1 मात्र विकेट आकाश कोहली के नाम रहा। मेडिकल की ओर से शिवम ने 13 गेंदों में 18 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। इस दौरान शिवम ने कुल 2 चौके जड़े। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मेडिकल के अभय सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा को मिला बिजनेस एक्सीलेंस अवाड्र्स, व्यापार जगत में खुशी की लहर

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। व्यापार को बढ़ावा देने की पहल के तहत व्यापार जगत की नामचीन हस्तियों को अमर उजाला बिजनेस एक्सीलेंस अवाड्र्स 2026 से सम्मानित किया गया। इसका आयोजन होटल रैडिसन डेरा क्रीक दुबई.यूएई में किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित समारोह में प्रभात नमकीन एंड स्नैक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा को उनके उत्कृष्ट व्यावसायिक योगदान के लिए बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। इस समारोह में रिटेल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कुल 35 उत्कृष्ट उद्यमियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अवार्ड विजेताओं को नेटवर्किंग, बिजनेस इंटरैक्शन और सम्मान समारोह का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार टाइटल स्पॉन्सर के रूप में जुड़ी है, जबकि ओमेक्स 'पावर्ड बाय' पार्टनर है। वहीं, 'द प्रॉपर्टी क्लिनिक' इस कार्यक्रम में भरोसेमंद प्रॉपर्टी पार्टनर की भूमिका निभा रहा है।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, सैकड़ों मरीजों ने उठाया लाभ

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)** क्षेत्र के गांव भारसी में ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी आंखों की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का लाभ उठाया। जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार के आह्वान पर आयो जित शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने फीता काटकर किया। शिविर में ए.डी. के जैन नेत्र अस्पताल, खेकड़ा ( बागपत) से आई विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की आंखों की गहन जांच की। टीम में शामिल डॉ. सुधीर कुमार एवं डॉ. चांदवीर ने कैंप ऑर्गेनाइजर सानिया और मीनाक्षी विटी के सहयोग से मरीजों का परीक्षण किया। जांच के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं, जबकि जरूरतमंद मरीजों को चश्मे भी प्रदान किए गए। इस



अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी को देखते हुए ऐसे शिविर बेहद जरूरी हैं, जिससे लोगों को समय पर जांच और उपचार मिल सके। वहीं उद्घाटन अवसर पर मौजूद आर एलडी जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवा के ऐसे कार्यों से जरूरतमंद लोगों को सीधा लाभ मिलता है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य अरविंद पवार, चौधरी राज वीर सिंह, सोमपाल पवार, जय कुमार, कपिल पवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में आंखों से संबंधित बीमारियों की समय रहते पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि लोग बेहतर दृष्टि और स्वस्थ जीवन जी सकें।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, देवर-भाभी घायल, कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।** कस्बे की इदरीश बेग विहार कॉलोनी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक पक्ष के देवर और भाभी घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।
इदरीश बेग विहार कॉलोनी निवासी नरगिस पुत्री शरीफ ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर पर बैठी थी। इसी दौरान उसकी भाभी अंजुम से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर अंजुम ने अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद पहुंचे लोगों ने नरगिस के भाई छोटे और भाभी साहिना के साथ मारपीट कर दी,



जिससे दोनों घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर नई बस्ती मुस्तफाबाद निवासी एक महिला साजिदा पत्नी शमशाद ने भी थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि छोटे और सद्दाम ने उसके साथ मारपीट की है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि जांच के उपरांत दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हाईटेंशन लाइन से 1770 मीटर तार चोरी, ट्रांसफार्मर भी किया क्षतिग्रस्त, मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गांव गढ़ी रक्खा से ट्रांसफार्मर से सामान चोरी करने और कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से 1770 मीटर तार चोरी के मामलों में विद्युत विभाग के अवर अभियंताओं ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा एलम के बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से करीब 1770 मीटर तार चोरी कर लिया। तार चोरी होने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई और विभाग को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं दूसरी ओर गांव गंगेरू के बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता किशोर कुमार ने भी थाने पर तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी रक्खा में किसान मूला पुत्र मुखराम के खेत में लगे ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि चोर ट्रांसफार्मर से तेल सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। दोनों अवर अभियंताओं द्वारा दी गई तहरीरों के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और चोरों की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायगा।

# रेंजर्स के लिए एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**

कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस पर शिविर का शुभारंभ वी फॉर्मेशन में माहाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ब्रजभूषण द्वारा ध्व जारोहण के साथ किया गया। प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स ने बीपी सिक्स व्यायाम एवं योगा किया।शिविर की प्रथम पहर में रेंजर्स के लिए एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, देश भक्ति, देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मुस्कान सैनी द्वितीय स्थान पर अन्नू एवं तृतीय स्थान पर रही। शिविर के दूसरे पहर सहभोज के अंतर्गत समस्त महा विद्यालय परिवार ने रेंजर्स के साथ सहभोज किया।
महाविद्यालय की प्राचार्य महोदय ने रेंजर्स द्वारा आयोजित सहभोज की सराहना की। इसके साथ रेंजर्स प्रशिक्षक गीता रानी एवं सहायक गायत्री ने रेंजर्स को खोज के चिन्ह, सीटी के संकेत, अनुमान लगाना, गांठ बांधना टेंट लगाना आदि संबंधित जानकारी दी। यह सभी कार्यक्रम रेंजर्स प्रभारी डॉक्टर अंकिता त्यागी के निर्देशन में किए गए।

# काली नदी किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)** थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में स्थित काली नदी के किनारे लगभग 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह के समय नदी किनारे शव पड़े होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से



पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद कोई भी व्यक्ति शव की शिनाख्त नहीं कर सका। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष के आसपास बताई जा रही है और शव कुछ समय से पड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने घटना स्थल पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। मृतक की पहचान सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस ने शव के फोटो जनपद के सभी थानों के साथ-साथ आसपास के जनपदों के थानों में भी भेज दिए हैं। इसके अलावा गुमशुदगी की रिपोर्टों का भी मिलान कराया जा रहा है, ताकि मृतक की पहचान हो सके। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस मृतक की शिनाख्त कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पहचान होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# निर्दयी मां ने नवजात बेटी को कूड़े के ढेर पर फेंका

## — कपड़े में लपेटी गई थी नवजात, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**समाज जागरण**
**शामली कैराना।(फुरकान जंग )**क्षेत्र में एक निर्दयी मां ने अपनी नवजात बेटी को कपड़े में लपेटकर गांव के बाहरी छोर पर कूड़े के ढेर पर फेंक दिया। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर खेल रहे बच्चों ने परिजनों को सूचित किया, जिसके बाद ग्रामीणों ने बच्ची को बचा लिया। पुलिस और चाइल्ड लाइन की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्ची को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। बुधवार शाम गांव मल कपुर के बाहरी छोर पर कुछ बच्चे खेल रहे थे। अचानक कूड़े के ढेर से नवजात शिशु की रोने की आवाज सुनाई दी। बच्चों ने तुरंत घर जाकर अपने परिजनों को बताया। इसके बाद मौके पर पहुंची महिलाओं ने कपड़ा खोलकर देखा, तो उसमें एक नवजात बेटी बिलख रही थी।



ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान एक महिला ने कहा कि उसके तीन बेटियां हैं और वह इस नवजात बच्ची को गोद लेने को तैयार है। सूचना के बाद चाइल्ड लाइन की टीम ने बच्ची को अपने संरक्षण में लेते हुए शामली जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसकी देखभाल की जा रही है।वहीं, बच्ची के मिलने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अभी तक पुलिस को यह पता नहीं चल सका है कि नवजात बच्ची को किसने फेंका। लोगों में चर्चा है कि यह किसी अविवाहित (बिन ब्याही) मां का कृत्य हो सकता है या फिर लड़कियों के बोझ से तंग आकर किसी महिला ने यह कदम उठाया हो। पुलिस जांच–पड़ताल में जुट गई है।

# सीआईए ने भैंस चोरी में एक पकड़ा

**समाज जागरण**
कैराना। हरियाणा सीआईए टीम ने भैंस चोरी के मामले में नगर में दबिश देकर एक आरोपी को हिरासत में लिया। टीम आरोपी को अपने साथ ले गई। गुरुवार को हरियाणा के जनपद करनाल की सीआईए–1 में तैनात एसआई मदन ने अपनी टीम के साथ कैराना कोतवाली पहुंचकर आमद दर्ज कराई। बताया जाता है कि सीआईए भैंस चोरी के मामले में एक आरोपी को भी लिए हुए थी, जिसे पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया है। टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से नगर के मोहल्ला रेतावाला में दबिश दी। इस दौरान एक आरोपी रिजवान को हिरासत में लिया। बाद में हरियाणा पुलिस आरोपी को अपने साथ ले गई।

# युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती लापता हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ऊंचागांव निवासी एक ग्रामीण ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया है कि जनपद सहारनपुर के गंगोह थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली की उसकी ममेरी बहन उसके घर पर रहती थी, जिसकी उम्र लगभग 21 वर्ष है और वह मंगलवार को घर से कहीं चली गई है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। आशंका जताई है कि किसी अज्ञात के साथ चली गई है। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध मिट्टी खनन पर छापेमारी, जेसीबी जब्त

**समाज जागरण**

कैराना। एसडीएम ने अवैध मिट्टी खनन पर छापेमारी की। मौके से एक जेसीबी मशीन को पकड़ लिया, जबकि चार ट्रैक्टर ट्रॉली चालक लेकर फरार हो गए। कार्रवाई से मिट्टी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। गुरुवार को गांव मन्नामाजरा के निकट अवैध मिट्टी खनन की शिकायत पर उपजिलाधिकारी निधि भारद्वाज ने अपनी टीम के साथ छापेमारी की। टीम को देखकर चार ट्रैक्टर ट्रॉली मौके से भाग गई, जबकि जेसीबी मशीन को पकड़ लिया गया। इसके बाद जेसीबी मशीन को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। एसडीएम ने बताया कि अवैध मिट्टी खनन के मामले में जेसीबी मशीन को पकड़ा गया है। जबकि ट्रैक्टर ट्रॉलियों के बारे में जानकारी की जा रही है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# दस फरवरी को होगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन

**समाज जागरण शामली। (फुरकान जंग)**

सीएमओ डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि जनपद शामली में आगामी 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल निशुल्क खिलाई जाएगी। सीएमओ ने बताया कि यह दवा सभी सरकारी व निजी स्कूलों, मदरसों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को 200 मिलीग्राम, आधी गोली तथा 2 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 400 मिलीग्राम की एक गोली चबाकर या पीसकर खिलाई जाएगी। जो बच्चे किसी कारणवश 10 फरवरी को दवा नहीं ले पाएंगे, उन्हें 13 फरवरी को आयोजित मॉप-अप दिवस पर दवा दी जाएगी।उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को मिनाशक दवा अवश्य दिलाएं, ताकि कृमि जनित रोगों जैसे रक्ताल्पता (एनीमिया) और कुपोषण से बचाव हो सके तथा बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास सामान्य रूप से हो। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# फर्जी प्रमाण पत्र के माध्यम से मतदाता सूची में नाम शामिल कराने का आरोप

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

क्षेत्र के गांव महावतपुर निवासी एक व्यक्ति ने डीएम को शिकायती पत्र देकर फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर मतदाता सूची में नाम सम्मलित करने का आरोप लगाया है। गुरूवार को यशपाल पुत्र जयपाल ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के गांव महावतपुर में एक टीम द्वारा जिसमें मोहित, वीरेन्द्र, रजनीश, तथा जन सेवा केन्द्र संचाक विपिन पुंडीर द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र तैयार किए जा रहे है। जिसमें कुछ लोगों के नाम मतदाता सूची में सम्मलित किए गए है। उन्होने उक्त मामले की जांच कराकर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की है।

# आयुष्मान कार्ड के माध्यम से फजीर्वाड़ा कर रुपए निकालने का आरोप

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

आयुष्मान कार्ड के माध्यम से फजीर्वाड़ा कर रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पीडित ने आरोप लगाया कि उक्त हॉस्पिटल की एक महिला ने दो हजार रुपए का लालच देकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।
जनपद बागपत के ग्राम राजपुर खाम पुर, थाना बड़ौत निवासी गुलशार पुत्र जमशेद ने गुरूवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसने 29 जनवरी 2026 को अपनी पत्नी फरहीन की शारीरिक जांच ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल, कैराना रोड शामली में अपने खर्च पर कराई थी, जिसमें कोई गंभीर बीमारी नहीं पाई गई थी। आरोप है कि पत्नी के मायके ताजपुर सिम्भालका निवासी आशा नामक महिला ने पीडित को बिना बताए उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर और 2000 रुपये का लालच देकरद अगले दिन 30 जनवरी को शहर के एमएसके रोड स्थित देव हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। बताया कि उक्त महिला प्रतिदिन सुबह पत्नी को अस्पताल ले जाती और शाम को घर छोड़ देती थी। 3 फरवरी को अस्पताल से छुट्टी करा दी गई और पत्नी को 2000 रुपये भी दिए गए, जिसकी रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है।
आरोप लगाया कि आशा और अस्पताल की मिलीभगत से उसकी पत्नी के आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग कर फर्जी तरीके से रुपये निकाले गए हैं, जबकि पत्नी को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी। गुलशार ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर संबंधित महिला व अस्पताल के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# महिलाओं से कमेटी के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी, एसपी को शिकायत

**समाज जागरण**

**शामली।(फुरकान जंग)** थानाभवन क्षेत्र के कस्बा जलालाबाद की महिलाओं ने गुरूवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके साथ कमेटी के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी की गई। जिसमें एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई। पीडित महिलाओं ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।
थानाभवन व जलालाबाद निवासी महिलाओं हजजो, फातिमा, गुला फशा, नुसरत, हीना, रानी, आसमा, लडडो, आशा, गुललो, अंजुम ने गुरूवार को एसपी एनपी सिंह को दिए शिकायती पत्र में बताया कि कस्बा जलालाबाद निवासी कुछ लोगों ने कथित रूप से गैंग बनाकर गरीब लोगों से कमेटी के नाम पर



करोड़ों रुपये एकत्र कर लिए। आरोप है कि रकम लेने के बाद न तो पैसा वापस किया गया और न ही कमेटी का भुगतान किया गया, जिससे सैकड़ों परिवार आर्थिक संकट में आ गए हैं। पीड़ितों का कहना है कि इस संबंध में करीब एक वर्ष पूर्व भी शिकायत की गई थी, जिस पर थाना थानाभवन में मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन अब तक न तो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और न ही पीड़ितों को उनका पैसा वापस मिल सका। शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मुकदमे के आरोपी उन्हें धमकी दे रहे हैं और फर्जी मुकदमों में फंसाने की बात कह रहे हैं। पीड़ितों ने एसपी से मामले में निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा ठगी गई रकम वापस दिलाने की मांग की है।

# ट्रैफिक पुलिस पर अनावश्यक रूप से बाइकों के चालान करने का आरोप

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)** शहर के दर्जनों लाइनमैनो ने एसडीओ के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर ट्रेफिक पुलिस पर अनावश्यक रूप से बाइकों के चालान काटने का आरोप लगाया है। उन्होने बताया कि लाइनमैन शहर के बीच लगातार पेट्रोलिंग करते है, जिस कारण अक्सर वह हेलमेट का प्रयोग नही कर पाते है। उन्होने शहर के बीच चालानी कार्यवाही न करने की मांग की है। गुरूवार को विद्युत विभाग के एसडीओ विनीत कुमार, जेई जोकन चौहान के नेतृत्व में विद्युत विभाग के दर्जनों लाईनमैन एसपी कार्यालय पर पहुंचे। जहां लाईनमैनों ने प्रदर्शन भी किया। इस दौरान उन्होने एसपी एनपी सिंह से मुलाकात करते हुए बताया कि वह बिजली फाल्ट ठीक करने के लिए दिनभर शहर के बीच पेट्रोलिंग करते है, लेकिन एक स्थान से दूसने स्थान



पर जाते समय शहर के बीच खडे ट्रेफिक पुलिसकर्मी उनकी बाइकों के चालान कर देते है। उन्होने आरोप लगाया कि ट्रेफिक पुलिस अधिकारियों को शिकायत करने और अपना परिचय देने के बावजूद कार्यवाही की जा रही है। जिससे उनको आर्थिक हानि हो रही है। उन्होने एसपी से मांग की कि शहर के बीच बाइक सवारों के चालान न काटे जाये और यदि वाहनों पर कोई भी वाहन चालक गलती करते है तो कार्यवाही की जाये। इस अवसर पर राजकिरण, मुबारिक चौहान, राहुल कुमार, लोकिन्द्र कुमार, रवि, राहुल, राकेश, वाजिद, काला, राजीव, जोगिंदर, विशाल, इंदरपाल, इंद्र सिंह, महेंद्र आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

**समाज जागरण**
**झिंझाना। (फुरकान जंग)** बृहस्पतिवार को मेरठ करनाल हाईवे पर ग्राम सिंगरा के नजदीक एक तेज गति से आ रही स्कार्पियो गाड़ी के सामने अचानक एक बाइक सवार आ गया जिस कारण दोनों की जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर इकट्ठे हुए ग्रामीण और कार चालक ने तुरंत उसे शामली हॉस्पिटल में भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। बृहस्पतिवार की दोपहर मेरठ करनाल हाईवे पर ग्राम सिंगरा के नजदीक जैसे ही स्कार्पियो चालक निर्मल कुमार अपनी गाड़ी CH 01CK 9842 को लेकर पहुंचा जो करनाल से शामली की तरफ आ रहा था तभी पेट्रोल पंप से तेल डलवा कर रियासत पुत्र शमशाद निवासी साल्हापुर अपनी बाइक HR 40F 3070 को रॉन्ग साइड में ले आया



अचानक रॉन्ग साइड में आने के कारण बाइक और स्कॉर्पियो गाड़ी की जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें रियासत को काफी गंभीर चोटे भाई मौके पर इकट्ठा हुई पब्लिक और स्कार्पियो सवार निर्मल कुमार ने तुरंत रियासत को गाड़ी में डालकर शामली के निजी अस्पताल में भिजवाया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है। परिजनों को सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए स्कॉर्पियो के चालक ने दिखाई इंसानियत, वही मौके पर मौजूद कुछ ग्रामीणों ने बताया कि स्कार्पियो सवार अपनी साइड में सही से गाड़ी चला रहा था। अचानक रॉन्ग साइड से आई बाइक के चालक की गलती के कारण यह दुर्घटना हुई, लेकिन फिर भी स्कार्पियो सवार मौके से नहीं भागा और उसने इंसानियत दिखाते हुए ग्रामीणों की मदद से रियासत को अपनी गाड़ी से शामली हॉस्पिटल में भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है

# जिलाधिकारी ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने गुरुवार को कृषि विज्ञान केंद्र जलालपुर का औचक निरीक्षण कर केंद्र पर संचालित विभिन्न गति विधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्र के प्रभारी डॉ. संदीप चौधरी ने जिलाधिकारी को केंद्र की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराते हुए वहां संचालित योजनाओं और किसानों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान डीएम ने क्रॉप कैफेटेरिया, पोषण वाटिका, सघन अमरूद बागवानी, प्राकृतिक खेती इकाई तथा गन्ना स्वास्थ्य क्लिनिक का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जनपद के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती और जैविक खाद के उपयोग के प्रति



जागरूक किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान सहनिदेशक उद्यान डॉ. ओंकार सिंह ने क्रॉप कैफेटेरिया एवं अमरूद की सघन बागवानी के बारे में जानकारी दी। वहीं पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार ने गन्ना स्वास्थ्य क्लिनिक के माध्यम से किसानों को दी जा रही सलाह और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में बताया। गृह वैज्ञानिक डॉ. कविता भट्ट ने पोषण वाटिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसानों को अपने घरों में पोषण वाटिका स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीएम ने केंद्र द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी किसानों के कल्याण के लिए और प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वाहन चोरी एवं मादक पदार्थ तस्करी में वांछित गिरफ्तार

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)** शहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी और मादक पदार्थ तस्करी के मामले में वांछित चल रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गत 9/10 नवंबर 2025 की रात्रि में अभियुक्त आशू पुत्र अनिल निवासी ग्राम सालाखेड़ी थाना तितावी, जनपद मुजफ्फरनगर को तीन चोरी की बाइकों तथा एक बाइक के पार्ट्स सहित गिरफ्तार किया गया था। वहीं 29 अक्टूबर को अभियुक्त कपिल पुत्र अशोक निवासी ग्राम लिलौन थाना कोतवाली शामली को 204 ग्राम अवैध स्मैक के साथ पकड़ा गया था। इन दोनों मामलों में ग्राम



लिलौन निवासी सूरज पुत्र अरविंद वांछित चल रहा था।वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए शहर कोतवाली पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में गुरुवार को चेकिंग अभियान के दौरान अभियुक्त सूरज पुत्र अरविंद निवासी ग्राम लिलौन को गिरफ्तार कर लिया।

# न्यू एरा स्कूल के छात्रों ने मेरठ में जीते तीन पदक

**समाज जागरण बिनौली।** मेरठ में हुई एस एम एस ए शूटिंग चैम्पियनशिप में बिनौली के न्यू एरा वर्ल्ड स्कूल के तीन छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करके तीन पदक जीते है। प्रधानाचार्या मीनू सिरोही ने बताया कि बुधवार को मेरठ में हुई इस शूटिंग चैम्पियनशिप में स्कूल के पांच विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा 4 के अबीर सोलंकी ने दस मीटर एयर पिस्टल लिटिल चैम्प स्पर्धा में रजत पदक और ट्राफी, कक्षा 7 के अनुराग शर्मा ने दस मीटर एयर पिस्टल सबयूथ मेन में रजत पदक और कक्षा 7 के अंश राणा ने भी इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। वहीं चैम्पियनशिप में कक्षा 11 के भरत प्रताप और संयम मैत्रे ने भी उत्कर्ष प्रदर्शन किया। बृहस्पतिवार को स्कूल में पदक विजेताओं को चेयरमैन यतेश चौधरी, डायरेक्टर डॉ. शिवानी चौधरी ने मेडल पहनाकर और प्रमाण देकर स्वागत करके उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अनुभव पुनिया, कोच दीपक, देवेश, सौराज सिंह आदि उपस्थित रहे।



# सही दिनचर्या, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ तैयारी की जाए, तो सफलता निश्चित है - डॉ प्रदीप कुमार

**समाज जागरण**

बड़ौत। बोर्ड परीक्षाएँ जीवन का वह पड़ाव होती हैं, जहाँ विद्यार्थी अपने भविष्य को लेकर सबसे अधिक दबाव महसूस करते हैं। अच्छे अंक लाने की चिंता, समय की कमी और अपेक्षाओं का बोझ कई बार छात्रों को मानसिक तनाव की ओर ले जाता है। लेकिन यह समझना बहुत जरूरी है कि परीक्षा केवल ज्ञान की जाँच है, जीवन की नहीं। यदि सही दिनचर्या, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ तैयारी की जाए, तो सफलता निश्चित है। मेंटोर एवं करियर काउंसलर डॉ. प्रदीप कुमार का कहना है कि बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का तनाव नहीं लेना चाहिए। तनाव से न तो स्मरण शक्ति बेहतर होती है और न ही प्रदर्शन। इसके बजाय संतुलित दिनचर्या अपनाकर विद्यार्थी अपने सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. प्रदीप कुमार विद्यार्थियों को प्रतिदिन निम्न प्रकार से समय प्रबंधन करने की सलाह देते हैं–8 घंटे की अच्छी और गहरी नींद लें, ताकि मस्तिष्क तरोताजा रहे। 9 घंटे की पढ़ाई को छोटे-छोटे हिस्सों में बाँटकर करें, इससे थकान नहीं होगी। 3 घंटे परिवार के साथ बिताएँ, इससे भावनात्मक सहारा और आत्म विश्वास बढ़ता है। 1 घंटा ईश्वर की पूजा या आत्मचिंतन के लिए रखें, जिससे मन शांत और सकारात्मक बना रहे। 1 घंटा संगीत सुनें, यह तनाव कम करने का सबसे सरल उपाय है। 1 घंटा व्यायाम और मेडिटेशन करें, इससे एकाग्रता और ऊर्जा दोनों बढ़ती हैं। 1 घंटा स्वयं की देखभाल के लिए रखें, जैसे स्वच्छता, हल्का टहलना या पसंदीदा गतिविधि। डॉ. प्रदीप कुमार बताते हैं कि विद्यार्थियों को जो भी पाठ्य सामग्री याद है, उसे प्रतिदिन लिखने का अभ्यास करना चाहिए। इससे उत्तर प्रस्तुति बेहतर होती है, लिखने की गति बढ़ती है और परीक्षा के समय घबराहट कम होती है। केवल पढ़ना ही नहीं, बल्कि लिखकर अभ्यास करना ही वास्तविक तैयारी है। बोर्ड परीक्षा किसी डर का कारण नहीं, बल्कि स्वयं को साबित करने का एक अवसर है। सकारात्मक सोच, नियमित अभ्यास और संतुलित जीवनशैली अपनाकर हर विद्यार्थी सफलता की ओर बढ़ सकता है। याद रखें आपका आत्मविश्वास ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है। तनाव छोड़िए, विश्वास रखिए और पूरे मन से प्रयास कीजिए सफलता आपके साथ होगी।



# सफाईकर्मियों को कंबल वितरित किए

**समाज जागरण**

बागपत। भारतीय रेड क्रॉस समिति, जनपद बागपत द्वारा जिलाधिकारी अस्मिता लाल की प्रेरणा से जिला संयुक्त अस्पताल, बागपत में कार्यरत 40 सफाई कर्मियों को कंबल वितरित किए गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में जिला संयुक्त अस्पताल के सीएमएस एवं अधीक्षक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, जिला रेड क्रॉस समिति के सचिव अभिमन्यु गुप्ता, सभापति पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. मयंक गोयल, जिला पर्यावरण अधिकारी आशुतोष मित्तल, जिला अस्पताल प्रबंधक डॉ. चैतन्य जैन, फार्मासिस्ट डॉ. मुकेश शर्मा एवं अकाउंटेंट ललित कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस समिति मानवता की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है जिला महासचिव अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की रेड क्रॉस बागपत जरूरतमंद वर्गों के कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत है।



# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सी डी एस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी

**समाज जागरण बागपत।** शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित की गई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जिला संयोजक गजे सिंह चौहान ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय में तृतीय स्थान पर आने वाले आने वाले छात्रों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कक्षा 5 में प्रथम स्थान पर आयुष पाल दिल्ली नेशनल पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर प्रिया ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवी कला तृतीय स्थान पर कुनालिका यादव विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल मवी कला तथा कक्षा 6 में प्रथम स्थान पर लक्षिता सी डी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी द्वितीय स्थान पर दक्ष सी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी तृतीय स्थान पर सरस धामा सी डी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी कक्षा 7 में प्रथम स्थान पर वंशिका ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल गौरीपुर द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी विद्या ज्योति पब्लिक स्कूल मवी कला तृतीय स्थान पर आरुषि चौधरी ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल मवी कला कक्षा आठ में प्रथम स्थान पर दीक्षा परिवर्तन ग्लोबल स्कूल केर का द्वितीय स्थान पर परी परिवर्तन ग्लोबल स्कूल केर का तृतीय स्थान पर पूर्वी सी डी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी कक्षा 9 में प्रथम स्थान पर वासुदेव ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल गौरीपुर द्वितीय स्थान पर अक्षित सी डी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी तृतीय स्थान पर शिवा आदर्श माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव कक्षा 10 में प्रथम स्थान पर खुशी पवार सरदार पटेल इंटर कॉलेज बड़ी द्वितीय स्थान पर आंचल कुमारी सरदार पटेल इंटर कॉलेज बड़ी तृतीय स्थान पर ज्योति आदर्श माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव कक्षा 11 में प्रथम स्थान पर वंशिका आदर्श भारतीय इंटर कॉलेज दत्तनगर द्वितीय स्थान पर शगुन आदर्श भारतीय इंटर कॉलेज दत्तनगर तृतीय स्थान पर वर्तिका श्री नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज पिलाना कक्षा बारह में प्रथम स्थान पर सोफिया आदर्श इंटर कॉलेज डोला द्वितीय स्थान पर शीतल सी डी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी तृतीय स्थान पर वंशिका सी डी एस पब्लिक स्कूल हसनपुर मसूरी रहे।

# निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनावों के लिए नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों को कार्य संबंधित जानकारी दी

निर्वाचन आयोग ने आज असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में आगामी विधान सभाओं चुनावों के लिए नियुक्त किए जाने वाले सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में 714 सामान्य पर्यवेक्षक, 233 पुलिस पर्यवेक्षक और 497 व्यय पर्यवेक्षकों सहित 1,444 अधिकारी शामिल हो रहे हैं। ये बैठकें नई दिल्ली स्थित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान - आईआई आई डीईएम में 5 और 6 फरवरी, 2026 को तीन चरणों में आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों को जानकारी दी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें चुनाव आयोग के मार्गदर्शक के रूप में चुना गया है और पर्यवेक्षकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां चुनाव होने वाले हैं वहा उनकी उपस्थिति से उन 824 निर्वाचन क्षेत्रों में संपूर्ण चुनाव तंत्र को ऊर्जा मिलेगी

चुनाव आयुक्त डॉ. एस.एस. संधू ने पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें क्षेत्र में कार्यरत चुनाव अधिकारियों के मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्हें अपने आगमन की व्यापक रूप से सूचना देनी चाहिए और सुलभ रहना चाहिए, ताकि मतदाताओं की शिकायतों का शीघ्र निवारण हो और पक्षपात की आशंका न रहे। चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि पर्यवेक्षकों को सुनिश्चित करना होगा कि चुनाव आयोग के निदेशों का पूर्णतया पालन हो तथा निष्पक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखा जाए। डॉ. जोशी ने मतदाताओं को समय पर मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) वितरित करने का भी निर्देश दिया ताकि मतदान के दिन उन्हें कोई असुविधा न हो। आयोग ने पर्यवेक्षकों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया। आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने पर्यवेक्षकों को मतदाता सूची तैयार करने और पांच चुनाव कराए जाने वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में चुनाव के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। सत्र के दौरान पर्यवेक्षकों को आईटी अनुप्रयोगों और प्लेटफार्मों के साथ ही मीडिया संबंधी मामलों से अवगत कराया गया।

केंद्रीय पर्यवेक्षकों को सभी चुनाव कानून, नियमों और दिशा-निर्देशों से भलीभांति परिचित होने और आयोग को सीधे जानकारी देने के लिए कहा गया ताकि उनका कड़ाई से और निष्पक्ष रूप से नियमों का अनुपालन सुनिश्चित हो। पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध रहने और मतदाताओं की शिकायतों का समय पर निवारण करने के निर्देश दिए गए। पर्यवेक्षकों को मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा हाल ही में की गई पहल विशेष रूप से सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं के कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया

संविधान के अनुच्छेद 324 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20बी द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत आयोग निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने में सहायता हेतु केंद्रीय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करता है। ये पर्यवेक्षक जमीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया के कुशल और प्रभावी प्रबंधन की निगरानी करते हैं।

# नदियों को परस्पर जोड़ा जाना और प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं

राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (एनपीपी) के अंतर्गत चिन्हित नदियों को आपस में जोड़ने वाली (आईएलआर) 30 परियोजनाओं में से 26 लिंक की व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफआर) और 13 लिंक की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूर्ण कर ली गई हैं। इसके अतिरिक्त, एनपीपी के अंतर्गत कोई भी नदियों को आपस में जोड़ने वाली परियोजना जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र से संबंधित नहीं है। देश में पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत/अनुमोदित की गई या प्रगति दर्ज करने वाली नदियों को आपस में जोड़ने वाली परियोजनाओं की स्थिति, जिनमें गोदावरी-कृष्णा नदी लिंक, कृष्णा (अलमट्टी)-पेन्नार लिंक, बेदती-वरदा लिंक, नेत्रावती-हेमावती लिंक और केन-बेतवा लिंक शामिल हैं, का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

केन-बेतवा लिंक परियोजना एकमात्र प्राथमिकता वाली परियोजना है जो कार्यान्वयन चरण में प्रवेश कर चुकी है। इसकी अनुमानित लागत 44,605 करोड़ रुपए है, जिसमें 39,317 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता शामिल है। पोलावरम सिंचाई परियोजना (पी आईपी), जिसमें गोदावरी (पोला वरम)-कृष्णा (विजयवाड़ा) लिंक शामिल है, को कुल 20,658 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता प्राप्त हुई है। उत्तर कोयल जलाशय परियोजना एक अंतरराज्यीय प्रमुख सिंचाई परियोजना है जिसका कमान क्षेत्र बिहार और झारखंड राज्यों में फैला हुआ है। परियोजना की स्वीकृत लागत 2,430.76 करोड़ रुपए है, जिसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 1,836.41 करोड़ रुपए शामिल है। परियोजना के पूरा होने की संशोधित समयावधि जून 2026 है। उक्त परियोजना की सिंचाई क्षमता 1,14,021 हेक्टेयर है। नदियों को आपस में जोड़ने वाली प्रत्येक परियोजना के लिए व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफआर) और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करते समय पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) किया जाता है, ताकि नदी तटवर्ती समुदायों सहित सभी समुदायों पर पड़ने वाले पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक प्रभावों का आकलन किया जा सके। प्रचलित कानूनों के अनुसार आवश्यक वैधानिक पर्यावरणीय और वन्यजीव संबंधी स्वीकृतियां प्राप्त की जाती हैं। सहभागी राज्यों द्वारा कार्यान्वयन समझौतों पर हस्ताक्षर करने के बाद, केंद्रीय सहायता के मूल्यांकन और विचार के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाते हैं। केंद्र और राज्यों के बीच लागत साझाकरण व्यवस्था एक समान नहीं है और प्रत्येक परियोजना के लिए अलग-अलग निर्धारित की जाती है। सिंचाई क्षमता, पेयजल उपलब्धता और समग्र क्षेत्रीय जल सुरक्षा से संबंधित इन परियोजनाओं के संभावित लाभों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है। पारदर्शिता, पारिस्थितिक स्थिरता और समान जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए, आईएलआर कार्यक्रम को नदियों को आपस में जोड़ने संबंधी विशेष समिति (एससीआईएलआर), राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्ल्यूडीए) के शासी निकाय और नदियों को आपस में जोड़ने संबंधी कार्य बल (टीएफ आईएलआर) जैसे मजबूत संस्थागत तंत्रों द्वारा निर्देशित किया जाता है। ये मंच राज्यों को तकनीकी, पर्यावरणीय, सामाजिक और जल बंटवारे संबंधी पहलुओं की समीक्षा करने में सक्षम बनाते हैं। एनडब्ल्यूडीए की सभी अध्ययन रिपोर्टें राज्यों के साथ टिप्पणियों के लिए साझा की जाती हैं, जिन्हें विधिवत रूप से शामिल किया जाता है।

# केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय ने अगली पीढ़ी की जनजातीय विकास संबंधी पहल पर राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया

जनजातीय कार्य मंत्रालय की सचिव ने कहा, जनजातीय विकास को वास्तविक अर्थ देने के लिए समाधान स्वयं समुदाय के भीतर से ही निकलने चाहिए। जमीनी स्तर के और जनजाति-विशिष्ट साक्ष्य, उत्तरदायी नीतियों को आकार देने और यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि विकास का प्रत्येक जनजातीय परिवार पर स्थायी प्रभाव पड़े

प्रधानमंत्री के समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की पहुंच के अनुरूप जनजातीय कार्य मंत्रालय (एमओटीए) ने जनजातीय कार्य मंत्री के मार्गदर्शन में आज नई दिल्ली के कर्तव्य भवन-1 में एमओटीए योजनाओं और नई पहल पर एक राष्ट्रीय समीक्षा बैठक आयोजित की। इस बैठक में राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संबंधित मंत्रालयों को एक मंच पर साथ लाया गया ताकि इस बात पर पुनर्विचार किया जा सके कि जनजातीय विकास की योजना कैसे बनाई जाए और उसे जमीनी स्तर पर कैसे लागू किया जाए। पूरे दिन चले इस सम्मेलन ने भारत सरकार द्वारा एकीकृत, साक्ष्य-आधारित और समुदाय-केंद्रित जन जातीय विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस बैठक में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इनमें 30 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और राष्ट्रीय संस्थानों के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहे। भागीदारी में रुचि और विविधता ने जनजातीय और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) समुदायों के सामने आने वाली जटिल और बहुआयामी चुनौतियों का समाधान करने के लिए गहरे अंतर-मंत्रालयी अभिसरण और मजबूत केंद्र-राज्य सहयोग की आवश्यकता के बारे में बढ़ती राष्ट्रीय सहमति को दर्शाती है। सम्मेलन में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) जैसी प्रमुख पहलों की प्रगति और भविष्य के रोडमैप की समीक्षा की गई और साथ ही एमओटीए द्वारा संचालित किए जा रहे पथप्रदर्शक पहल पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें जनजातीय क्षेत्रों में टीबी, मलेरिया और कुष्ठ रोग के जिला-स्तरीय उन्मूलन; भारत की पहली राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य वेधशाला की स्थापना; पीवीटीजी बच्चों के लिए समुदाय-प्रबंधित क्रेच मॉडल; राज्य और जिला स्तर पर कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों और एफआरए प्रकोष्ठों को मजबूत करना; पीवीटीजी के लिए सांस्कृतिक रूप से निहित आवास प्रकारों का विकास करना; पवित्र उपवनों का संरक्षण और सामाजिक-सांस्कृतिक स्थलों का जीर्णोद्धार; सामुदायिक स्वामित्व वाले जनजातीय पर्यावरण-पर्यटन और होमस्टे मॉडल; जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी आदर्श ग्राम; जनजातीय प्रवासियों के लिए कार्यरत युवा छात्रावास और जनजातीय बहुउद्देशीय विपणन केंद्रों के लिए संशोधित परिचालन ढांचा शामिल थे। इन पहलों के माध्यम से एमओटीए न केवल एक प्रशासनिक मंत्रालय के रूप में बल्कि एक राष्ट्रीय संयोजक और सिस्टम इंटीग्रेटर के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है, जो एक एकीकृत जनजातीय विकास ढांचे के भीतर स्वास्थ्य,पोषण,आजीविका, आवास, संस्कृति, युवा विकास और संस्थागत क्षमता को एक साथ लाता है। जिला स्वामित्व, ग्राम सभा की भागीदारी, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और योजना एवं क्रियान्वयन को निर्देशित करने के लिए असंबद्ध डेटा और विश्लेषण के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान चचाओं में इस बात को रेखांकित किया गया कि मौजूदा योजनाओं के तहत पर्याप्त प्रगति हुई है, लेकिन जमीनी स्तर पर विशेष रूप से दूरदराज और दुर्गम जनजातीय क्षेत्रों में पूर्ण संतुष्टि और गुणवत्तापूर्ण परिणाम प्राप्त करने के लिए अभी भी महत्वपूर्ण प्रयासों की आवश्यकता है। राज्यों और संबंधित मंत्रालयों ने विचार-विमर्श को समयबद्ध कार्य योजनाओं में बदलने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, जो मजबूत निगरानी और समन्वय तंत्र द्वारा समर्थित होंगी। सफल पायलट परियोजनाओं को बड़े पैमाने पर लागू करने, राज्य और जिला स्तर पर संस्थानों को मजबूत करने के साथ ही सम्मेलन का समापन हुआ। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि जनजातीय विकास पहल से घरेलू स्तर पर ठोस सुधार हों और जनजातीय समुदायों की सांस्कृतिक पहचान और पारिस्थितिक विरासत का संरक्षण भी हो।

जनजातीय कार्य मंत्रालय ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, संबंधित मंत्रालयों, अनुसंधान संस्थानों और विकास भागीदारों के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत की जनजातीय विकास यात्रा समावेशी, गरिमापूर्ण, सांस्कृतिक रूप से निहित और भविष्य के लिए तैयार रहे।



# वंचित समुदायों की सामाजिक-आर्थिक लामबंदी

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने देश में वंचित समुदायों के लिए शिक्षा, रोजगार के अवसरों और स्थायी आजीविका में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रमुख शिक्षा और कौशल विकास योजनाओं के प्रभाव का मूल्यांकन किया है। नीति आयोग के विकास अनुवीक्षण और मूल्यांकन कार्यालय (डीएमईओ) ने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) का मूल्यांकन किया है, जिसमें योजना के तीनों घटकों, आदर्श ग्राम, अनुदान सहायता और छात्रावासों को शामिल किया गया है। मूल्यांकन में कई राज्यों में योजना की प्रासंगिकता, प्रभावशीलता और परिणामों का आकलन किया गया और पाया गया कि पीएम-एजेएवाई राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप है और इस योजना ने अनुसूचित जाति समुदायों के बुनियादी ढांचे, शिक्षा तक पहुंच और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाने में योगदान दिया है। मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार, पीएम-एजेएवाई के छात्रावास घटक तक पहुंच से विशेष रूप से लड़कियों के लिए, लंबी दूरी की यात्रा और असुरक्षित यात्रा जैसी चुनौतियों का समाधान होने से उच्च माध्यमिक और कॉलेज शिक्षा दर में वृद्धि हुई है। दिसंबर 2025 तक, पीएम-एजेएवाई योजना के तहत 74,749 लाभार्थियों के लिए कुल 911 छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं। स्वीकृत, निर्मित छात्रावासों और लाभार्थियों का राज्यवार विवरण अनुलग्नक-क में दिया गया है । लक्षित क्षेत्रों के उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठा) के प्रभाव का आकलन राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआर डीपीआर) द्वारा किए गए तृतीय-पक्ष मूल्यांकन के माध्यम से किया गया है । मूल्यांकन से पता चला है कि छात्रों की कक्षा में उपस्थिति में सुधार हुआ है, स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई है, उत्तीर्ण प्रतिशत बढ़ा है, शैक्षिक आकांक्षाएं बढ़ी हैं और अनुसूचित जाति के छात्रों में जाति और लिंग के आधार पर अंतर कम हुआ है। तृतीय-पक्ष मूल्यांकन में देश के छह भौगोलिक क्षेत्रों के 41 जिलों को शामिल किया गया था।

दिसंबर 2025 तक के मूल्यांकन के अनुसार, वर्ष 2023-24 के दौरान देशभर में 15,816 लाभार्थी थे , जिनमें से 4,135 छात्र (26 प्रतिशत) श्रेष्ठा कार्यक्रम के मोड-क के अंतर्गत और 11,681 छात्र (74 प्रतिशत) मोड-कक के अंतर्गत शामिल थे । यद्यपि मूल्यांकन में राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार परिणाम संकेतक नहीं दिए गए हैं, फिर भी मोड-क के अंतर्गत निजी आवासीय विद्यालयों की संख्या और मोड-II के अंतर्गत गैर-सरकारी संगठनों/संगठनों द्वारा संचालित विद्यालय एवं छात्रावास परियोजनाओं की संख्या, लाभार्थियों के विवरण सहित, क्रमशः अनुलग्नक-II और अनुलग्नक-III में दी गई है। प्रधानमंत्री दक्षता और कौशल संपन्न हितग्राही योजना (पीएम-दक्ष) के प्रभाव का भी आकलन किया गया है। मूल्यांकन के निष्कर्षों से पता चला है कि यह योजना अत्यंत प्रासंगिक और प्रभावी है, जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों ने प्रशिक्षण को अपने करियर लक्ष्यों, स्थानीय श्रम बाजार की आवश्यकताओं और निर्धारित शिक्षण परिणामों की प्राप्ति के अनुरूप पाया है।

मूल्यांकन में विशेष रूप से महिलाओं और वंचित समूहों के बीच आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और सामाजिक मान्यता में वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण गैर-भौतिक लाभों पर प्रकाश डाला गया है। सतत विकास के परिणाम भी सकारात्मक हैं, क्योंकि अधिकांश लाभार्थी अर्जित कौशल का उपयोग जारी रखते हैं, दीर्घकालिक आय वृद्धि की आशा करते हैं, विकास में पुनर्निवेश करते हैं और स्वतंत्र रूप से सुधारों को बनाए रखने की क्षमता प्रदर्शित करते हैं।

# रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग (डीसीपीसी) कौशल विकास कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धः सचिव, डीसीपीसी

डीसीपीसी ने एआईपीएमए के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन किया रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग (डीसीपीसी) की सचिव सुश्री निवेदिता शुक्ला वर्मा ने आज कहा कि डीसीपीसी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और कौशल उन्नयन को सुगम बनाने में शामिल संगठनों को समर्थन और प्रोत्साहन देने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सचिव ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक रोजगार मेले के दौरान ऑल इंडिया प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एआईपीएमए) के प्रतिनिधियों को इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों में डीसीपीसी की ओर से हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।

रसायन एवं पेट्रोकेमिकल विभाग की सचिव ने कहा कि विभाग रोजगार मेलों और कौशल विकास कार्यक्रमों जैसी पहलों का लगातार समर्थन कर रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) कौशल विकास पर विशेष जोर दे रहा है और उद्योग की आवश्यकता के अनुसार युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए शिक्षण पद्धतियों को संशोधित कर रहा है।

# ट्राई ने ओडिशा के ब्रह्मपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दिसंबर 2025 में ओडिशा लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र (एलएसए) जिसमें ब्रह्मपुर शहर का विस्तृत क्षेत्र शामिल है के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) के निष्कर्ष जारी किए है। ट्राई के हैदराबाद स्थित क्षेत्रीय कार्यालय की देखरेख में आयोजित इस टेस्ट ड्राइव का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट, ग्रामीण आवासीय क्षेत्रों आदि जैसे विभिन्न उपयोग परिवेशों में वास्तविक मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का आकलन करना था। ट्राई की टीमों 16 दिसंबर 2025 से 18 दिसंबर 2025 के बीच ब्रह्मपुर शहर के 360 किलोमीटर क्षेत्र में ड्राइव टेस्ट, 4.1 किलोमीटर वॉक टेस्ट और 8 हॉटस्पॉट स्थानों पर विस्तृत परीक्षण किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2जी, 3जी, 4जी और 5जी शामिल थीं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दशार्ती हैं। आईडीटी के निष्कर्ष सभी संबंधित टीएसपी को सूचित कर दिए गए हैं।

**मूल्यांकन किए गए प्रमुख पैरामीटरः**

ए) वॉइस सेवाएं : कॉल सेटअप सफलता दर (सीएसआर), कॉल ड्रॉप दर (डीसीआर), कॉल सेटअप समय, कॉल साइलेंस दर, स्पीच क्वालिटी (एमओएस), कवरेज। ब्रह्मपुर शहर में मोबाइल नेटवर्क के समग्र प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया हैः एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/ 4जी/ 3जी/2जी) में कॉल सेटअप सफलता दर क्रमशः 99.76 प्रतिशत, 83.87 प्रतिशत, 99.07 प्रतिशत और 94.53 प्रतिशत है। वॉयस टेस्टिंग के दौरान ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में कमजोर सिग्नल एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल के मामले में शहर के आईडीटी रूट पर क्रमशः 3.73 प्रतिशत, 23.40 प्रतिशत, 3.96 प्रतिशत और 12.58 प्रतिशत दर्ज की गई है। बी) डेटा सेवाएंः डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप दर और वीडियो स्ट्रीमिंग विलंब। डेटा परीक्षण के दौरान ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में खराब सिग्नल स्ट्रेंथ एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल के मामले में शहर के आईडीटी रूट में क्रमशः 13.17प्रतिशत, 18. 28 प्रतिशत, 11.06 प्रतिशत और 17. 72 प्रतिशत देखी गई । सीएसएसआर : कॉल सेटअप सफलता दर (प्रतिशत में), सीएसटी : कॉल सेटअप समय (सेकंड में), डीसीआर : कॉल ड्रॉप दर (प्रतिशत में) और एमओएस : मीन ओपिनियन स्कोर।

**सारांश-ध्वनि सेवाएं**

कॉल सेटअप सफलता दरः एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में कॉल सेटअप सफलता दर क्रमशः 99.76प्रतिशत, 83.87 प्रतिशत, 99.07 प्रतिशत और 94.53 प्रतिशत है। कॉल सेटअप समयः ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप समय क्रमशः 0.51, 2.93, 0.68 और 1.00 सेकंड है। कॉल ड्रॉप दरः ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजे आईएल और वीआईएल की कॉल ड्रॉप दर क्रमशः 0.47 प्रतिशत, 8.72 प्रतिशत, 1.64 प्रतिशत और 1.69 प्रतिशत है। कॉल साइलेंस/म्यूट दरः पैकेट स्विच्ड नेटवर्क (4जी/5जी) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजे आईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल दर क्रमशः 1.01 प्रतिशत, 7.02प्रतिशत, 1.32 प्रतिशत और 2.04 प्रतिशत है। मीन ओपिनियन स्कोर (एमओएस): एयरटेल, बीएसएनएल, आरजे आईएल और वीआईएल का औसत एमओएस क्रमशः 3.93, 2.96, 4.43 और 4.50 है। वॉयस टेस्टिंग के दौरान ऑटो-सिलेक्शन मोड (5जी/4जी/3जी/2जी) में सिग्नल की कमजोर स्थिति एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल के मामले में शहर के आईडीटी रूट में क्रमशः 3.73 प्रतिशत, 23.40 प्रतिशत, 3.96 प्रतिशत और 12.58 प्रतिशत देखी गई।

**सारांश-डेटा सेवाएं**

डेटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र): एयरटेल (5जी/4जी) की औसत डाउनलोड गति 106.15 एमबीपीएस, बीएसएनएल (4जी/3जी/2जी)की 10.55 एमबीपीएस, आरजेआईएल (5जी/4जी) की 242.83एमबीपीएसऔर वीआईएल (4जी/2जी) की 20.31 एमबीपीएस है।

# सावधान: शहर में जगह सड़क पर चलता वाहन गहरे गड्ढे में समा सकता है: अशोक भारद्वाज

- गड्ढे की गहरी खाई में सुरक्षा संकेत लगा विभाग को सतर्क किया गया: भारद्वाज
- ताकि वाहन चालक सतर्क रहे: भारद्वाज
- हनुमान गेट पर एन एच की टूटी सड़क बन रही है हादसो का कारण : भारद्वाज



**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 5 फरवरी। शहर के व्यस्ततम हनुमान गेट क्षेत्र में एनएच-709ई मार्ग पर जलापूर्ति (वाटर सप्लाई) पाइपलाइन और सीवरेज कार्य के बाद सड़क को सही ढंग से बहाल न किए जाने के कारण अब यह स्थान दुर्घटनाओं का संभावित केंद्र बन गया है। संबंधित विभाग द्वारा पाइपलाइन की मरम्मत तो कर दी गई, परंतु उसके बाद सड़क की ड्रेसिंग अधूरी छोड़ दी गई, जिससे मार्ग के बीचोंबीच गहरा गड्ढा बन गया है। इस बारे में संबंधित विभाग को बार बार चेताया गया।

हिट एंड रन सड़क सुरक्षा कानून समिति सदस्य एवं सड़क सुरक्षा कार सेवा अभियान के सूत्र धार अशोक कुमार भारद्वाज अनुसार, यह गड्ढा दिन-प्रतिदिन और गहरा होता गया। भारी वाहन इसके पास से गुजरते समय फंसने या पलटने का खतरा झेलते हैं। वहीं छोटे वाहन चालक असंतुलित होकर दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। सड़क के नीचे की मिट्टी धंसने से स्थिति और भी खतरनाक बन चुकी है। रात के समय यह गड्ढा स्पष्ट दिखाई नहीं देता था, जिससे दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ गई थी।

इस गंभीर समस्या को लेकर आपदा सड़क सुरक्षा कार सेवा अभियान के सूत्रधार एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने इस समस्या को लेकर भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ व जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की अपील की । उन्होंने कहा कि समय रहते हुए यदि इस गहरे गड्ढे और धंसी सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो यहां कोई बड़ा हादसा हो सकता है। जिसका संज्ञान लेते हुए अब तीसरी बार फिर इस समस्या पर संज्ञान लिया गया है, संबंधित विभाग ने यहां खुदाई कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली-पिलानी-राजस्थान मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन प्रतिदिन इस स्थान से होकर गुजरते हैं। गड्ढे के कारण यहां अक्सर लंबे जाम की स्थिति बन जाती है और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि लोक निर्माण विभाग (PWD), बी एंड आर या संबंधित विभाग, एनएच, एनएचएआई और नगर परिषद तुरंत संयुक्त निरीक्षण कर सड़क को स्थाई रूप से सुरक्षित बनाएं। ताकि कोई बड़ा हादसा ना हो सके और बार बार सड़क जमीन में न धंस सकें।

# टिकट चेकिंग स्टाफ ने नाबालिग बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभाई

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,5 फरवरी : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा वीरवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि आज 5 फरवरी 2026 को ट्रेन संख्या 12138 (फिरोजपुर छावनी-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल एक्सप्रेस) में ड्यूटी पर तैनात टीटीआई श्री विशाल ने बी-3 कोच में टिकट चेकिंग के दौरान लगभग 7-8 वर्ष के एक अकेले बच्चे को देखा। बच्चे ने बताया कि वह बठिंडा रेलवे स्टेशन पर गलती से ट्रेन में चढ़ गया। श्री विशाल ने अत्यंत जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल आरपीएफ नियंत्रण कक्ष, दिल्ली से संपर्क किया तथा बच्चे को स्क्वैडिंग टीम के हेड कांस्टेबल श्री जरनैल सिंह व उनके अन्य दो साथियों की मदद से जाखल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ स्टाफ को सौंप दिया। आरपीएफ द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुँचाने की व्यवस्था की गई।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सैनी ने बताया कि टीटीई श्री विशाल की त्वरित कार्रवाई और सतर्कता के परिणामस्वरूप एक छोटा बच्चा सुरक्षित अपने परिवार तक पहुँच सका। अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए टिकट चेकिंग स्टाफ ने अत्यंत तत्परता और जिम्मेदारी का परिचय दिया जो रेलवे की छवि को गौरवान्वित करती है साथ ही यह समस्त रेलकर्मियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करती है।

# अंजू मालपानी माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष चुनी गई

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

बठिंडा,5 फरवरी :माहेश्वरी महिला संगठन की चुनावी मीटिंग सविता होलानी की अध्यक्षता में हुई जिसमें पूनम राठी प्रादेशिक प्रवेक्षक की उपस्तिथि में 2026-2028 के लिए चुनाव खुशनुमा माहौल में हुए जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए ' अंजू मालपानी अध्यक्ष ,सविता होलानी निवर्तमान अध्यक्ष, पूनम राठी सरंक्षक,संगीता काबरा उपाध्यक्ष,सुनीता लाखोटिया उपाध्यक्ष,नीलम होलानी सचिव,रिम्पी कोठारी सह सचिव,प्रीती डागा कोषाध्यक्ष, आरती कोठारी सह कोषाध्यक्ष,संगठन मंत्री ज्योति होलानी व मधु मंत्री सांस्कृतिक मंत्री चुनी गई।रूपल डागा,पूजा लाखोटिया व शालू काबरा सविता होलानी व पूनम राठी ने सभी निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी और विश्वाश दिलाया के नई टीम को वो अपना पूरा सहयोग देंगी ' अपने कार्यकाल में मिले सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ' इस दौरान ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजू मालपानी ने कहा कि सभी सदस्यों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह उस पर खरा उतरेंगी और माहेश्वरी महिला संगठन और माहेश्वरी समाज के लिए अधिक से अधिक काम करेंगी। अंजू मालपानी ने कहा कि वह सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करती हैं कि उन्हें सेवा का करने का मौका दिया है।



# गुरुद्वारा श्री अंब साहिब, मोहाली जमीन मामला

## शिरोमणि कमेटी प्रतिनिधिमंडल ने म्यूटेशन रद्द करने की मांग को लेकर डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात की; एस एस पी से मामला दर्ज करने का आग्रह किया

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 5 फरवरी :शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा श्री अंब साहिब, मोहाली की जमीन के मामले में साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) के डिप्टी कमिश्नर को एक आवेदन देकर म्यूटेशन रद्द करने और जमीन की आगे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस , एस ए एस नगर (मोहाली) से भी कथित धोखाधड़ी के लिए ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है। जानकारी देते हुए शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव कुलवंत सिंह मन्नान ने बताया कि शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी के निर्देश पर शिरोमणि कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज एस ए एस नगर के डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात की और गुरुद्वारा श्री अंब साहिब की जमीन की धोखाधड़ी से बिक्री के मामले में कार्रवाई की मांग की। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल में शिरोमणि कमेटी सचिव प्रताप सिंह, सहायक सचिव गुरनाम सिंह, कानूनी सलाहकार एडवोकेट अमनबीर सिंह सियाली और श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर के मैनेजर राजिंदर सिंह रूबी शामिल थे। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी द्वारा सौंपे गए लिखित आवेदन में कहा गया है कि गुरुद्वारा श्री अंब साहिब, एस ए एस नगर (मोहाली) के मैनेजर राजिंदर सिंह टोहडा ने गलत तरीके से और धोखाधड़ी करके गुरुद्वारा साहिब के भरोसे को तोड़ा है। जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके, उसने जमीन बेचकर और पैसे का गबन करके एक गंभीर अपराध किया है। यह संपत्ति गुरुद्वारा साहिब की ट्रस्ट की संपत्ति है; इसलिए, म्यूटेशन रद्द किया जाना चाहिए और जमीन की आगे की बिक्री रोक दी जानी चाहिए। कुलवंत सिंह मन्नान ने आगे कहा कि एस एस पी (मोहाली) को भी एक लिखित मांग सौंपी गई है, जिसमें मैनेजर राजिंदर सिंह तोहरा और इस धोखाधड़ी में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ तुरंत मामला दर्ज करने की मांग की गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गुरुद्वारा साहिब की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, और उनके खिलाफ कार्रवाई करने में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# कृषि को लाभकारी बनाए बिना ग्रामीण समृद्धि संभव नहीं : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब तक कृषि लाभकारी नहीं बनेगी, तब तक ग्रामीण समृद्धि का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक, जल संरक्षण और उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया।




मुख्यमंत्री श्री सैनी नाबार्ड की राज्य स्तरीय ऋण संगोष्ठी में शिरकत कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने वर्ष 2026-27 के स्टेट फोकस पेपर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय में कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए कम भूमि में अधिक उत्पादन और पर ड्रॉपझ मोर क्रॉप के मंत्र को व्यवहार में उतारना बेहद आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग, सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों को बढ़ावा और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर ही किसानों की आय में स्थायी वृद्धि संभव है। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में नाबार्ड की योजनाएं और ऋण सहायता अहम योगदान दे रही हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, ताकि गांवों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें और ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार आए। (इनपुट : डीआईपीआर हरियाणा)

# रेलवे बोर्ड सदस्य हरि शंकर वर्मा ने उत्तर रेलवे के प्रदर्शन की समीक्षा की

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**




जैतो,5 फरवरी : रेलवे बोर्ड के सदस्य (परिचालन एवं व्यवसाय विकास) श्री हरि शंकर वर्मा ने आज बड़ौदा हाउस स्थित उत्तर रेलवे मुख्यालय का दौरा किया और जोन के परिचालन प्रदर्शन और रणनीतिक दिशा की समीक्षा की।उनके आगमन पर, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार वर्मा, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री और प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक श्री प्रवीण पांडे ने उनका औपचारिक स्वागत किया।विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान, श्री हरि शंकर वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि रेल संचालन के दौरान संरक्षा और सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। कार्य संस्कृति के संबंध में कड़े निर्देश देते हुए, उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को "औपनिवेशिक मानसिकता" त्यागने और सेवा वितरण में पूर्णतः ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कर्मचारियों के प्रशिक्षण और कार्यशैली में नवीन एवं अभिनव दृष्टिकोण अपनाने पर भी जोर दिया।श्री वर्मा ने कहा, "भारतीय रेलवे 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प के लिए विकास का इंजन बनेगी।" उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक रेलवे अधिकारी का प्रदर्शन इसी व्यापक राष्ट्रीय लक्ष्य से प्रेरित होना चाहिए। क्षेत्रीय परिचालन पर विशेष ध्यान श्री वर्मा ने परिचालन और वाणिज्यिक विभाग के अधिकारियों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक की, जिसमें मंडल स्तर के अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।सत्र के दौरान, उन्होंने युवा अधिकारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। व्यावहारिक नेतृत्व शैली का परिचय देते हुए, उन्होंने फील्ड में अधिकारियों के सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों को धैर्यपूर्वक सुना और परिचालन संबंधी बाधाओं को दूर करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ ने शाहपुर जट गांव में मनाई 649वीं जयंती।

## रविदास जी का साहित्य सभी शिक्षा संस्थानों के पाठ्यक्रम में शामिल हो- प्रो मनोज कुमार कैन

**समाज जागरण**



नई दिल्ली।शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ की ओर से संत श्री गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती समारोह का आयोजन अम्बेडकर चौपाल शाहपुर जट गांव नई दिल्ली में किया गया।इस भव्य- विराट और ज्ञानवर्धक आयोजन के मुख्य अतिथि पीठ के अंतरराष्ट्रीय महामंत्री आत्माराम परमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष धर्मवीर,राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत कुमार,असम प्रांताध्यक्ष भावेन्द्र, दिल्ली प्रांताध्यक्ष मनोज कुमार आजाद,प्रो हंसराज सुमन,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दक्षिण विभाग कार्यवाह संजीव त्यागी और क्षेत्रीय विधायिका शिखा राय रहे ।जयंती के उपरांत पीठ के दिल्ली प्रांत के उपाध्यक्ष खलीफा सोहन वीर कैन का जन्मदिन भी बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया।

कार्यक्रम का आरंभ गुरु जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।अपना संबोधन प्रस्तुत करते हुए आत्माराम परमार ने पीठ की संकल्पना, निर्माण और उसके उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने जालंधर पंजाब के आदमपुर हवाई अड्डे का नाम बदलकर "श्री गुरु रविदास जी महाराज हवाई अड्डा"करने और डेरा सचखंड बल्लां,जालंधर के संत श्री निरंजन दास जी महाराज को पद्मश्री देने के लिए प्रधानमंत्री जी का पीठ और समस्त रविदासिया समाज की ओर से आभार व्यक्त किया।राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजीत जी ने पीठ के अभी तक किए गए कार्यों और आगामी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रो हंसराज सुमन जी ने अपने वक्तव्य में एक महत्वपूर्ण बात रखते हुए कहा कि भारत के किसी एक विश्वविद्यालय का नाम संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम पर होना चाहिए। दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष मनोज आजाद ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा की यह गुरु जी की जन्म जयंती का 650 वां वर्ष चल रहा है।इस वर्ष में हम दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर गुरु जी से संबंधित इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।संजीव ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को रविदास जयंती की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रो मनोज कुमार के ने कहा कि गुरु रविदास जी के साहित्य को सभी शिक्षा संस्थानों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए।

सभी अतिथियों ने खलीफा सोहन वीर कैन को जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई और उपहार भी दिए। विभिन्न संगठनों में दक्षिण विभाग मंत्री विश्व हिन्दू परिषद-राधाकृष्णन;जिला धर्मप्रसार कालका जी-अनिल;कालका जी जिला सद्भाव राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ-सतीश;कालका जी जिला मंत्री सेवा भारती -सुनीता बॉस;पीठ के पदाधिकारियों में:- महामंत्री - सुनीता पॉल,उपाध्यक्ष- निर्मल कुमार कैम,अनिल कुमार,मेहर सिंह, बालकृष्ण ,मंत्री -डॉ घनश्याम,डॉ संदीप रंजन,सुरेश तंवर, जिलाध्यक्ष-प्रीति विद्यार्थी- करोल बाग, ज्योति-नई दिल्ली, किशन कुमार- शाहदरा। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अशोक कुमार,सौरभ कुमार ।शाहपुर जट गांव के ज्ञानचंद ,रमेश तंवर,मेहर चंद तंवर, रतनलाल, धनपत राय, नंदकिशोर, सुरेश, जयकिशन,लक्ष्मण नारायण,महेश, मोहनसिंह कैन,मुकेश कैन,अमन चौधरी,अक्षय चौधरी आदि महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

सभी अतिथियों और लोगों का धन्यवाद पीठ के मंत्री मास्टर योगेश जी ने किया। इस आयोजन में बहुत बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की।

# जेल वार्डरों को बड़ी सौगात, 18 साल में पदोन्नति और भत्तों में ऐतिहासिक बढ़ोतरी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**समाज जागरण**



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जेल विभाग में कार्यरत वार्डरों और हेड वार्डरों के लिए बड़ी घोषणाएं करते हुए उन्हें आर्थिक और सेवा संबंधी राहत दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कारागार कर्मचारियों की भूमिका और



जिम्मेदारी को सम्मान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब जेल वार्डर को 18 वर्ष की सेवा अवधि पूरी करने पर हेड वार्डर के पद पर पदोन्नति दी जाएगी। इसके साथ ही सुधारात्मक सेवा पदक से सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एक वर्ष का सेवा-विस्तार प्रदान किया जाएगा।

सीएम ने यह भी घोषणा की कि जेल वार्डर और हेड वार्डर को अब पुलिस कांस्टेबल के समान भत्ता मिलेगा। इसके अलावा राशन भत्ते को आगामी वित्त वर्ष से अढ़ाई गुना बढ़ाकर 1500 किया गया है।

अन्य महत्वपूर्ण घोषणाओं में कन्वेयन्स भत्ते को 50 से बढ़ाकर 720 और वर्दी भत्ते को बढ़ाकर 7500 किया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन निर्णयों से जेल विभाग के कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे और अधिक समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे।

राज्य सरकार के इन फैसलों को कारागार कर्मियों के हित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है।

# हरियाणा-कनाडा साझेदारी को मिलेगा नया आयाम, निवेश और शिक्षा पर हुई अहम चर्चा

**समाज जागरण**



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित अपने आधिकारिक आवास संत कबीर कुटीर में कनाडा के अल्बर्टा प्रांत से आए उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अल्बर्टा सरकार की इंडिजिनस रिलेशंस मंत्री सुश्री राजन जे. सॉ कर रही थीं।

बैठक के दौरान निवेश, नवाचार, उच्च शिक्षा में साझेदारी, कौशल विकास सहित ऊर्जा, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, लॉजिस्टिक्स और व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा वैश्विक निवेश और तकनीकी साझेदारी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि हरियाणा सरकार कनाडा-हरियाणा साझेदारी को मजबूत करने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि दोनों क्षेत्रों के बीच सहयोग से रोजगार, तकनीक और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में आपसी साझेदारी से युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिलेंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# हरियाणा में अपराध दर में 8.24% की गिरावट, दुष्कर्म मामलों में 55% तक ऐतिहासिक कमी

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस की प्रोएक्टिव रणनीति के सकारात्मक और ठोस परिणाम सामने आए हैं। जनवरी 2026 में प्रदेश की कुल अपराध दर में 8.24 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जबकि दुष्कर्म के मामलों में लगभग




55 प्रतिशत की ऐतिहासिक गिरावट आई है।

हरियाणा पुलिस द्वारा गैंगस्टर्स, नशा तस्करों और संगठित अपराध के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने के साथ-साथ महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि निरंतर निगरानी, त्वरित कार्रवाई, टेक्नोलॉजी आधारित पुलिसिंग और जमीनी स्तर पर मजबूत रणनीति के चलते यह उपलब्धि संभव हो पाई है। आने वाले समय में भी अपराध पर और अधिक प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान जारी रहेगा।

– सौजन्यः हरियाणा पुलिस / डीजीपी कार्यालय

# लाडवा के खैरी गांव को विकास की सौगात, सीएम ने 91 लाख की परियोजनाओं की घोषणा

**समाज जागरण**





कुरुक्षेत्र। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव खैरी में विकास कार्यों के लिए बड़ी घोषणाएं की हैं। मुख्यमंत्री ने गांव में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपए, पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 70 लाख रुपए तथा गांव की फिरनी निर्माण के कार्य को स्वीकृति देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने गांव के सरपंच द्वारा सौंपे गए मांग पत्र पर भी सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा कि गांव की अन्य आवश्यक मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाना है।

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि गांवों में स्वच्छ पेयजल, बेहतर सड़कें और मूलभूत ढांचा सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं से गांव खैरी में पेयजल समस्या के समाधान के साथ-साथ आधारभूत ढांचे के विकास को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

(इनपुट : डीआईपीआर हरियाणा)

# छात्रा से दुर्व्यवहार के आरोप में शिक्षक निलंबित, मुख्यमंत्री के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई

**समाज जागरण**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देश पर कनीपला स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के टीजीटी हिन्दी शिक्षक समीर कौशिक को निलंबित कर दिया गया है। छात्रा से दुर्व्यवहार के मामले में आरोपी शिक्षक के विरुद्ध POCSO एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की जा चुकी है।

यह मामला लाडवा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पीड़ित छात्रा के परिजनों द्वारा मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया गया, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के आदेश के अनुपालन में शिक्षा विभाग ने निलंबन आदेश जारी कर दिए हैं।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या संवेदनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विकास खण्ड नगवां में सरकारी धन का बंदरबांट, कागजों में हो रही हैंडपम्प मरम्मत, धरातल पर शून्य

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**

खलियारी सोनभद्र। विकास खंड नगवां में हैंडपंप मरम्मत के नाम पर हर वर्ष हजारों रुपए का भुगतान किया जाता है लेकिन अगर धरातल पर देखा जाय तो कहानी कुछ और कहती है सरकारी धन के बंदरबांट में सरकारी तंत्र पूरी तरह से मिला हुआ है जीरो टालेंस की नीति को ठेंगा दिखाते हुए ग्राम प्रधान पंचायत सचिवों के सहयोग से प्रति हैंडपंप मरम्मत के नाम पर अठ्ठारह से बीस हजार रुपए का भुगतान धड़ल्ले से होता रहा है धरातल पर इसकी क्या स्थिति है इसको जानने या देखने का जहमत नहीं उठाते है ब्लॉक स्तरीय अधिकारी। विकास खण्ड नगवां में कुछ एसे ग्राम पंचायत सचिव आ गए हैं जोकि अपने गांव में जाते नहीं




और फोन करने पर उठाते भी नहीं ग्रामीण बेचारे परेशान व बेबस होकर रह जाते हैं मामला ग्राम पंचायत सिकरवार और सेमरिया के गावों में कई ऐसे हैंडपंप है जो आज भी खराब पड़े हैं जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है जिसके दरवाजे पर हैंडपंप है वे लोग कई बार ग्राम प्रधान से कह चुके है लेकिन इस भ्रष्ट तंत्र को ग्रामीणों की आवाज सुनाई नहीं देती है जबकि बिना किसी स्थान को इंगित किए लगातार हैंडपंप मरम्मत के नाम पर भुगतान बदस्तूर जारी है। किसके दरवाजे के सामने का हैंडपंप मरम्मत हुआ है ये नहीं दशार्या जाता है सिर्फ हैंडपंप मरम्मत पर भुगतान कर दिया जाता है। सूत्रों की माने तो हैंडपंप मरम्मत में भी संबंधित द्वारा राजनैतिक द्वेष की भावना से ओत प्रोत प्रधान द्वारा हैंडपंप मरम्मत में भी भेदभाव कर रहे हैं।जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है ग्राम प्रधान सरकारी धन को अपना निजी धन समझ बैठे हैं और उसके खर्च में भेदभाव कर रहे हैं। इस मामले को लेकर एडीओ पंचायत नगवां से सेलफोन पर वार्ता हुई तो उन्होंने ने

# सोनभद्र में सोन नदी सेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन जोरों पर, संरक्षण के आरोपों से गरमाया मामला।

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के महलपुर भगवा क्षेत्र में स्थित सोन नदी के सेंचुरी एरिया (रेडिया क्षेत्र) में अवैध खनन का खेल खुलेआम और बेखौफ तरीके से चल रहा है। आरोप है कि मे0 रुद्रा माइनिंग कंपनी के लीज की आड़ में नियमों को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर बालू-मौरंग का अवैध खनन किया जा रहा है। नदी के संरक्षित क्षेत्र में भारी-भरकम पोकलेन मशीनें और बड़ी-बड़ी नावों के सहारे दिन-रात खनन कार्य जारी है, जिससे पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार, यह पूरा अवैध खनन सोन नदी के उस हिस्से में हो रहा है, जिसे सेंचुरी क्षेत्र घोषित किया गया है और जहां किसी भी प्रकार का खनन पूर्णतः प्रतिबंधित



है। इसके बावजूद खनन माफिया बेखौफ होकर नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। स्थिति यह है कि अवैध खनन में लगे लोग स्वयं को पर्यावरण रक्षक बताकर घूम रहे हैं, जबकि वास्तविकता इसके ठीक विपरीत बताई जा रही है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि गुरमा वन विभाग पर गहरी कुम्भकर्णीय नींद में सोने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा आम है कि गुरमा रेंजर की कथित कृपा से ही सेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन का यह खेल फल-फूल रहा है। यदि वन विभाग अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वहन करता, तो संरक्षित क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियाँ संभव नहीं होतीं।

अब सवाल सिर्फ इतना नहीं रह गया है कि अवैध खनन हो रहा है, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि आखिर यह पूरा खेल किसके संरक्षण में चल रहा है। जिला प्रशासन की चुप्पी भी कई सवाल खड़े कर रही है। यदि सब कुछ प्रशासन की नजर में है, तो अब तक ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या जिला प्रशासन किसी दबाव या मजबूरी में हाथ पर हाथ धरे बैठा है ? सूत्रों की मानें तो इस अवैध खनन के पीछे कुछ प्रभावशाली और सफेदपोश माननीय लोगों के संरक्षण की भी चर्चा जोरों पर है। यही कारण बताया जा रहा है कि खनन माफिया न तो कानून से डर रहे हैं और न ही कार्रवाई का भय उन्हें रोक पा रहा है। आम लोगों में यह सवाल उठ रहा है कि क्या योगी सरकार में अब कानून का डर समाप्त हो गया है, या फिर प्रभावशाली संरक्षण के आगे सिस्टम बेबस नजर आ रहा है। सोन नदी जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील पर्यावरणीय क्षेत्र में हो रहा यह अवैध खनन न केवल प्राकृतिक संसाधनों की लूट है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन, वन विभाग और शासन स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं और इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हैं, या फिर यह अवैध खनन यूँ ही संरक्षण के साए में चलता रहेगा।

# सोनभद्र जिला कारागार गुरमा में निरुद्ध बंदी का इलाज के दौरान मौत

**जेल परिसर फैला सन्नाटा, महिला,पुरुष बंदी समेत सभी हुए शोकाकुल**
**एनडीपीएस एक्ट की धारा में था निरुद्ध तथा करता था मादक पदार्थ हीरोइन इत्यादि नशे का सेवन**

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। जिला कारागार गुरमा में निरुद्ध बंदी राधेश्याम 26वर्ष पुत्र ओम प्रकाश यादव निवासी उरमौरा, कोतवाली- रावर्टसगंज,जनपद- सोन भद्र की 5 फरवरी गुरुवार को पौने तीन बजे के लगभग जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। जानकारी मिलते ही जेल परिसर में सन्नाटा फैल गया। महिला ,पुरुष बंदी समेत सभी लोग शोकाकुल हो गये।




इस सम्बंध में सोनभद्र जेल कारागार गुरमा अधी क्षक अरुण कुमार मिश्र ने एक बताया कि राधेश्याम बंदी 5 जनवरी 2026 एनडीपीएस ( NDPS), एक्ट की धारा में बंद था, जो मादक पदार्थ हीरोइन इत्यादि का नशे के आदि था। जिसका जांच भी पाजेटिव निकाला था।रात पौने तीन बजे के लगभग इसे खांसी के साथ कफ में ब्लड निकलने लगा जिसे तत्काल रात में ही जिला अस्पताल भेज दिया गया था। यहां इलाज के एक घंटे के बाद बंदी की मौत हो गई। जिसकी सभी औपचारिकता कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।मृतक का भाई सोनू यादव और उसकी मां पानवती भी जेल में बंद थी तथा तीन दिन पूर्व मां की रिहाई हो गई है।

# जनपद को बाल श्रम मुक्त कराने हेतु कार्यशाला का किया गया आयोजन, दिए गए सख्त निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन, बाल संरक्षण इकाई, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक अपराध है, किसी भी स्थिति में क्षम्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद को बाल श्रम मुक्त कराने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि आमजन बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत हो सकें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि



स्कूलों, बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों, ईंट-भट्ठों, होटलों एवं ढाबों में नियमित निरीक्षण अभियान चलाए जाएं कहीं भी बाल श्रम पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए उन्होंने कहा कि बाल श्रम से मुक्त कराये गये बच्चों को पुनर्वास, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा की समुचित व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जाए। उन्होने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए शासन द्वारा श्रम विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत को प्रवर्तन एवं अभियोजन की कार्यवाही हेतु सक्षम अधिकारी नामित किया गया है इन अधिकारियों द्वारा यदि कही पर बाल श्रम करते हुए पाया जाता है तो सम्बन्धित दोषी के विरूद्ध प्रवर्तन एवं अभियोजन की कार्यवाही की जायेगी, उन्होने कहा कि बाल श्रम से प्रभावित परिवारों को पात्रतानुसार लाभार्थी योजनाओं से जोड़कर बाल श्रम जैसी कुरीति से मुक्ति की कार्यवाही की जाये निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की कार्यवाही में तेजी लायी जाये जिससे की निर्माण श्रमिक श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें, कार्यशाला में बाल श्रम उन्मूलन से संबंधित भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, जन शिकायत पोर्टल पर श्रम विभाग से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत जिसका टोल फ्री नम्बर 18001 805160 पर दर्ज करा सकते है जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का नगर पालिका व नगर पंचायत, तहसील, व विकास खण्डों में होर्डिंग व बैनर लगवायें जाये जिससे अधिक से अधिक संख्या में जनमानस श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। टोल फ्री नम्बर का अधिक से अधिक प्रचार किया जाए, जिससे आम नागरिक बाल श्रम की शिकायत सहजता से दर्ज करा सकें। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के खिलाफ यह अभियान केवल प्रशासन का नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यशाला में उपस्थित उप श्रमायुक्त मिजार्पुर पिपरी, मुख्य चिकि त्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल सिंह, पी0 डी0 डी0आर0डी0ए0 एस0के0 राय, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेंखर शर्मा, अपर जिला

सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विराट रूद्र महायज्ञ के लिए 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित

**- 6 मार्च को निकलेगी कलश यात्रा, कलश स्थापना के बाद यज्ञ होगी शुरू**
**- 14 मार्च को होगी पूणार्हुति, चलेगा भंडारा**
**- चतरा ब्लाक अंतर्गत गिरिया गांव में होगी यज्ञ**

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। चतरा ब्लाक अंतर्गत गिरिया गांव में वृहस्पतिवार को विराट रूद्र महायज्ञ के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया। 6 मार्च को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद यज्ञ शुरू होगी। यज्ञ की पूणार्हुति 14 मार्च को



भंडारे के साथ होगी। बता दें कि भिक्षुक भिखारी, जंगली दास, रमाशंकर गिरी जी महाराज की देख रेख में यह यज्ञ हो रही है। आचार्यगण देवी प्रसाद पांडेय, सतीश पांडेय, दीपक पांडेय व योगेश तिवारी के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया है। जंगली बाबा ने बताया कि मुख्य यजमान प्रवीण मिश्रा, सरिता मिश्रा, कृष्ण कुमार पुजारी व प्रभावती देवी हैं। 6 मार्च को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद विराट रूद्र महायज्ञ शुरू होगी। 9 मार्च को शिव जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 14 मार्च को यज्ञ की पूणार्हुति के साथ भंडारा चलेगा।

इस मौके पर पूर्व प्रमुख रमाकांत पांडेय, आलोक मिश्रा, सुजीत मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जब धर्म की हानि हो अथवा ग्लानि भगवान जरूर आते हैं: मनीष शरण जी महाराज

**- गायत्री भवन तेजनगर, उरमौरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सुनने को जुटे श्रद्धालु**

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र। गायत्री भवन तेजनगर उरमौरा, राबर्ट्सगंज में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वृहस्पतिवार को अयोध्या धाम से पधारे मनीष शरण जी महराज ने कथा सुनाते हुए कहा जब धर्म की हानि होती है तो भी भगवान् आते हैं और जब धर्म की ग्लानि होती है तब भी भगवान आते हैं। हानि और ग्लानि का अंतर बताते हुए कहा कि जैसे कोई अपने बच्चे को कुछ पैसे देकर बाजार भेजे और वह उस पैसे को कंही खो कर आ जाये तो इसी को हानि कहेंगे, लेकिन वहीं बच्चा उसी पैसे से शराब पीकर आये तो माता पिता को ग्लानि होगी। आगे बताते हुए कहा भगवान दोनों ही स्थिति में अवतार धारण करते हैं,



जब जब होहिं धरम कै हानी, बाढ़इ असुर अधम अभिमानी। तब तब धरि प्रभु विविध शरीरा, हरही कृपा निधि सज्जन पीरा।। और आगे बताया "यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवती भारत, अभ्युथानमधर्मस्य तदात्मानम सृजाम्यहं। जब जब धर्म की ग्लानि होती है तो भगवान का अवतार होता है। जन्म के अन्य और कारण बताते हुए कहा" विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार, उपरोक्त ब्राह्मण, गाय, देवता और संतो के मंगल के लिए ही भगवान अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते हैं। मुख्य यजमान वरिष्ठ अधिवक्ता पवन मिश्र पत्नी सहित सपरिवार कथा श्रवण किए। इस अवसर पर भागवत कथा में अम्बरीष जी राष्ट्रीय संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद , नीरज सिंह , विनोद चौबे, पद्माकर द्विवेदी, करुणाकर द्विवेदी, दिनानाथ पांडे सहित भक्तगण, महिलाएं, बच्चे मौजूद रहे।

# नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन, 203 मरीजों की हुई जांच

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। श्री सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट, जानकी कुंड, चित्रकूट (सतना, मध्य प्रदेश) के तत्वावधान में पंचायत भवन सलैयाडीह में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन में कुल 203 मरीजों की आंखों की जांच की गई। शिविर में उपस्थित नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार पांडे के नेतृत्व में मरीजों



की जांच की गई। जांच के दौरान 103 मरीजों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें आगे के बेहतर इलाज के लिए चित्रकूट रेफर किया गया, वहीं 52 जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क चश्मा वितरित किया गया, जिससे गरीब एवं असहाय मरीजों को काफी राहत मिली। डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार पांडे ने शिविर के दौरान लोगों को आंखों की नियमित जांच, साफ-सफाई और समय पर इलाज के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि समय पर जांच से आंखों से जुड़ी कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इस नेत्र शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विंढमगंज के गायत्री परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका रही। आयोजन को सफल बनाने में रामदास कुशवाह, हुलाश राम यादव, अभिषेक प्रताप सिंह तथा किशोर सिंह (प्रधान प्रतिनिधि, सलैयाडीह) का विशेष योगदान रहा।

# रेड क्रॉस सोसाइटी की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक, निष्क्रिय कार्यों को सक्रिय करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्य क्षता में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से आने वाले संसाधनों का समुचित एवं पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा जो कार्य लंबे समय से निष्क्रिय अथवा बेकार पड़े हैं, उन्हें तत्काल नियमित कर प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है, गरीब, असहाय एवं कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कुष्ठ रोगियों के लिए चिकित्सा, दवाइयां, वस्त्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की




समुचित व्यवस्था रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। सोसाइटी की आय-व्यय, उपलब्ध संसाधन, भविष्य की कार्ययोजना तथा जन कल्याणकारी योजनाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकरी डॉ0 पंकज कुमार राय, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, संबंधित अधिकारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थितगण रहे।

# खेमपुर में यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर खाई में पलटी हड़कंप

**कोन तेलगुडवा मार्ग पर खेमपुर के पास हुई हादसा**

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोन तेलगुडवा मार्ग पर गुरुवार को सुबह लगभग साठे सात बजे सवारी से भरा बस तेलगुडवा से कोन आ रही थी कि अचानक खेमपुर के पास गढ्ढा युक्त सड़क के कारण अनियंत्रित होकर बस खाई में पलट गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। हादसे में दर्जनों यात्रियों को चोटें आई हैं, जिनमें दो को गंभीर चोटे आई है। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से सभी घायलों को सीएचसी कोन भेजा है।यह हादसा कोन थाना क्षेत्र के खेमपुर गांव के पास गुरुवार की सुबह का है। तेलगुड़वा से कोन आ रही एक यात्रियों से भरी बस की अचानक स्टेयरिंग फेल हो गया। बस अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। बस में करीब 40 यात्री सवार थे।




हादसे में दर्जनों यात्रियों को चोटें आई हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर एम्बुलेंस पहुंची और सभी घायलों को कोन सीएससी भेजा गया, जहां घायलों की इलाज जारी है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार, गंभीर रूप से घायल यात्रियों में से एक को सिर में गहरी चोट लगी है। गंभीर घायलः एक यात्रियों की स्थिति नाजुक बनी हुई है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस ने मौके पर पहुँचकर राहत कार्य शुरू किया और यातायात को सुचारू कराया। वहीं चिकित्सा अधिकारी कोन ने बताया कि मंखचू उम्र लगभग 65 वर्ष डाल्टेनगंज निवासी हैं जिनकी सर में चोट लगी है उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। शेष सभी सवारी को हल्की फुल्की चोट लगा था सभी दुसरे वाहन से घर चले गए।

# जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री श्री दुगार्दास उइके ने आज लोकसभा को अवगत कराया कि जनजातीय कार्य मंत्रालय ने राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर 10 राज्यों में 11 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालयों (टीएफएफएम) को मंजूरी प्रदान की है, जिनका उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय लोगों के बलिदानों एवं योगदानों को मान्यता देना एवं उनके बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। ये परियोजनाएं केंद्रीय अनुदान योजना- "जनजातीय अनुसंधान संस्थान को समर्थन" और "अनुच्छेद 275(1) के प्रावधान" के अंतर्गत जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों से प्राप्त अतिरिक्त मांगों एवं प्रस्तावों के आधार पर वित्तपोषित की गई है। अब तक 11 संग्रहालयों में से 4 संग्रहालय 3 राज्यों में स्थापित किए गए हैं- जिनमें झारखंड में 1, छत्तीसगढ़ में 1 और मध्य प्रदेश में 2 संग्रहालय हैं। शेष 7 संग्रहालयों में से, वर्मान में 5 राज्यों मिजोरम, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और गुजरात में संग्रहालयों का निर्माण एवं संग्रह कार्य चल रहा है और इन्हें 2026 के अंत तक शुरू होने का अनुमान है। गोवा और मणिपुर में परियोजनाएं अपने प्रारंभिक चरण में हैं। गोवा सरकार ने परियोजना के निर्माण से संबंधित आगे के कार्यों को शुरू करने के लिए फरवरी 2025 में अपनी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अंतिम रूप दिया है। मणिपुर सरकार द्वारा वर्तमान में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। मंत्रालय संग्रहालयों के कार्य प्रगति की समग्र निगरानी के लिए संबंधित राज्यों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें एवं कार्यशालाएं आयोजित करता है, साथ ही मंत्रालय के अधिकारी एवं विशेषज्ञ क्षेत्र भ्रमण भी करते हैं। बैठकों के दौरान, प्रत्येक संग्रहालय की निगरानी एवं कार्यान्वयन के लिए साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित किए जाते हैं और समयसीमा निर्धारित की जाती है। हालांकि, भूमि का चयन, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करना और इन संग्रहालयों के निर्माण संबंधित जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। इन संग्रहालयों का विवरण अनुलग्नक-कमें दिया गया है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 172 स्टेशनों का काम पूरा हुआ : श्री अश्विनी वैष्णव

भारतीय रेलवे सभी पुलों का निरीक्षण वर्ष में दो बार करता है; कुछ पुलों का निरीक्षण उनकी स्थिति के आधार पर अधिक बार किया जाता है 2,337 से 42,677 तकः एलएचबी कोच निर्माण 2004-14 और 2014-25 के बीच 18 गुना से अधिक बढ़ गया रेलवे स्टेशनों पर 11650 स्टॉल/यूनिट; अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों सहित पात्र आवेदकों को आवंटित स्टेशनों और ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए समर्पित बजटीय प्रावधान; स्वच्छता प्रदान करने के लिए यात्री किराए का कोई घटक नहीं लिया जाता है ट्रेनों में अधिक किराया वसूलने पर अंकुश लगाने के लिए पीओएस मशीनें, ई-पेंट्री सेवा और मेनू और टैरिफ के लिंक के साथ एसएमएस सेवा उपलब्ध कराई गई है

**स्टेशन का पुनर्विकास**

रेल मंत्रालय ने स्टेशनों के दीर्घकालिक पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों के सुधार हेतु मास्टर प्लान तैयार करना और चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन करना शामिल है। मास्टर प्लान में निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

स्टेशन और आवागमन क्षेत्रों तक पहुंच में सुधार स्टेशन का शहर के दोनों हिस्सों से जुड़ाव

**स्टेशन भवन का सुधार**

प्रतीक्षा कक्षों, शौचालयों, बैठने की व्यवस्था और पानी के बूथों में सुधार

यात्री यातायात के अनुरूप चौड़े फुट ओवरब्रिज/एयर कॉनकोर्स का प्रावधान। लिफ्ट/एस्केलेटर/रैंप की व्यवस्था प्लेटफार्म की सतह में सुधार/उपलब्धता और प्लेटफार्म के ऊपर आवरण का प्रावधान 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क की व्यवस्था करना।

पार्किंग क्षेत्र, मल्टीमॉडल एकीकरण

दिव्यांगजनों के लिए उपलब्ध सुविधाएं बेहतर यात्री सूचना प्रणाली प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकतानुसार एग्जीक्युटिव लाउंज, व्यावसायिक बैठकों के लिए निर्धारित स्थान, हरियाली आदि की व्यवस्था करना। इस योजना में टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, आवश्यकतानुसार बैलास्टलेस ट्रैक का प्रावधान, चरणबद्ध कार्यान्वयन और व्यवहार्यता के साथ-साथ दीर्घकालिक रूप से स्टेशन पर शहर केंद्र का निर्माण जैसी परिकल्पनाएं भी शामिल हैं। अब तक इस योजना के तहत विकास के लिए 1337 स्टेशनों की पहचान की गई है। फिलहाल, 172 स्टेशनों का काम पूरा हो चुका है।

**पुलों की सुरक्षा**

भारतीय रेलवे (आईआर) द्वारा देशभर के पुलों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, आईआर में रेलवे पुलों के निरीक्षण की एक सुस्थापित प्रणाली है। सभी पुलों का निरीक्षण वर्ष में दो बार नामित अधिकारियों द्वारा किया जाता है, एक बार मानसून शुरू होने से पहले और एक बार मानसून के बाद विस्तृत निरीक्षण। इसके अतिरिक्त, मुख्य पुल अभियंता (सीबीई) द्वारा निर्धारित स्थिति के आधार पर कुछ पुलों का निरीक्षण अधिक बार भी किया जाता है। महत्वपूर्ण और बड़े पुलों का व्यापक तकनीकी निरीक्षण इस प्रकार किया जाता है कि ऐसे 20 प्रतिशत पुलों का निरीक्षण प्रतिवर्ष किया जाता है। पुलों की मरम्मत/ मजबूतीकरण/पुनर्वास/पुनर्निर्माण एक सतत और निरंतर प्रक्रिया है और यह पुलों के निरीक्षण के आधार पर की जाती है। 2022-2025 (दिसंबर 2025 तक) के दौरान, भारतीय रेलवे में 8,626 रेलवे पुलों की मरम्मत/ पुनर्वास/मजबूतीकरण/ पुनर्निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ रेलवे पुलों की स्थिति के आधार पर उनका निरीक्षण अधिक बार किया जाता है।

# बीआरसी सेवापुरी में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आज विकासखंड सेवापुरी बीआरसी कपसेठी के प्रांगण में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य हर्षवर्धन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी सेवापुरी राजेश कुमार सिंह एवं सीडीपीओ सेवापुरी राजेश कुमार शामिल हुए सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर और सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि ये नौनिहाल भारत का भविष्य है इसे हम सबको मिलकर सहर्ष के साथ उत्साहित करना है जो की अपना जीवन गरिमामयी जी सके इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी महोदय ने बताया विकासखंड सेवापुरी के सारे आंगनवाड़ी समृद्ध है और पूरे मनोयोग से स्पेशल एजुकेटर के साथ मिलकर भविष्य में कार्य करेंगे और प्री प्राइमरी कक्षा को समृद्ध करेंगे कार्यक्रम के प्रारंभ में खंड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए यह बताया कि इस कार्यक्रम की समृद्धि पर ही आगे बेसिक शिक्षा के विभिन्न कक्षाओं के निपुण लक्ष्य प्राप्त करने में सहूलियत होगी जिस प्रकार से किसी मकान का बुनियाद







बेहतरीन होने पर वह मकान टिकाऊ होता है वैसे ही स्कूल रेड़ीनेस/बालवाटिका का कार्यक्रम बच्चों के भविष्य की शिक्षा की नई रूप में कार्य करेगी। इस अवसर पर पांच लोगों को इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इसमें इंदु देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री लोहराडीह, सुपरवाइजर सपना पटेल सेवापुरी, अनीता पाल देईपुर, नंदलाल सिंह यादव कंसरायपुर अजीत कुमार नोडल रेडिनेश रामेश्वर को प्रदान किया गया। साथ ही पुरस्कार के रूप में स्टेशनरी किट दी गई जिसमें प्रत्येक न्याय पंचायत के पांच बच्चे शामिल हुए इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्पेशल एजुकेटर एआरपी विज्ञान शशि प्रकाश राय एआरपी गणित राकेश बिंद और पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सेवापुरी संतोष कुमार सिंह प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष काशीनाथ यादव उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ सेवापुरी दिनेश कुमार सिंह उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अध्यक्ष सेवापुरी आनंद कुमार सिंह पीएम श्री विद्यालय बेसहूपुर के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार दूबे एवं स्कूल रेडिनेश बालवाटिका उपस्थित रहे।

# सर्वजातीय सामूहिक विवाह की तैयारियाँ तेज

**समाज जागरण**

वाराणसी। श्री मार्कंडेय महादेव जी के प्रांगण में आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले सर्वजातीय सामूहिक विवाह को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। इसी क्रम में आज एक सादे किंतु गरिमामय कार्यक्रम के तहत 7 वरझवधू जोड़ों को सुहाग के वस्त्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम एडवोकेट रवि प्रताप सिंह (साजन), प्रतिनिधि एम.एल.सी. अन्नपूर्णा बृजेश सिंह एवं चेयरमैन, कलेक्ट्रेट राजस्व बार एसोसिएशन वाराणसी के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आयोजक उमेश गिरि




तथा संयोजक पंकज गिरि ने सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना के साथ वर एवं वधू पक्ष को आवश्यक सामग्री प्रदान की। आगामी 27 फरवरी को होने वाला यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम क्षेत्र में सामाजिक एकता और मानवीय मूल्यों का सशक्त संदेश देगा।

# नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री समुदाय के बीच स्वास्थ्य, पोषण शिक्षा के बढ़ावा के दायित्व का निर्वहन करें: विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। गर्भवती व धात्री महिलाओं, बच्चों की देखभाल करने वाले अभिभावकों व लाभार्थी के साथ समुदाय के बीच संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा को बढ़ावा देने का दायित्व प्रशिक्षित नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां पूरा करने का कार्य करें।

उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में नवनियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों के सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने व्यक्त की।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सात दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्राप्त जानकारी के माध्यम से आप सभी अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लेकर यहां से जाएं।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर पुष्पा सिंह द्वारा प्रशिक्षुओं को आईसीडीएस विभाग का परिचय, लाभार्थियों को दी जाने वाली सेवाओं, आंगनबाड़ी की भूमिका, पोषण का महत्व, पोषक तत्वों के प्रकार, जीवन के सुनहरे एक हजार दिन, गर्भावस्था के दौरान मातृ पोषण, अनुपूरक पुष्टाहार,






प्रधानमंत्री वंदना योजना, वृद्धि निगरानी, पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन, डेली ट्रैकिंग, बाल मैत्री, स्वच्छता सुविधाओं का मानक आदि के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना क्षेत्र सकलडीहा से 05, नौगढ़ से 06, धानापुर से 03, चन्दौली सदर से 03, नगर से 03, चकिया से 12, शहाबगंज से 01, नियामताबाद से 06 व बरहनी से 06 कुल जनपद चन्दौली से चयनित 45 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया गया।

इस अवसर पर ज्येष्ठ अनुदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि जिम्मेदारी निभाकर लक्ष्य को पूरा अपने क्षेत्र में करें। सत्र प्रभारी सुरेश तिवारी, चंद्रकुमारी, प्रतिभा पाल, रोशनी, अफसाना, निधि, कँचना, बरखा, अंजनी, निहारिका, मीनाक्षी, अंजू, सलमा, अनिता, पूनम, ज्योति, आरची, प्रिया, गुंजन, सीतामुनी, सरोज, मीनू, बिंदुमती, सपना, संध्या, पूजा, एकता, नेहा, शिवानी, प्रतिमा सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक युवक की मौत, एक घायल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत सातो महुआ क्रॉसिंग पर गुरुवार की रात दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी मामूली रूप से घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम 7 बजे दीपक सिंह (24 वर्ष) पुत्र प्रेम नारायण सिंह तथा बृजेश सिंह (34 वर्ष), निवासी तिवारीपुर नैनपुर, थाना बड़ागांव, वाराणसी–दोनों मजदूरी कर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे सातो महुआ स्थित क्रॉसिंग पर पहुंचे और सड़क पार कर अपने घर की ओर मुड़ रहे थे, तभी बाबतपुर से वाराणसी की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात मैजिक वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक



सिंह बाइक से उछलकर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं, बाइक पर पीछे बैठे बृजेश सिंह को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल हरहुआ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी हरहुआ विवेकानन्द द्विवेदी मय पुलिस बल मौके पर पहुंचे और दीपक सिंह को एंबुलेंस से हरहुआ पीएचसी हरहुआ ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए शिवपुर स्थित मर्चरी हाउस भेजवा दिया। घायल बृजेश सिंह को परिजन इलाज के लिए निजी चिकित्सालय लेकर चले गए, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

बताया गया कि दीपक सिंह तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे थे। वे मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। जैसे ही दुर्घटना की सूचना परिजन तक पहुंची, वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। स्थानीय लोगों ने सातो महुआ क्रॉसिंग दुर्घटना बाहुल्य स्थल पर सुरक्षा इंतजाम और स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# भगवती धाम मंदिर में धूमधाम से किया जाएगा दुर्गा माता मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। खरगीपुर पियरी में दुर्गा माता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन भव्य शोभायात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और भंडारे के साथ धूमधाम से किया जाएगा। मूर्तियों को दूध, दही, शहद, घी और चीनी से स्नान कराकर विशेष अनुष्ठान द्वारा स्थापित किया जाता है। इस पावन अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन और भक्तों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है।दुर्गा माता




की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एक अत्यंत शुभ और पवित्र अनुष्ठान है, जो पूरी आस्था, विधि-विधान और धूमधाम से संपन्न होगा। इस आयोजन में भव्य कलश यात्रा, वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और विशेष आरती के साथ माता की प्रतिमा को जागृत किया जाएगा। यह कार्यक्रम साहस, आस्था और शक्ति के प्रतीक के रूप में बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देगा। गणेशो मोदकप्रियः नमस्कार प्रियो भानुः। भगवती दुर्गा अर्चनप्रियः जल धारा प्रियां शिवः। भगवान गणेश जी को लड्डू और भगवान सूर्यनारायण को नमस्कार तथा भगवती दुर्गा राजराजेश्वरी को अर्चन एवं भगवन शिव को जलधारा प्रिय है

माता रानी (दुर्गा जी) के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर जिन भी क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को अपने यहां उत्पन्न समस्या के समाधान एवं मंगल कामना के लिए पूजा करवाना हो वे लोग अपने दाम्पत्य जोड़े के साथ पूजा में सम्मिलित हो सकते है- विजय प्राप्ति, लक्ष्मी प्राप्ति, दाम्पत्य सुख प्राप्ति रोग निवारण, पितृ दोष निवारण, संतान प्राप्ति, चर्म रोग निवारण, यश एवं लक्ष्मी प्राप्ति के लिए विशेष अर्चन की व्यवस्था की गयी है जिन भक्तो को अर्चन करना है वह सहयोग राशि (शुल्क ) देकर अर्चन में उपस्थित हो सकते है। जिन भक्तगण को पूजा अर्चन करवाना होगा दाम्पत्य जोड़े के साथ नए वस्त्र धारण करके चुंदरी के साथ आना होगा। वहीं इस अनुष्ठान के बारे में जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी पंडित सचिदानंद मिश्रा ने बताया कि यह अनुष्ठान माता रानी के प्रेरणा से और आशीर्वाद से हो रहा है। वहीं पंकज सिंह का कहना है कि यह कार्यक्रम समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों के सहयोग से कराया जा रहा है इसमें लोग तन मन धन से बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं यह हम लोगों लिए सौभाग्य एवं गर्व की बात है।समस्त क्षेत्रवासियों एवं ग्राम वासियों ने लोगों को बढ़-चढ़ कर इस अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया।

# संत रविदास मंदिर रसुलपुर, रामेश्वर में छठी आज, निकलेगी झांकी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी संत रविदास मंदिर रसुलपुर ,रामेश्वर मन्दिर में आज शुक्रवार को छठी धूमधाम से परम्परागत रूप से मनेगी।

महंत राजबली दास व महासचिव अजीत कुमार के अनुसार पंचक्रोशी मार्ग पर स्थित संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास मंदिर पर 25 क्षेत्रीय गाँवो से झांकी निकालकर अपने इष्ट के प्रति श्रद्धावनत होकर जनसमुदाय खुशियां मनाएंगे। 1फरवरी को सिरगोबर्धन में 649 वी जयंती माघी पूर्णिमा पर मनाई गई थी। उसी कड़ी में परम्परागत रूप यहाँ पर छठी मनाई जाती है। सुरक्षा के बाबत पुलिस बल की तैनाती रहती है।

# छात्रों को गुड लक यानि नए परवाज की मंगलकामना-हर्ष राय

## डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर में 'गुड लक पार्टी' सम्पन्न

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

मंगलवार को मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र में स्थित गांधी नगर के सुख्यात डालिम्स सनबीम स्कूल के बहुउद्देशीय सभागार में दसवीं के छात्र-छात्राओं हेतु भव्यता से आयोजित 'गुड लक पार्टी' शीर्षक से समारोह का आयोजन डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर की प्रज्ञाशील प्रधानाचार्या डॉ. प्रेरणा राय के संयोजन और निदेशक हर्ष राय की अध्यक्षता में वाग्देवी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया.

समारोह का बीज वक्तव्य देते हुए डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर की कक्षा नौवीं की श्रेष्ठ छात्रा शिवांगी सिंह ने कहा कि हम सभी के लिए मंगलकामना ही शिक्षक की हार्दिक अभिव्यक्ति होती है. सफलता का अर्थ केवल धन या प्रसिद्धि पाना नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ता से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना है. यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें असफलताएं बाधा नहीं, बल्कि सीख बनकर सफलता की सीढ़ी बनती हैं. सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास के द्वारा ही कोई व्यक्ति सच्चे अर्थों में सफल हो सकता है.

आत्मविश्वास की महत्ता, जीवन मूल्य और विद्यालय की महत्ता पर




अपने विस्तृत उद्बोधन में डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर की प्रज्ञाशील प्रधानाचार्या और गुड लक पार्टी की संयोजिका डॉ. प्रेरणा राय ने कहा कि आत्मविश्वास जीवन में सफलता, मानसिक मजबूती और व्यक्तिगत विकास के लिए एक आवश्यक गुण है, जो चुनौतियों का सामना करने की क्षमता देता है. यह आत्म-संदेह और डर को कम करके सही निर्णय लेने और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है. यह एक बेहतर और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है. आत्मविश्वास से भरपूर व्यक्ति बाधाओं से नहीं डरते, जिससे असफलता के बावजूद सफलता की संभावना बढ़ जाती है.

वो मूल्य ही हैं, जो व्यक्ति को समाज में श्रेष्ठ और सम्पन्न बनाते हैं और मूल्य ही हैं जो व्यक्ति को सबकी दृष्टि में गिराकर निम्न स्थान पर पहुंचाते हैं. यह सब परिस्थितियां मनुष्य की मानसिकता स्वरूप बनते-बिगड़ते जीवन मूल्यों का परिणाम हैं. अतः मानव जीवन में मूल्य हर प्रकार से मूल्यवान हैं. उन्होंने विद्यालय की महत्तर उपयोगिता की विवेचना करते हुए कहा कि डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर शिक्षा, संस्कार और सर्वांगीण विकास का केंद्र हैं, जो बच्चों में ज्ञान, अनुशासन, सामाजिक कौशल और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करते हैं. यह एक ऐसा आधारभूत मंच है, जो बौद्धिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से समर्थ भावी नागरिक तैयार करता है.

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के गणित प्रवक्ता और परीक्षा विभाग प्रमुख नरेंद्र राय ने कहा कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा भारत में कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है, जो देश भर में एक समान और उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यापक पाठ्यचर्या और विश्वसनीय मूल्यांकन सुनिश्चित करती है. यह परीक्षा उच्च शिक्षा के लिए आधार बनाती है, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आधार प्रदान करती है और अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करती है. समारोह को डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर के वाणिज्य प्रवक्ता ऋतेश राय, अंग्रेजी प्रवक्ता जाकिर अहमद, विज्ञान शिक्षक धनंजय कुमार, भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता प्रवेश कुमार शर्मा, जीव विज्ञान प्रवक्ता अवधेश प्रसाद आदि ने संबोधित करते हुए कहा परीक्षा की तैयारी, स्वाध्याय, जिज्ञासा, समय प्रबंधन, अधिलेखन, अभिप्रेरणा और अवधारणाओं पर छात्रों की जिज्ञासाओं का विस्तृत और समुचित सामाधान किया.

डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर की कक्षा ग्यारहवीं की टॉपर छात्रा सोनम यादव ने अपने भाषण में कहा कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रभावी लेखन शैली उच्च अंक प्राप्त करने की कुंजी है. यह परीक्षक पर सकारात्मक प्रभाव डालती है, जिससे उत्तर स्पष्ट, व्यवस्थित और पढ़ने में आसान हो जाते हैं. मुख्य बिंदुओं, डायग्राम, फ्लोचार्ट और कीवड्र्स को अंडरलाइन करने से उत्तरों की




गुणवत्ता बढ़ती है, समय की बचत होती है और परीक्षा में बेहतर अंक प्रदर्शन सुनिश्चित होता है.

गुड लक पार्टी की अध्यक्षता कर रहे डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर के निदेशक हर्ष राय ने कहा कि आज सौभाग्य और सफलता पर चिंतन वाया मंगलकामना के इस पावन अवसर पर मुझे गर्व है कि मैं आप जैसे सक्षम और होनहार छात्रों का निदेशक हूं. आपने हमारे विद्यालय का मान और गौरव बढ़ाया है. आपकी यह यात्रा आगे की परीक्षाओं के नव्य और भव्य अध्याय की शुरूआत भी है. मैं शुभकामनाएं देता हूं कि आप सभी जीवन की शैक्षिक, बौद्धिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और नैतिक परीक्षाओं के सोपान को पार करते हुए अपने जीवन में हर मुकाम को सफलतापूर्वक हासिल करें. आप जहां भी जाएं, हमेशा अपनी मेहनत और ईमानदारी से आगे बढ़ें. आपकी सफलता की कहानियां आप के पुरातन और नूतन छात्रों को भी दीर्घकाल तक प्रेरित करेंगी.

विचारों की भावुकता से लब्ध गुड लक पार्टी का समापन श्लोक 'विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम' के पाठ के साथ भारतीय संस्कृति में पवित्रता, शीतलता और सौभाग्य का प्रतीक दही खिलाकर किया गया.

समारोह में अमित कुमार राय, जोखन सिंह यादव, सीमा तिवारी, तौसीफ अहमद खान, माह-ए-तलअत, प्रवीण कुमार पांडेय, अवंतिका राय, नमो नारायण पांडेय, ओंकार नाथ तिवारी, राम नारायण राय, सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे. समारोह का संचालन शिवांगी सिंह और कनिष्क तिवारी ने संयुक्त रूप से किया.

# मेधावी छात्रों को दी गई छात्रवृत्ति

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। उद्धव सिंह स्मृति छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत महामना मालवीय इंटर कालेज शाहंशाहपुर में मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष हाई स्कूल मे उच्चतम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को दिया जाता है।छात्रवृत्ति योजना विद्यालय के शिक्षक अरविंद




सिंह पटेल के पिता उद्धव सिंह की स्मृति में दी जाती है। अवकाश प्राप्त जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने कहा कि इस तरह की योजना छात्रों को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम होती है।

शिक्षा से सेवा चयन आयोग के सदस्य डा हरेंद्र कुमार राय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अपार मेधा शक्ति है। ग्रामीण क्षेत्र के छात्र एवं छात्राओं को अवसर मिले तो वह बेहतर कर सकते हैं।कहा कि विद्यालय एक परिवार होता है जहां सभी छात्र आपस में मिलजुल कर अपना भविष्य गढ़ते हैं और देश को दिशा देने के लिए तैयार होते हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय परिसर में ऐसा वातावरण बनाएं की छात्र हम की भावना से राष्ट्र के सहयोगी बने। छात्रवृत्ति योजना की प्रशंसा महामना इंटर कॉलेज बच्छाव के प्रधानाचार्य डा चंद्रमणि सिंह ने भी की।बृजेश्वर नारायण सिंह, बृजराज सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अतिथि योजना के संयोजक अरविंद सिंह पटेल, प्रधानाचार्य मुसर्रत इस्लाम रीता मिश्रा धर्मनाथ राय सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 4-5 दिन में करार की रूपरेखा जारी करने की तैयारी, संयुक्त बयान के बाद घटेगा शुल्क

गोयल ने कहा कि संयुक्त बयान के बाद भारत और अमेरिका के बीच औपचारिक कानूनी व्यापार समझौते की पहली किस्त पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है

भारत और अमेरिका की अगले 4-5 दिन में संयुक्त बयान जारी करने की योजना है, जिसमें व्यापार समझौते की पहली किस्त को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके बाद व्हाइट हाउस एक कार्यकारी आदेश जारी करेगा जिसके तहत अमेरिका में भारतीय निर्यात पर शुल्क 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आज इसकी जानकारी दी।

गोयल ने कहा कि संयुक्त बयान के बाद भारत और अमेरिका के बीच औपचारिक कानूनी व्यापार समझौते की पहली किस्त पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। समझौते के पहले चरण पर दोनों देशों के बीच चर्चा को संयुक्त बयान के माध्यम से स्पष्ट किया जाएगा, जिसमें आपसी समझ और समझौते के प्रमुख पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

गोयल ने कहा, संयुक्त बयान के आधार पर औपचारिक समझौता तैयार किया जाएगा, जिसे अंतिम रूप देने में एक या डेढ़ महीने लग सकते हैं। हमारा लक्ष्य मार्च के मध्य तक औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर करना है।

समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत उन उत्पादों पर शुल्क कम करेगा जिन पर व्यापार करार के तहत सहमति बनी है। कानूनी समझौते के बाद भारत सरकार को शुल्क हटाने और कटौती लागू करने का अधिकार मिल जाएगा। भारत के शुल्क सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र वाली दरें हैं, जिसे व्यापार समझौते पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर होने के बाद ही बदला जा सकता है।

# मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य मे हरहुआ भाजपा मंडल के पदाधिकारी ,कार्यकताओं ने निभाई अहम भूमिका

हरहुआ। कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ होते हैं जिनके कंधों पर बडी जिम्मेदारी होती है जिसे पूरा करने के लिए वह दिन रात लगकर कड़ी मेहनत से करता है।

भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा 'अजय' के नेतृत्व में पार्टी कार्यकताओं ने क्षेत्र के घर-घर जाकर जानकारी हासिल कर मतदाता सूची को फाइनल कराने में बीएलओ का पूरा सहयोग किया।

पार्टी हाईकमान के निर्देश पर मण्डल मे निवास करने वाले मण्डल पदाधिकारी , मोर्चा, सक्रिय सदस्य, शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष बीएलओ के साथ जुटे रहे।



मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के द्वितीय चरण में आज लोकसभा चंदौली विधानसभा- अजगरा, बूथ नंबर 32 सरायकाजी में पात्र लोगों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु बूथ पर फार्म 6 भरने में सहयोग किया तथा मतदान केंद्र स्थल प्राइमरी पाठशाला सरायकाजी में बीएलओ के पास फार्म जमा करने हेतु कार्यकताओं के साथ लोगों से एकत्रित किया।

भाजपा के सभी पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, सम्मानित जनप्रतिनिधि, मोर्चा, विभाग, प्रकोष्ठ के लोगों ने 06फरवरी तक पात्र लोगों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म 6 भरने व फार्म 7 आपत्ति व अपमार्जित फार्म 8 मतदाता सूची में संशोधन का कार्य पूरा करने में कल तक जुटे रहेंगे।

हरहुआ ग्राम पंचायत के भाग संख्या 13 बीएलओ फहीम व भाग संख्या 12 के बीएलओ मनोज पांडेय ने बताया कि एस



आई आर कार्य शुरू होने से लेकर जारी पंजीकरण , मैपिंग ,अपलोडिंग ,नोटिस व फार्म6,7 व 8 की प्रक्रिया में मण्डल के सक्रिय कार्यकताओं ने मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्रा के निर्देश पर पूरी तरह से सहयोग किया जिसका परिणाम रहा कि इतनी जल्दी हम सफल हो सके।

मण्डल अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि हर वोटर देश का जागरुक नागरिक है पार्टी उनके सम्मान सहयोग में सदैव जुटी रहेगी। बांग्ला देशी रोहिंग्या व अवैध घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाना जरूरी है। अब देशहित व न्यायप्रिय प्रणाली से मजबूत सरकार बनेगी।

# अनूपपुर में एलआरटी चावल परिवहन घोटाला उजागर

**30 ट्रक चावल मिसिंग, करीब 4.10 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन ने गठित की तीन सदस्यीय जांच टीम**

**समाज जागरण**

अनूपपुर, । मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, अनूपपुर में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के दौरान किए गए एलआरटी (लॉन्ग रूट ट्रांसपोर्टेशन) चावल परिवहन कार्य में गंभीर अनियमितताओं और संभावित भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। अनूपपुर जिले से अन्य जिलों में चावल परिवहन का कार्य मेसर्स फौजी ट्रांसपोर्टर को सौंपा गया था। परिवहनकर्ता द्वारा प्रस्तुत बिलों के भुगतान में अंतर पाए जाने पर




मामले का खुलासा हुआ।

10 प्रतिशत बिल भुगतान की जांच में खुला फजीर्वाड़ा परिवहनकर्ता को पहले ही 90 प्रतिशत बिल भुगतान किया जा चुका था। शेष 10 प्रतिशत भुगतान से पूर्व जब बिलों की गहन जांच की गई, तो दूरी, वजन और परिवहन मात्रा में गंभीर भिन्नताएं सामने आईं। इस पूरे मामले को उजागर करते हुए जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी एवं एमपीए ससीएस अनूपपुर की प्रभारी जिला प्रबंधक अनीता सोरते ने पत्र क्रमांक/ लेखा-भुगतान/2025-26/130 दिनांक 16 जनवरी को एमपी स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन भोपाल के प्रबंध संचालक, कार्यपालन संचालक (वित्त), कलेक्टर तथा क्षेत्रीय प्रबंधक को अवगत कराया। सीएसएमएस पोर्टल में 30 ट्रक चावल मिसिंग जांच के दौरान यह भी सामने आया कि एलआरटी परिवहन के अंतर्गत भेजे गए कई ट्रकों की सीएसएमएस पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्ति दर्ज नहीं है। अब तक की जांच में लगभग 30 ट्रक चावल, जिसका वजन करीब 10 हजार क्विंटल और अनुमानित लागत 4 करोड़ 10 लाख रुपये बताई जा रही है, मिसिंग पाए गए हैं। प्राप्ति जिलों से रिपोर्ट मंगाई जा रही है और सीएसएमएस पोर्टल के माध्यम से विस्तृत जांच जारी है। एमपी स्टेट सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन अनूपपुर द्वारा प्रथम परिवहन आदेश भिंड, ग्वालियर, खंडवा, द्वितीय परिवहन आदेश निवाड़ी, मुरैना, टीकमगढ़ के लिए एलआरटी चावल परिवहन कराया गया था।

**तीन सदस्यीय जांच टीम गठित**

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रबंध संचालक द्वारा पत्र क्रमांक/ परिवहन/ 445860/2025/165 दिनांक 27 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय प्रबंधक, रीवा को निर्देश जारी किए गए।

इसके तहत क्षेत्रीय प्रबंधक रीवा, जिला प्रबंधक अनूपपुर, लेखापाल/ प्रबंधक (वित्त) की तीन सदस्यीय संयुक्त जांच टीम गठित की गई है। इसके बाद 28 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शहडोल के प्रभारी जिला प्रबंधक एम.एस. उपाध्याय को तत्काल अनूपपुर प्रवास कर दो दिवस में प्रकरण का निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार यदि आरोप प्रमाणित होते हैं तो संबंधित परि वहनकर्ता सहित जिम्मेदार अधि कारियों पर कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई संभव है।

# ग्रामीण अंचल में शराब माफियाओं का बोलबाला, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

**समाज जागरण कोतमा।**

नगर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित निगवानी, गरलैय्या टोला एवं चाका गांव में अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में होटल, पान दुकानों और घरों से धड़ल्ले से अवैध शराब की बिक्री की जा रही है, लेकिन प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। इस लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्र का सामाजिक माहौल तेजी से बिगड़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से जुड़े शराब माफियाओं का नेटवर्क सक्रिय है, जो गांव-गांव तक शराब पहुंचाकर अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहा है। कई बार उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया, परंतु ठोस कार्रवाई के अभाव में शराब माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार चाका गांव में देवदीन जायसवाल अपनी पान दुकान एवं होटल से खुलेआम अवैध शराब की बिक्री कर रहा है, वहीं निगवानी क्षेत्र में अयोध्या सौंधिया उर्फ पप्पू अपने होटल से शराब बेचकर ग्रामीण युवकों, युवतियों एवं छात्र-छात्राओं को नशे की लत की ओर धकेल रहा है। इसके अलावा इंद्र कुमार जायसवाल उर्फ पप्पू पर भी अपने घर से ही शराब बेचने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बेरोजगार युवाओं और विद्यार्थियों को नशे में फंसा कर क्षेत्र का भविष्य अंधकारमय किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में पावर प्लांट के आने के बाद शराब की बिक्री में तेजी आई है, जिससे बाहरी असामाजिक तत्वों की आवाजाही भी बढ़ी है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई न किया जाना कई सवाल खड़े करता है।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र ही अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से रोक नहीं लगाई गई, तो वे मजबूर होकर खुलेआम आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों की मांग है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो, शराब माफियाओं की कमर तोड़ी जाए और ग्रामीण अंचल को नशे के जाल से मुक्त कराया जाय।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय बजटःआशुतोष

**समाज जागरण**

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के द्वारा आज 5 फरवरी को स्थानीय भाजपा कार्यालय में केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा महामंत्री दीपक छत वानी, राधेलाल कोल, उपाध्यक्ष सुमित गौतम, अमित सिंह और जिला मीडिया प्रभारी कौशल विश्वकर्मा मौजूद थे। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दशार्ता है,




जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करोड़ के कैपिटल एक्स पेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22, 500 करोड़ से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में होगा उल्लेखनीय सुधार**

स्वास्थ्य क्षेत्र में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की 17 दवाइयों पर कस्टम ड्यूटी शून्य कर दी गई है। एक लाख हेल्थ प्रोफेशनल्स की नियुक्ति, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान और हेल्थ टूरिज्म को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिला अस्पतालों का उन्नयन कर उनमें ट्रामा सेंटर स्थापित करने संबंधी प्रावधान स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्ल खनीय सुधार लाएंगे। महिलाओं के लिए हर जिले में हॉस्टल, डेढ़ लाख केयर वर्कर्स और पेंशनर्स को सुविधाएं देने का भी प्रावधान है।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती**

यह बजट भारत को आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से सही दिशा में आगे बढ़ रहा है, और बजट 2026 उसी भरोसे और दूरदृष्टि का प्रमाण है। यह केंद्रीय बजट देश के आर्थिक विकास के साथ रिफॉर्म एक्सप्रेस की रफ्तार को भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट तात्कालिक प्रभाव से अधिक अगले 10-20 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा।

**युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका**

श्री अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में 15 हजार माध्यमिक शाला ओं में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना, आईआईएम के सहयोग से 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार करने और खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को प्रोत्साहन देने की घोषणाएं की गई हैं। क्रिएटर लैब युवाओं को रोजगार दिलाने में महती भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों का बजट सिर्फ लोक लुभावन रहता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का यह बजट दूरदर्शी और विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने वाला है।

# अवैध रेत एवं कोयला उत्खनन के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल ।कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निदेर्शानुसार शहडोल में रेत एवं कोयले सहित अन्य खनिजो के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए मैदानी अमले द्वारा निरंतर कार्यवाही की सुनिश्चित की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी राहुल साडिल्य ने जानकारी दी है कि कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निदेर्शा नुसार जनपद पंचायत बुढार के गाम बुटरा में खनिज एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से कोयले के अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही की गई जिसमें कोयला खनिज का अवैध खनन एवं परिवहन करने पर एक जेसीबी एवं



एक ट्रक जप्त किया गया।

वाहन मशीन के चालकों के द्वारा बताया गया की दोनों वाहन, मशीन श्री विजय यादव निवासी बटूरा का है, जिनके कहने पर कोयला खनिज का अवैध खनन, परिवहन कराया जा रहा था। वाहनों को मौके पर इनके चालकों से जप्त किया गया एवं वाहनों को थाना अमलाई की अभिरक्षा मे खड़ा करवाया गया है। उक्त कार्यवाही में खनि निरीक्षक अभिषेक पटले एवं अमलाई थाना प्रभारी भूपेंद्रमणि पांडेय की भूमिका रही।

# वाहन चलाते समय यातायात संकेतों का करें पालन- यातायात प्रभारी श्री जायसवाल

**सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियो को किया जागरूक**

**समाज जागरण**

शहडोल। पं. शंभूनाथ विश्व विद्या लय परिसर शहडोल में पीएम उषा के तहत सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियो को जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए यातायात प्रभारी संजय जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग बनाना एवं सुरक्षित सड़क व्यवहार को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि




सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों की अनदेखी, तेज गति, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग न करना तथा मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय यातायात संकेतों का पालन करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएँ और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका उद्देश्य व्यवहारिक ज्ञान और राष्ट्र निर्माण में सह भागिता है। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए प्रो. गीता सराफ ने कहा कि प्रधानमंत्री उषा जैसी योजनाएँ उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण, रोजगा रोन्मुखी और नवाचार आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी समन्वयकों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सूबेदार सुश्री प्रियंका शर्मा, ट्रेफिक पुलिस विवेकानंद तिवारी ने भी विद्यार्थियो को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा है जैसे स्लोगन प्रदर्षित कर यातायात नियमो के प्रति जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सेड मैप प्रभारी रवि विश्वकर्मा, डॉ. रचना दुबे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# दुलहरी बांध की सिंचाई से लहलहायेंगी पांच गाँव की फसलें

**कृषकों की आय बढाने में होगा असर कारी**

**समाज जागरण**

उमरिया --- उमरिया जिले के करकेली विकास खंड के दूरांचल बसे दुलहरी गांव में सिंचाई विभाग के व्दारा निर्मित हो रहे बांध के पूर्ण हो जाने से होने वाली सिंचाई से जहाँ कृषकों के लिये वरदान साबित होगा। इस बांध के निर्माण का उद्देश्य किसानों को सस्ते,सुगम तरीके से किसान के खेत तक पानी पहुंचाना तो था ही इसके साथ ही साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के किसानों की आय दोगुनी करने के विजन को भी पूरा करना था ।मालूम है कि बांधो से किसानों को नहर के माध्यम से खेतों में पानी की उपल ब्धता कम लागत, कम संकट, बिना परेशानी के पानी सुलभ कराया जाता है, बांध से मिलने वाले पानी में किसान का कोई नुकसान होता नहीं है,जिस वजह से बांध की सिंचाई सर्वोत्तम मानी जाती है,और इसके



लिये सदैव हर एक किसान लालायित रहते हैं,अमूमन इस सिंचाई का सबसे बड़ा लाभ यह भी माना जाता है कि बंजर भूमि भी भरपूर पानी पाकर उपजाऊ बन जाता है और वह भूमि जिसमें फसले नहीं उगती थी इन बंजर खेतों में भी बोयी गयी फसले लहलहा उठती है ।इन्ही बखूबियो को ध्यान में रखकर आदिवासी बाहूल्य गाँवों के बीच दुलहरी में बांध की बुनियाद सिंचाई विभाग व्दारा रखी गयी थी। जो लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। जानकर सूत्रों का मानना है कि यह बांध जून माह तक पूर्ण हो जायेगा और इसी तरह सब सुचारू रूप से चलता रहा तो अगले खरीफ की फसल से खेतों को पानी मिलना शुरू हो जायेगा। इस बांध से दुलहरी, कनेरी, सिंहपुर, सेमरिया, और ठूठा कुदरी के गाँवों को सिंचाई सुविधा मिलेगी।

# उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने विद्यार्थियो से किया संवाद

**समाज जागरण**

शहडोल। संभागीय उपायुक्त जन जातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने सांदीपनि विद्यालय छतवई में अध्य नरत विद्यार्थियों से संवाद किया। उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने कहा कि कोई भी परीक्षा जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं होती। परीक्षा की तैयारी सुनियोजित तरीके से की जाकर बिना डर एवं घबराहट के परीक्षा में सम्मिलित होना चाहिए। आपको अपने कर्म पर ध्यान देना है, फल की ज्यादा चिंता नहीं करना। उन्होंने कहा कि अच्छे अंको के लिए संपूर्ण पाठयक्रम को समझना एवं हल करना जरूरी है। जो कुछ भी याद किया गया है उसे इस तरह से लिखा जाय कि मूल्यांकन कर्ता को आसानी से समझ में आ सके। संपूर्ण प्रश्नों को हल करने के लिए समय विभाजन किया जाना चाहिए। उत्तर सटीक तथा दूसरों से भिन्न लिखना चाहिए। उत्तर पुस्तिकाएं भरने से नहीं वरन सटीक और तथ्यात्मक उत्तर लिखने से ही अच्छे अंक प्राप्त होते हैं। उन्होंन कहा कि परीक्षा के समय प्रत्येक विद्यार्थी तनावमुक्त होकर पढाई करें। उन्होंने कहा कि अच्छे अंको के लिए विषय का गहन अध्ययन तथा स्वयं द्वारा नोटस बनाए जाने चाहिए। सारे कठिन सवालों का समाधान परीक्षा में जाने के पूर्व कर लिया जाना चाहिए। बार-बार अभ्यास और प्रश्नों को हल करने से परीक्षा की तैयारी आसान हो जाती है। प्रश्न से संबंधित फामूर्ले तथा डायग्राम याद होना चाहिए तथा उनका उत्तर पुस्तिका में यथास्थान प्रदर्शित किया जाना चाहिए। मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन करना चाहिए ताकि यह पता चले कि अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए परीक्षा में किस तरह से लिखा जाता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में जाने के पूर्व चेकलिस्ट तैयार करना चाहिए ताकि कोई भी आवश्यक वस्तु ले जाने से छूटे न। आत्मविश्वास के साथ परीक्षा केन्द्र पर पहुंचकर परीक्षा दें। श्री यादव ने परीक्षा के दिनों में रखने वाली सावधानियों से अवगत कराया कि परीक्षा के दिनों में खान-पान का ध्यान रखें, पर्याप्त नींद लें, मोबाइल व नकारात्मक बातों से दूर रहें। इस अवसर पर संजय पाण्डेय सहायक संचालक द्वारा भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। संवाद कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अर्चना खरे, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सारणी पावर हाउस में बाहरियों का राज, स्थानीय ठेकेदार बेरोजगारी की कगार पर

**समाज जागरण**

सारणी। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह, सारणी में वर्षों से कार्य कर रहे स्थानीय एमएसएमई ठेकेदारों को काम से बाहर किया जा रहा है, जबकि बाहरी बड़ी कंपनियां लगातार बड़े-बड़े ठेके हासिल कर रही हैं। ठेकेदारों का कहना है कि यह स्थिति स्थानीय युवाओं और परिवारों के रोजगार पर सीधा हमला है। स्थानीय ठेकेदारों का आरोप है कि टर्नओवर की शर्तों को इस तरह लागू किया गया है कि छोटे और स्थानीय ठेकेदार स्वतः ही बाहर हो जाएं। कई ठेकेदार 15-20 वर्षों से पावर हाउस में कार्यरत रहे, लेकिन आज उन्हें एक भी कार्य नहीं मिल पा रहा है।

ठेकेदारों का कहना है कि केंद्र व राज्य सरकार की एमएसएमई और स्टार्ट-अप नीति स्थानीय उद्यमियों को बढ़ावा देने की बात करती है, लेकिन सारणी पावर हाउस में इसका उल्टा हो रहा है। नीति का लाभ बाहरी कंपनियों को और नुकसान स्थानीय इकाइयों को हो रहा है।

**शिकायतें उच्च स्तर तक पहुंचीं**

मामले को लेकर मुख्य अभियंता, एमपीपीजीसीएल प्रबंधन, ऊर्जा मंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय के साथ-साथ प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) एमएसएमई स्थानीय ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र स्थानीय ठेकेदारों के हित में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो वे पावर हाउस गेट के सामने शांतिपूर्ण आंदोलन और भूख हड़ताल जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# इंडो-यूएस ट्रेड डीलः कृषि और डेयरी पर कोई समझौता नहीं, किसान हित पूरी तरह सुरक्षित श्री शिवराज सिंह चौहान

## टैरिफ घटने से चावल, मसाले और टेक्सटाइल निर्यात को मिलेगा बल, कपास किसानों की आय बढ़ेगी श्री शिवराज सिंह

किसान हित सर्वोपरि, मुख्य अनाज, मिलेट्स, फल और डेयरी उत्पादों पर कोई खतरा नहीं श्री चौहान भारत-यूएस ट्रेड डील को लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे भ्रामक आरोपों के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्पष्ट किया है कि इस समझौते में भारतीय कृषि, विशेषकर कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह डील प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में डिप्लोमेसी, डेवलपमेंट और डिग्निटी का नया उदाहरण है और प्रधानमंत्री जी ने शुरू से साफ कर दिया था कि किसान हित सर्वोपरि हैं। दिल्ली में आज मीडिया से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे मुख्य अनाज, फल, प्रमुख फसलें, मिलेट्स और डेयरी उत्पाद पूरी तरह सुरक्षित हैं और भारतीय कृषि या डेयरी पर किसी तरह का खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित पूरी तरह संरक्षित हैं और इस समझौते से उल्टा भारत के किसानों को नए अवसर मिलेंगे।

**छोटे किसानों की चिंता और यूएस फार्म प्रोडक्ट्स पर स्थिति स्पष्ट**

इस आशंका पर कि देश की 50 प्रतिशत से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर है और छोटे किसानों पर असर पड़ सकता है, केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि कोई बड़ी चीज भारत के बाजार में अचानक नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि हमारी सभी मुख्य फसलें, मुख्य अनाज, फल और डेयरी उत्पाद सुरक्षित हैं और किसी भी ऐसे क्षेत्र के लिए बाजार नहीं खोला गया है, जो भारतीय किसानों के लिए नुकसानदेह हो सके। यूएस ट्रेजरी सेक्रेटरी के उस ट्वीट से पैदा संशय पर, जिसमें अमेरिकी फार्म प्रोडक्ट्स के ज्यादा भारत आने की बात कही गई थी, श्री चौहान ने कहा कि वाणिज्य मंत्री श्री पीयूष गोयल ने संसद में पूरे तथ्य स्पष्ट कर दिए हैं और वे स्वयं भी दोहरा रहे हैं कि छोटे और बड़े, सभी भारतीय किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं और मुख्य कृषि उत्पादों के लिए बाजार इस प्रकार नहीं खोला गया है कि किसानों पर दबाव बने।

**चावल, मसाले और टेक्सटाइल निर्यात को नया बल**

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बताया कि भारत पहले से ही अमेरिका सहित विभिन्न देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है और हाल के आंकड़ों के अनुसार लगभग 63,000 करोड़ रुपये के चावल का निर्यात किया गया था। उन्होंने कहा कि टैरिफ कम होने से हमारे चावल, मसालों और टेक्सटाइल के निर्यात को बल मिलेगा और जब टेक्सटाइल एक्सपोर्ट बढ़ेगा तो इसका सीधा लाभ कपास उगाने वाले हमारे किसानों को होगा। श्री चौहान ने कहा कि यह समझौता समग्र रूप से भारत के किसानों के हित में है और विपक्ष द्वारा भ्रम फैलाने के बावजूद तथ्य यही हैं कि किसान हित सुरक्षित हैं और निर्यात के नए अवसर खुल रहे हैं।

**अगर विपक्ष बोलने ही नहीं देगा तो समझाया कैसे जाएगा**

जब यह सवाल उठा कि विपक्ष कह रहा है कि अगर ट्रेड डील कर रहे हैं तो सरकार आकर फाइन प्रिंट को संसद और देश के सामने समझाए, तो कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने दोहराया कि डील की सारी डिटेल्स समय पर सामने आएंगी, लेकिन उसका मूल साफ है - किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**किसान अन्नदाता, किसानों की सेवा भगवान की पूजा**

कृषि मंत्री ने चिंता जताई कि कृषि का क्षेत्र इतना बड़ा है कि किसी भी तरह की अफवाह से किसानों में अनावश्यक चिंता और बेचैनी पैदा हो सकती है, इसलिए सरकार की ओर से स्पष्ट आश्वासन देना जरूरी है। उन्होंने कहा, मैं एक बार फिर कहना चाहता हूँ, किसान अन्नदाता हैं, अन्नदाता मतलब जीवनदाता। उनके हित ही देश के हित हैं और वे हित सुरक्षित हैं। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भावुक शब्दों में कहा कि किसानों की सेवा सरकार के लिए भगवान की पूजा के समान है और मोदी सरकार हर कदम पर किसान के पक्ष में खड़ी रहेगी।

# ट्रक - डंपर की टक्कर से कानपुर सागर हाइवे पर 20 किलोमीटर तक रहा 6 घंटे जाम

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां आज गुरुवार की सुबह बिधनू में आगे चल रहे ट्रक में पीछे से डंपर जा घुसा। हादसे के बाद कानपुर-सागर हाईवे पर जाम लगना शुरू हो गया। बिधनू पुलिस और एनएचआई ने क्षतिग्रस्त वाहन को हाइवे से किनारे नहीं कराया। इसके चलते लगभग 6 घंटे तक हाइवे पर जाम लगा रहा। इसकी सूचना मिलते ही घाटमपुर एसीपी मौके पर पहुंचे उन्होंने पुलिस बल के साथ क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवा कर हाईवे पर यातायात बहाल कराया है। इस दौरान लगभग 20 किलोमीटर तक जाम के हालात बने रहे। जानकारी के मुताबिक आज गुरुवार सुबह करीब 4 बजे बिधनू थाना क्षेत्र के रिंद नदी पुल के पास आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे अनियंत्रित डंपर ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक पतरेठा निवासी बब्लू और क्लीनर घनश्याम घायल हो गया। राहगीरों की सूचना



पर पहुंची बिधनू पुलिस ने हाइवे पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे नहीं करवाया। पुलिस की इसी लापरवाही के चलते जाम के हालात बनते चले गए। हाइवे पर गाड़ियों की लाइन लग गई। लगभग छह घंटे तक जाम लगा रहा। जब क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे करवाया गया। जिसके बाद ही हाइवे पर यातयात बहाल हो सका। इस दौरान लगभग 20 किलो मीटर लंबा जाम लगने से राहगीर बहुत परेशान भी रहे।

# देश भर में सरपट दौड़ेगी भारत टैक्सी, क्या ओला, उबर और रैपिडो को दे पाएगी कड़ी टक्कर

## सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव को दुनिया की ऐसी पहली राष्ट्रीय मोबिलिटी सेवा कहा जा रहा है जहां स्वामित्व ड्राइवरों के पास है

समाज जागरण

सहकारिता मंत्रालय ने आज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और गुजरात के कुछ हिस्सों में ऐप आधारित टैक्सी सेवा ह्यभारत टैक्सीह्न की औपचारिक शुरूआत की। यह शून्य कमीशन वाली सेवा ओला, उबर और रैपिडो जैसी राइड-हेलिंग कंपनियों से मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इसने दिल्ली एनसीआर में ही कार, ऑटो रिक्शा एवं बाइक के लिए 2.5 लाख से अधिक ड्राइवरों और 8.5 लाख से अधिक ग्राहकों को जोड़ा है।

सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव को दुनिया की ऐसी पहली राष्ट्रीय मोबिलिटी सेवा कहा जा रहा है जहां स्वामित्व ड्राइवरों के पास है। इसकी शुरूआत पिछले साल दिसंबर में की गई थी।

शाह ने कहा कि तीन साल के भीतर देश के विभिन्न हिस्सों में इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा, ह्यअगले तीन वर्षों में भारत टैक्सी सेवा का विस्तार कश्मीर से कन्याकुमारी और द्वारका से कामाख्या तक पूरे देश में किया जाएगा।ह्न उन्होंने कहा कि यहां प्लेटफॉर्म शुल्क, सर्ज शुल्क या अन्य छिपा हुआ शुल्क जैसा कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं होगा।

मंत्री ने कहा, ह्यइस सहकारी टैक्सी सेवा की शुरूआत करते हुए मैंने कहा था कि हमें नहीं मालूम कि यह कितनी बड़ी होगी। मगर आने वाले वर्षों में इसका विस्तार पूरे देश में किया जाएगा जिससे टैक्सी ड्राइवरों को फायदा होगा। मैंने स्पष्ट किया था कि सरकार टैक्सी क्षेत्र में उतर नहीं रही है बल्कि यह एक सहकारी पहल है जहां खुद टैक्सी ड्राइवर मालिक हैं। इस सहकारी टैक्सी से जुड़े हर ड्राइवर का इसमें स्वामित्व होगा और यह उनके कल्याण के लिए काम करेगा।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अब तक लगभग 10 करोड़ रुपये सीधे तौर पर ड्राइवरों को वितरित किए गए हैं और इस प्लेटफॉर्म पर रोजाना 10,000 से अधिक राइड पूरी की जा रही हैं। दूसरी ओर राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो ने पिछले साल कहा था कि वह अपनी मोटरबाइक, ऑटो रिक्शा और कार सेवाओं के लिए रोजाना 43 लाख राइड दर्ज कर रही है जो ओला के मुकाबले तिगुना और उबर के मुकाबले करीब 40 फीसदी अधिक है। गूगल प्ले स्टोर पर ओला, उबर और रैपिडो में हरेक 10 करोड़ से अधिक डाउनलोड थे, जबकि भारत टैक्सी के अब तक 5 लाख से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं।




ओला, उबर, रैपिडो और भारत टैक्सी के किराये की तुलना करने से पता चला कि कई जगहों (जैसे दिल्ली में आईटीओ से द्वारका और आईटीओ से सेक्टर 52) के लिए दोपहिया और तिपहिया वाहनों के मामले में भारत टैक्सी के किराये अधिक थे।

उदाहरण के लिए, आईटीओ से द्वारका के बीच, ओला पर बाइक का किराया 289 रुपये, रैपिडो पर 235 रुपये, उबर पर 231 रुपये और भारत टैक्सी पर 266 रुपये था। इसके लिए ऑटो का किराया भारत टैक्सी पर 425 रुपये, ओला पर 367 रुपये, उबर पर 334 रुपये और रैपिडो पर 401 रुपये था।

आईटीओ और नोएडा सेक्टर 52 के मेट्रो स्टेशन के बीच कैब सेवा बुक करते समय किराया अन्य प्लेटफॉर्म के मुकाबले न तो बहुत अधिक और न ही कम था। ओला पर किराया 462 से 481 रुपये, रैपिडो पर 466 से 538 रुपये, उबर पर 537 रुपये और भारत टैक्सी पर 501 रुपये किराया दिखा।

भारत टैक्सी का मोबाइल ऐप्लिकेशन ड्राइवरों और ग्राहकों के लिए अन्य प्लेटफॉर्म की ही तरह इनऐप ग्राहक सपोर्ट सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही मुनाफा सीधे तौर पर ड्राइवरों को हस्तांतरित किया जाएगा। इससे मूल्य निर्धारण को पारदर्शी बनाए रखने में मदद मिलेगी और दोनों पक्षों यानी ड्राइवरों और ग्राहकों की चिंताओं को सुने बिना कोई खाता बंद नहीं किया जाएगा।

इस बीच, भारत टैक्सी के ड्राइवरों को सारथी कहा जाता है। वे सहकारी समिति के सदस्य और सह-मालिक भी हैं। हर ड्राइवर के पास शेयर हैं और वे नेतृत्व का चुनाव करते हैं। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत टैक्सी के पास ह्यसारथी दीदीह्न भी हैं जहां पहले से ही 150 महिला ड्राइवर मौजूद हैं।

इस कार्यक्रम के तहत महिला ग्राहकों के पास महिला ड्राइवरों द्वारा संचालित राइड चुनने का विकल्प होगा। इसके अलावा ड्राइवर गिग कर्मियों के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं का भी लाभ उठा सकेंगे। इसमें 5 लाख रुपये का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा कवर और 5 लाख रुपये का पारिवारिक स्वास्थ्य बीमा कवर शामिल हैं। इस बीच, कैब एग्रीगेटर यूनियनों ने इस पहल का स्वागत किया है।

इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (आईएफएटी) और तेलंगाना गिग ऐंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन (टीजीपीडब्ल्यूयू) के शेख सलाउद्दीन ने कहा, ह्यहम भारत टैक्सी का राइड-हेलिंग सेवाओं में शोषण वाले कमीशन आधारित मॉडल को समाप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के तौर पर पुरजोर स्वागत करते हैं। पहली बार ड्राइवरों को गिग श्रमिकों के तौर पर नहीं बल्कि मालिक के रूप में पहचान मिल रही है। इस सहकारी मॉडल में सम्मान बहाल करने, उचित आय सुनिश्चित करने और परिवहन श्रमिकों को लंबे समय से प्रतीक्षित सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

भारत टैक्सी मल्टीस्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटीज ऐक्ट, 2002 के तहत पंजीकृत देश का पहला सहकारी राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म है। इसकी स्थापना 6 जून 2025 को हुई थी। भारत टैक्सी एक सहकारी मॉडल है और इसलिए ड्राइवर प्रति राइड कमीशन के बजाय एक निश्चित ऐक्सेस शुल्क का भुगतान करते हैं। इसमें सर्ज प्राइसिंग ढांचा नहीं होगा।

मोबिलिटी प्लेटफॉर्मो ने भी इस पहल का स्वागत किया है। रैपिडो के एक बयान में भारत टैक्सी का स्वागत किया गया है और इसे जनता के लिए उपलब्ध मोबिलिटी विकल्पों में अन्य के तौर पर बताया गया है। एक व्यक्ति ने बताया उबर कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करती है। वह अपनी प्रौद्योगिकी से लैस सपोर्ट सिस्टम, ग्राहक सेवा और शिकायक निपटान के साथ खुद को दूसरों से अलग करती है।

भारत टैक्सी ऐप तत्काल राइड बुकिंग सेवाओं के अलावा उपयोगकताओं को मेट्रो टिकट और रेंटल और इंटरसिटी राइड बुक करने की भी अनुमति दे रहा है।

# कृषि के लिए नहीं खोला गया बाजार, बोले कृषि मंत्री चौहान किसानों के हित सुरक्षित

समाज जागरण

उन्होंने कहा कि बाजरा सहित मुख्य अनाजों, मुख्य फलों, डेरी उत्पाद सहित सभी सुरक्षित है और समझौते के तहत कोई प्रमुख कृषि उत्पाद भारत नहीं आएगा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के तहत किसी भी प्रमुख फसल के लिए बाजार नहीं खोला गया है। उन्होंने कहा कि बाजरा सहित मुख्य अनाजों, मुख्य फलों, डेरी उत्पाद सहित सभी सुरक्षित है और समझौते के तहत कोई प्रमुख कृषि उत्पाद भारत नहीं आएगा।



चौहान ने मीडिया के कुछ चुनिंदा लोगों के साथ बातचीत में कहा, किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह समझौता राष्ट्र हित में किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के लिए किसानों के हित सर्वोपरि हैं, जिन्हें पूरी तरह सुरक्षित किया गया है। विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं कि भारत-अमेरिका समझौते में किसानों के हितों से समझौता किया गया है, इस पर चौहान का कहना है कि विपक्ष हताश और मानसिक रूप से परेशान है।

चौहान ने कहा, वे जमीनी स्तर पर मुकाबला नहीं कर सकते। एक के बाद एक हार की वजह से नाउम्मीदी, निराशा और हताशा से भरे हुए हैं। इसकी वजह से वे अंधे होकर विरोध कर रहे हैं। वे झूठ बोलने की मशीन और अफवाह फैलाने के बाजार बन चुके हैं। वे अफवाहें फैलाकर अराजकता का माहौल बनाना चाहते हैं।

चौहान ने कहा कि यह समझौता चावल आदि जैसी फसलों के लिए नए अवसर पैदा करेगा। उन्होंने कहा, ह्यशुल्क में कमी से हमारे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। चावल, मसाले, टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा। जब टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा, तो कपास किसानों को फायदा होगा। यह समझौता पूरी तरह से भारत के किसानों के हित में है।

अमेरिकी वित्त मंत्री के ट्वीट से उठी आशंकाओं पर कि अब अधिक अमेरिकी कृषि उत्पाद भारत भेजे जाएंगे, चौहान ने कहा कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में अपने बयान में स्थिति स्पष्ट कर दी है।

उन्होंने कहा, ह्यदेश के कृषि मंत्री के रूप में मैं एक बार फिर दोहराता हूं कि भारतीय किसानों के हित पूरी तरह से सुरक्षित हैं। चाहे हमारे छोटे किसान हों या बड़े किसान, हमारे सभी प्राथमिक कृषि उत्पाद सुरक्षित रहेंगे। इस तरह की किसी भी चीज के लिए बाजार नहीं खोला गया है।

# सरकारी बैंकों का मुनाफा बढ़ा, मजबूत ट्रेजरी यील्ड ने नेट इंटरेस्ट इनकम की कमी पूरी की

समाज जागरण

बैंकों ने आईपीओ में भागीदारी, करेंसी स्वैप की खरीद/बिक्री में कमीशन और ओपन मार्केट ऑपरेशंस में बोलियां खरीदने के अलावा अन्य से यह लाभ दर्ज किया सरकारी बैंकों की लाभप्रदता को मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मजबूत कोषागार आय से समर्थन मिला है। इससे शुद्ध ब्याज आय की वृद्धि की सुस्ती की भरपाई करने में मदद मिली है। सरकारी बॉन्ड की यील्ड बढ़ने के बावजूद बैंक कोषागार लाभ दर्ज करने में सक्षम थे। बैंकों ने आईपीओ में भागीदारी, करेंसी स्वैप की खरीद/बिक्री में कमीशन और ओपन मार्केट ऑपरेशंस में बोलियां खरीदने के अलावा अन्य से यह लाभ दर्ज किया।




इस तिमाही में ऋण वृद्धि का विस्तार हुआ, लेकिन जमा में धीमी वृद्धि ने एनआईआई वृद्धि को सीमित कर दिया। नीतिगत रीपो दर में 125 आधार अंक की संचयी कटौती के बावजूद शुद्ध ब्याज मार्जिन दबाव में रहा था।

इक्रा के सेक्टर हेड-फाइनैंशियल सेक्टर रेटिंग्स वाइस प्रेसिडेंट सचिन सचदेवा ने कहा, वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही - वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में बॉन्ड यील्ड में वृद्धि को देखते हुए सीमित ट्रेडिंग अवसर या मार्क-टू-मार्केट लाभ देखने को मिले। कुछ सरकारी बैंकों में विभिन्न कारणों से ट्रेडिंग लाभ देखने को मिला। जैसे केनरा बैंक को केनरा रोबेको और केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के आईपीओ के दौरान हिस्सेदारी की बिक्री के कारण उच्च ट्रेडिंग आय हुई।

केनरा बैंक की कोषागार आय में सालाना आधार पर लगभग 150 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 3,056 करोड़ रुपये हो गई। इसके तहत निवेश की बिक्री पर लाभ 174 प्रतिशत बढ़कर 2,590 करोड़ रुपये हो गया।

उन्होंने कहा, कुछ बैंकों ने आरबीआई के ओपन मार्केट ऑपरेशन (ओएमओ) खरीद नीलामी के तहत अपने हेल्ड-टू-मैच्योरिटी (एचटीएम) पोर्टफोलियो में रखी प्रतिभूतियों को बेचकर मामूली लाभ भी दर्ज किया।

भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दरों में 25 आधार अंक की कटौती और नकदी को आसान बनाने के उद्देश्य से बड़े ओपन मार्केट ऑपरेशंस (ओएमओ) की घोषणा के बावजूद दिसंबर में सरकारी बॉन्ड की यील्ड में मजबूती आई। इस तिमाही में 10 वर्षीय सरकारी बॉन्ड की बेंचमार्क यील्ड मामूली रूप से 2 आधार अंक बढ़ गई थी।

# रिलायंस ने वेनेजुएला से खरीदा 20 लाख बैरल तेल, 6.5 से 7 डॉलर सस्ते भाव पर हुई खरीदारी

## सूत्रों के अनुसार आरआईएल ने ट्रेडर विटोल से वेनेजुएला का 20 लाख बैरल तेल खरीदा है

भारत की दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने वेनेजुएला से तेल की पहली खेप खरीदी है। सूत्रों इसकी जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार आरआईएल ने ट्रेडर विटोल से वेनेजुएला का 20 लाख बैरल तेल खरीदा है। यह कंपनी द्वारा दक्षिण अमेरिकी देश से लगभग एक साल बाद की गई पहली खरीदारी है।




पिछले महीने वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और उसके बाद अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ आपूर्ति करार के बाद विटोल और ट्राफिगुरा को वेनेजुएला के लाखों बैरल तेल की मार्केटिंग और बिक्री के लिए अमेरिकी लाइसेंस दिए गए। सूत्रों ने बताया कि आरआईएल ने अप्रैल डिलिवरी के लिए वेनेजुएला का तेल आईसीई ब्रेंट के मुकाबले 6.5-7 डॉलर प्रति बैरल से कम दाम पर खरीदा है। इस बारे में जानकारी के लिए आरआईएल को ईमेल किया गया मगर खबर लिखे जाने तक जवाब नहीं आया।

# फिर सस्ते हुए सोना-चांदी, दो दिन की तेजी के बाद निवेशकों को झटका

समाज जागरण

निचले स्तर से दो दिन भाव चढ़ने के बाद आज सोने-चांदी कीमतों में तेजी थम गई। इसके साथ ही दोनों धातुओं के वायदा और हाजिर भाव में नरमी देखने को मिली। घरेलू के साथ ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी दोनों के भाव लुढ़क गए।

एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल अनुबंध आज 1,098 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,948 रुपये के भाव पर खुला। कारोबार के दौरान एक बार भाव 1,48,455 रुपये के निचले स्तर तक चले। हालांकि खबर लिखे जाने के समय भाव 2,388 रुपये की गिरावट के साथ 1,50,658 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहे थे।

चांदी का बेंचमार्क मार्च अनुबंध 10,754 रुपये की गिरावट के साथ 2,58,096 रुपये पर खुला और कारोबार के दौरान 2,39, 000 रुपये के दिन के निचले स्तर तक लुढ़क गया। खबर लिखे जाने के समय यह 28,096 रुपये की गिरावट के साथ 2,40,754 रुपये किलो के भाव पर कारोबार कर रहा था।

वायदा के साथ ही हाजिर बाजार में भी सोना-चांदी सस्ते हुए। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक बिना जीएसटी आज चांदी के हाजिर भाव 2,54,339 रुपये और सोने के 1,52,502 रुपये पर बंद हुए। पिछले कारोबारी दिन ये भाव क्रमशः 2,82,462 रुपये किलो और 1,56,625 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुए थे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर सोना आज 4,986 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 4,950.80 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 84.90 डॉलर की गिरावट के साथ 4,865.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने ने पिछले महीने 5,586.20 डॉलर पर सर्वोच्च स्तर छुआ था।

# जमीन से आमदनी बढ़ाने की कवायद में LIC, मुनाफा 17% बढ़कर 12,958 करोड़ रहा

समाज जागरण

देश के कई महंगे इलाकों में एलआईसी की जमीनें हैं। बहरहाल कंपनी इन संपत्तियों को बेचकर धन जुटाने पर विचार नहीं कर रही है




सरकारी जीवन बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी रियल एस्टेट संपत्तियों से कमाई करने की कवायद में है, जिससे कंपनी के पॉलिसीधारकों को बेहतर रिटर्न दिया जा सके। देश के कई महंगे इलाकों में एलआईसी की जमीनें हैं। बहरहाल कंपनी इन संपत्तियों को बेचकर धन जुटाने पर विचार नहीं कर रही है।

कंपनी के एमडी और सीईओ आर दोराईस्वामी ने गुरुवार को कहा, ह्यहम अपनी रियल एस्टेट पोर्टफोलियो से लाभ उठाना चाहते हैं, जिनसे हमें बेहतरीन मुनाफा मिल सके।ह्न एलआईसी की जमीनों का बाजार भाव 45,000 करोड़ रुपये से अधिक है। प्रबंधन ने कहा कि संपत्ति के इस्तेमाल और कार्यप्रणाली से इस भूमि का बाजार मूल्य बदलता रहता है।

उन्होंने आगे कहा, हमारे पास प्रबंधन के लिए बड़ा रियल एस्टेट पोर्टफोलियो है। हम इन संपत्तियों के इस तरह से प्रबंधन करने पर विचार कर रहे हैं, जिससे हमारा मुनाफा बढ़ सके और उनसे बेहतर कमाई हो सके, ताकि पॉलिसीधारकों को बेहतर मुनाफा मिल सके।

बहरहाल एलआईसी प्रबंधन ने यह साफ नहीं किया है कि वह इन संपत्तियों से मुनाफा कैसे कमाएंगे और उनकी योजना क्या है, लेकिन कहा कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) एक विकल्प है, जिस पर वह विचार करेंगे।

दोराईस्वामी ने कहा, हम अपनी संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन पर विचार कर रहे हैं ताकि हमें उनसे सर्वोत्तम रिटर्न मिल सके। इसमें अतिरिक्त स्थान की पहचान करना या बनाना, बेहतर किराये वाले स्थानों को किराये पर देना शामिल है। भूमि धारिता के साथ संपत्तियों से बेहतर मुनाफा सुनिश्चित करने पर विचार किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को इसका सर्वोत्तम लाभ मिल सके।

### एलआईसी का लाभ बढ़ा

एलआईसी का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 12,958 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की इसी तिमाही में 11,056 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस तिमाही के दौरान बीमा कंपनी की शुद्ध प्रीमियम आय बढ़कर 1,25,613 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 1,06,891 करोड़ रुपये थी।

कुल आय भी दिसंबर तिमाही में बढ़कर 2,33,984 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 2,01,994 करोड़ रुपये थी। एलआईसी का नए कारोबार से प्रीमियम चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 10,605 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले इसी तिमाही में 7,285 करोड़ रुपये था।

# EPFO इक्विटी निवेश में लाएगा डायवर्सिफिकेशन, नए सेक्टर और स्टाइल इंडेक्स में भी कदम रखने का विचार

समाज जागरण

ईपीएफओ की निवेश समिति (आईसी) 31 लाख करोड़ रुपये का प्रबंधन करती है। उम्मीद की जा रही है कि 10 फरवरी को होने जा रही बैठक में उपलब्ध विकल्पों पर विचार किया जाएगा




कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने इक्विटी निवेश पोर्टफोलियो में विविधता लाने की कवायद कर रहा है। संगठन अब बेंचमार्क एनएसई निफ्टी और बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स से जुड़े एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से इतर सेक्टर और स्टाइल आधारित इंडेक्स में कदम रख सकता है।

ईपीएफओ की निवेश समिति (आईसी) 31 लाख करोड़ रुपये का प्रबंधन करती है। उम्मीद की जा रही है कि 10 फरवरी को होने जा रही बैठक में उपलब्ध विकल्पों पर विचार किया जाएगा। इस मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि समिति उभरते हुए क्षेत्रों जैसे रेयर अर्थ, रेलवे, और रक्षा क्षेत्र में निवेश करने की व्यावहारिकता पर भी विचार करेगी।

समिति की दिसंबर 2025 में हुई पिछली बैठक में क्रिसिल को ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन) का इस्तेमाल कर निवेश की संभावनाओं का विश्लेषण प्रस्तुत करने को कहा गया था। 31 दिसंबर, 2025 तक ईपीएफओ के कुल पोर्टफोलियो का 10.57 प्रतिशत इक्विटी में निवेश किया गया हैं।

यह पहली बार नहीं हो रहा है, जब औपचारिक क्षेत्र में नौकरी करने वाले लोगों की सेवानिवृत्ति बचत के प्रबंधक शेयर बाजार के दो सूचकांकों से इतर निवेश करने पर विचार करने जा रहे हैं। इस तरह की कवायद 2016 में भी की गई थी, लेकिन वह मूर्त रूप नहीं ले सकी। उस समय ईपीएफओ द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति ने बीएसई और एनएसई नेक्स्ट 50 सूचकांकों के साथ बीएसई मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स में निवेश का सुझाव दिया था।

समिति में एलआईसी व नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट के प्रतिनिधि भी शामिल थे। ताजा पहल नवंबर 2024 में शुरू हुई, जब समिति ने ईपीएफओ के सलाहकार क्रिसिल से विविधीकरण के विकल्पों का नए सिरे से अध्ययन करने को कहा था। सलाहकार को विभिन्न सूचकांकों के बाजार आकार और उनके उतार-चढ़ाव के स्तर के साथ जोखिम समायोजित रिटर्न प्रोफाइल का विश्लेषण करने को कहा गया है।

क्रिसिल ने ईपीएफओ के इक्विटी में निवेश के विविधीकरण के लिए संभावित सेक्टरल और फैक्टरल इंडेक्स की एक सूची प्रस्तुत की है। उल्लिखित कुछ सेक्टरल इंडेक्स में बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, सूचना प्रौद्योगिकी, वैश्विक इंडेक्स और एफएमसीजी जैसे क्षेत्र हैं जबकि फैक्टरल इंडेक्स में रक्षा, आईपीओ, रेलवे और सेवाएं शामिल हैं।

क्रिसिल ने अध्ययन में निफ्टी ईवी व न्यू एज ऑटोमोटिव टीआरआई, निफ्टी इंडिया डिफेंस टीआरआई और निफ्टी 100 ईएसजी सेक्टर लीडर्स टीआरआई को शामिल किया। क्रिसिल ने पांच सूचकांक की भी पहचान की है।

# भारत-जीसीसी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति, FTA वार्ता के लिए शर्तों पर हुआ करार

समाज जागरण

यह समझौता वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा के तीन साल के बाद हुआ है। टीओआर एफटीए के दायरे और तौर-तरीकों को परिभाषित करता है

भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों ने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए। यह समझौता वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा के तीन साल के बाद हुआ है। टीओआर एफटीए के दायरे और तौर-तरीकों को परिभाषित करता है।



जीसीसी क्षेत्रीय, अंतर सरकारी राजनीतिक आर्थिक संघ है। इस संघ में छह देश बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) शामिल हैं। यदि यह सौदा अपना अंतिम रूप प्राप्त कर लेता है तो पश्चिम एशिया के साथ भारत के आर्थिक व रणनीतिक संबंधों को मजबूत होंगे। भारत और जीसीसी ने 21 साल से भी पहले एफटीए की संभावना तलाशने के लिए आर्थिक सहयोग पर समझौता किया था।

इसके बाद वर्ष 2006 और वर्ष 2008 में दो दौर की बातचीत हुई थी। दो दौर की वार्ता के बाद आर्थिक संघ ने सभी देशों और समूहों समूहों के साथ अपनी बातचीत स्थगित कर दी थी। फिर नवंबर 2022 में भारत और जीसीसी देशों ने एफटीए वार्ता को फिर से शुरू करने के इरादे की घोषणा की थी। हालांकि, संदर्भ की शर्तों पर असहमति के कारण वार्ता शुरू होने में देरी हुई।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौता वैश्विक भलाई के लिए बड़ा मददगार होगा और दोनों पक्षों के लिए पूर्वानुमान व स्थिरता लाएगा। एफटीए वस्तुओं और सेवाओं के निर्बाध प्रवाह को भी सक्षम करेगा। यह नौकरी के अवसरों का विस्तार करेगा और क्षेत्र के लिए भोजन व ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए निवेश आकर्षित करेगा।

गोयल ने कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 6 राष्ट्र जीसीसी (बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) के साथ हमारे संबंध रणनीतिक साझेदारी में बदल गए हैं और वे नई व बड़ी ऊंचाइयों की ओर हैं।

# लंबित मांगों की अनदेखी और असंवैधानिक आदेशों के विरोध में राजस्व कर्मचारियों का राज्यव्यापी धरना

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



05 फरवरी 2026 को बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (संयुक्त संघर्ष मोर्चा) के आह्वान पर किशनगंज जिले सहित पूरे बिहार में राजस्व कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। यह धरना राज्य सरकार की दमनकारी नीतियों तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा स्वयं लिए गए निर्णयों को लागू नहीं किए जाने के विरोध में आयोजित किया गया।

राजस्व कर्मचारी राज्य की राजस्व व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। इन्हीं कर्मचारियों एवं अंचल अधिकारियों के सहयोग से सरकार अपनी उपलब्धियों का दावा करती है, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों की जायज मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है, जिससे राजस्व कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

धरना स्थल पर उपस्थित संजीत कुमार (जिला सचिव) ने बताया कि राजस्व कर्मचारियों की 17 सूत्री मांगों को वर्ष 2025 में सरकार द्वारा स्वीकार किया गया था, लेकिन अब तक उनका क्रियान्वयन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ माह से विभाग कर्मचारियों की मांगों के प्रति कोई गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में राजस्व कर्मचारियों का वेतनमान स्तर 2 (ग्रेड वेतन 1900) है, जबकि अब न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक निर्धारित कर दी गई है। ऐसी स्थिति में वेतनमान कम से कम स्तर 5 (ग्रेड वेतन 2800) अथवा स्तर 6 (ग्रेड वेतन 4200) किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मचारियों की गृह जिले में शीघ्र पदस्थापना, वर्षों से लंबित पदोन्नति, आश्वस्त कैरियर प्रगति योजना तथा संशोधित आश्वस्त कैरियर प्रगति योजना का लाभ, सेवा की पुष्टि तथा पदनाम परिवर्तन की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। संजीत कुमार ने कहा कि एक-एक राजस्व कर्मचारी को कई-कई हल्का एवं पंचायतों का प्रभार देकर अत्यधिक कार्यभार सौंप दिया गया है, जिससे कर्मचारी मानसिक और शारीरिक रूप से बीमार हो रहे हैं। विभाग द्वारा न तो इंटरनेट, मुद्रक, फर्नीचर जैसी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं और न ही समुचित कार्यालय व्यवस्था है। कर्मचारियों को निजी मोबाइल एवं संसाधनों के माध्यम से सरकारी कार्य करने के लिए विवश किया जा रहा है। वहीं रविवार एवं राजपत्रित अवकाश के दिनों में भी कार्य लिया जाना राज्यपाल के आदेशों का उल्लंघन है।

धरना कार्यक्रम में राहुल रंजन, आशुतोष कुमार, सचिन कुमार, सचिन ठाकुर, संजीत कुमार (जिला सचिव), संतोष कुमार, पवन कुमार, हंसराज साहनी, मिथिलेश झा (जिला अध्यक्ष) एवं जैकी प्रसाद मंडल सहित बड़ी संख्या में राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

आंदोलन के तहत 03 फरवरी 2026 को पूरे बिहार में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गया। 05 फरवरी 2026 को सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना दिया गया तथा 09 फरवरी 2026 को गर्दनीबाग, पटना में राज्यस्तरीय धरना आयोजित किया जाएगा। इसके बाद भी यदि मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो 11 फरवरी 2026 से सभी राजस्व कर्मचारी अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना प्रारंभ करने को बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग तथा बिहार सरकार की होगी।

# "शिक्षक सबसे बेहतर आर्किटेचर होते है" :- थानाध्यक्ष सुमन कुमार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ " शिक्षक दुनिया के सबसे बेहतर आर्किटेचर होते है।" ये बाते पटना जिले के पालीगंज में बिहार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए गुरुवार को पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने कही।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल सह प्रखण्ड क्षेत्र के लालगंज सेहरा गांव स्थित बिहार पब्लिक स्कूल का 24 वां वार्षिकोत्सव अत्यंत उत्साह और सांस्कृतिक भव्यता के साथ विद्यालय परिसर में मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पालीगंज बीडीओ सुशील कुमार, पूर्व मुखिया चन्द्रसेन कुमार वर्मा, माले नेता अनवर हुसैन व विद्यालय के निदेशक अरविन्द कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान एकता में शक्ति, विविधता में सुंदरताह विषय को विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। जिसने इस दिन को विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अतिथियों के लिए यादगार बना दिया। यह बिहार पब्लिक स्कूल में एकता की शक्ति और विविधता की सुंदरता का उत्सव रहा। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की समृद्ध परंपरा और समकालीन चेतना का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया गया। लोक संस्कृति पर आधारित झिझिया नृत्य, नारी सशक्तिकरण को दर्शाती नारी शक्ति नृत्य दर्शकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रेट्रो नृत्य ने दर्शकों को आनंदित कर दिया। वहीं ऑपरेशन सिंदूर एवं भक्ति भाव से परिपूर्ण राम आएंगे जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों ने मंच पर आत्मविश्वास, समन्वय और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो विद्यालय की समग्र शिक्षा प्रणाली को दर्शाता है। अभिभावकों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया तथा विद्यार्थियों में संस्कारों और प्रतिभा के विकास हेतु विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। जबकि अपने संबोधन में मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्था, सार्थक विषयवस्तु और प्रभावशाली प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। उन्होंने बिहार पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों में एकता, सांस्कृतिक चेतना एवं सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना की। साथ ही अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

मौके पर पत्रकार वेद प्रकाश, विद्यालय की प्राचार्या रिणा सिन्हा, दीपक कुमार, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष अविभावक के अलावे अन्य लोग मौजूद रहे।

# आपसी रंजिश में हुई थी हत्या

## पटना पुलिस ने किया हत्याकांड के एक आरोपी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ के मिन्हाज नगर स्थित खंडहरनुमा मकान में मोटरसाइकिल मैकेनिक मोहम्मद मेहताब की गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहम्मद तौसीफ के रूप में की गई है। जबकि इस वारदात में शामिल बंटी उर्फ काना अब भी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बता दें कि 19 जनवरी को मोटरसाइकिल मैकेनिक मोहम्मद मेहताब की गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। उसका शव मिन्हाज नगर खलीलपुरा के बीच संकरा रस्ता में अवस्थित एक खाली पड़े खंडहर नुमा मकान में मिला था। इस संबंध में फुलवारी शरीफ एसडीपीओ सुशील कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोहम्मद तौसीफ ने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि उसने अपने सहयोगी बंटी उर्फ काना के साथ मिलकर महताब की गोली मारकर हत्या की थी। पुलिस के अनुसार यह वारदात आपसी रंजिश के कारण अंजाम दी गई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक महताब और आरोपित सभी अपराधी प्रवृत्ति के रहे हैं तथा इनका पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। तौसीफ पहले भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। वहीं बंटी उर्फ काना हत्या, चोरी और छिनतई समेत कई मामलों में नामजद रहा है और पूर्व में जेल भी जा चुका है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कुछ दिन पूर्व गांजा कारोबारी मोहम्मद मुनचुन को चाकू मारकर घायल करने की घटना में भी इन आरोपितों की संलिप्तता सामने आई है। पुलिस इस पूरे गिरोह के आपराधिक नेटवर्क की भी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपित बंटी उर्फ काना की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं गिरफ्तार आरोपी तौसीफ से पूछताछ कर पुलिस अन्य आपराधिक घटनाओं की भी जानकारी जुटा रही है।

# पटना में दिन दहाड़े छह लाख की लूट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ में बेखौफ बाइक सवार अपराधियों ने हीरो शोरूम के एक पार्टनर से करीब छह लाख रुपये छीन लिए और मौके से फरार हो गए। हैरानी की बात यह है कि यह घटना बाढ़ थाना क्षेत्र में एसडीपीओ कार्यालय से महज कुछ दूरी पर हुई, जिससे पुलिस व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित कारोबारी ललन कुमार हीरो मोटोकॉर्प के अधिकृत शोरूम से जुड़े पार्टनर हैं। गुरुवार को वे बैंक से करीब छह लाख रुपये की निकासी कर पहले अपने शोरूम पहुंचे थे। वहां कुछ देर रुकने के बाद वे पैदल ही झोले में नकदी लेकर अपने घर की ओर रवाना हुए। बताया जा रहा है कि इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार अपराधियों ने अचानक झपट्टा मारा और रुपये से भरा झोला छीनकर तेज रफ्तार में फरार हो गए। घटना इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही अपराधी आंखों से ओझल हो चुके थे। लूट की खबर फैलते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अपराधी हेलमेट पहने हुए थे और वारदात को अंजाम देने के बाद बाढ़ शहर की ओर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद कुमार सिंह दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़ित से पूरी जानकारी ली और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। शुरूआती जांच में पुलिस को कुछ अहम सुराग मिलने की बात कही जा रही है, हालांकि अधिकारियों ने फिलहाल विस्तृत जानकारी साझा करने से परहेज किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। आसपास के इलाकों में नाकाबंदी कर वाहनों की जांच भी की जा रही है। साथ ही, संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा और आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। दिनदहाड़े हुई इस लूट की वारदात से स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। नागरिकों का कहना है कि एसडीपीओ कार्यालय के इतने पास इस तरह की घटना होना बेहद चिंताजनक है। लोगों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और बाजार व रिहायशी इलाकों में निगरानी मजबूत करने की मांग की है। व्यापारियों में भी डर का माहौल है और वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। स्थानीय व्यापार मंडल से जुड़े लोगों का कहना है कि हाल के महीनों में बाढ़ और आसपास के इलाकों में छिनतई और चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं। कई बार शिकायत के बावजूद अपराधियों पर लगाम नहीं लग पा रही है। उनका आरोप है कि बैंक से रुपये निकालने वाले ग्राहकों को अक्सर अपराधी निशाना बनाते हैं, क्योंकि उन्हें पहले से इसकी भनक लग जाती है। ऐसे में बैंकों के आसपास और प्रमुख सड़कों पर पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने की जरूरत है। वहीं पीड़ित ललन कुमार ने बताया कि वे रोजमर्रा के कारोबार के लिए बैंक से राशि निकालकर लौट रहे थे और उन्हें इस तरह की घटना की कोई आशंका नहीं थी। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द पैसे बरामद करने और अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। पुलिस प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि बड़ी रकम लेकर निकलते समय सतर्क रहें और संभव हो तो अकेले जाने से बचें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पटना के जेपी गंगा पथ पर सड़क हादसे में एक कि मौत, दूसरा घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी में गुरुवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना शहर के व्यस्त मार्ग जेपी गंगा पथ पर हुई, जहां सुबह-सुबह आवाजाही के दौरान अचानक अफरा-तफरी मच गई। हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना गुरुवार सुबह उस समय हुई, जब जेपी गंगा पथ पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो रही थी। अचानक तेज रफ्तार में आए एक अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे चल रहे दो लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत शोर मचाया और घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे के तुरंत बाद टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। हालांकि, अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि दुर्घटना किस वाहन से हुई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, हादसे में दो लोग हताहत हुए, जिनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया कराया। वहीं घायल को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक मृतक और घायल की पहचान की औपचारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। परिजनों से संपर्क साधने की कोशिश की जा रही है।

# पटना में दामाद की पीट-पीटकर हत्या सास-ससुर समेत पत्नी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के बिन्दौली गांव में पत्नी को विदा कराने ससुराल पहुंचे युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्नी, सास और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार अथमलगोला थाना क्षेत्र के सबनीमा गांव निवासी तारा देवी ने 04 फरवरी 2026 को आवेदन देकर आरोप लगाया कि उनके 25 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार को 26 जनवरी 2026 को उसके ससुराल गौरीचक थाना क्षेत्र के बिंदोली गांव में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। घायल अवस्था में उसे पीएमसीएच पटना में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 03 फरवरी को उसकी मौत हो गई।

घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने गौरीचक थाना में प्राथमिकी दर्ज की। इस मामले में बिंदोली गांव निवासी विजय मोची, उसकी पत्नी रजनी देवी और जितनी देवी को नामजद अभियुक्त बनाया गया। पुलिस ने छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि रंजीत कुमार की शादी वर्ष 2019 में हुई थी और शादी के बाद से पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। बताया जा रहा है कि रंजीत द्वारा पत्नी के साथ मारपीट किए जाने के बाद पत्नी मायके चली गई थी। इसी बीच रंजीत अपनी पत्नी को वापस ले जाने के लिए ससुराल पहुंचा था।

मृतक के परिजनों का आरोप है कि उसे बहला-फुसलाकर ससुराल बुलाया गया और साजिश के तहत उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है तथा घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है।

# बिहार विधानसभा में उठा पालीगंज बाजार के जाम का मुद्दा उठा

## पालीगंज के धरहरा से फतेहपुर तक बाईपास सड़क निर्माण की मांग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ पालीगंज विधायक डॉ. संदीप सौरभ ने गुरुवार को बिहार विधानसभा में शून्यकाल के दौरान पालीगंज बाजार में लगातार लगने वाले जाम की गंभीर समस्या को उठाया। उन्होंने धरहरा से फतेहपुर तक बाईपास सड़क के निर्माण की मांग करते हुए कहा कि भारी वाहनों और बढ़ते यातायात के कारण बाजार क्षेत्र में रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। विधायक संदीप सौरभ ने कहा कि बाईपास सड़क बनने से भारी वाहनों को बाजार से बाहर निकाला जा सकेगा जिससे यातायात सुचारु होगा और पालीगंज बाजार को स्थायी रूप से जाम से राहत मिलेगी। उन्होंने सरकार से इस जनहितकारी मांग पर शीघ्र निर्णय लेकर बाईपास सड़क निर्माण को प्राथमिकता देने की अपील की है।

# इंडोमैक जमशेदपुर में अराइज एसके पावर सॉल्यूशंस एवं एलनोवा ने उन्नत विद्युत समाधानों का किया भव्य प्रदर्शन

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**




जमशेदपुर( झारखंड) 05 फरवरी 2026: जमशेदपुर में आयोजित प्रतिष्ठित औद्योगिक प्रदर्शनी इंडोमैक जमशेदपुर में अराइज एसके पावर सॉल्यूशंस ने एलनोवा (ELNOVA) कंपनी के सहयोग से अपने अत्याधुनिक विद्युत बैकअप एवं विद्युत सुरक्षा समाधानों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में कंपनी का स्टॉल काउंटर संख्या उ-02 पर लगाया गया, जहाँ बड़ी संख्या में उद्योग प्रतिनिधियों, तकनीकी विशेषज्ञों तथा व्यापारिक आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस औद्योगिक प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों, निर्माण इकाइयों, आधारभूत संरचना परियोजनाओं, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थागत ग्राहकों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। अराइज एसके पावर सॉल्यूशंस द्वारा प्रस्तुत समाधानों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति, ऊर्जा दक्षता तथा उपकरणों की सुरक्षा को लेकर आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

प्रदर्शनी के दौरान एलनोवा कंपनी के विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। इसमें एक किलोवोल्ट-एम्पियर से एक हजार किलोवोल्ट-एम्पियर क्षमता तक के ऑनलाइन यूपीएस सिस्टम, एक किलोवोल्ट-एम्पियर से एक हजार किलोवोल्ट-एम्पियर तक के सर्वो स्टेबलाइजर, सीवीटी प्रणाली, सीलबंद अनुरक्षण-मुक्त (एसएमएफ) बैटरियाँ, आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था (इमरजेंसी लाइट्स) तथा विभिन्न क्षमताओं की डीसी विद्युत आपूर्ति इकाइयाँ शामिल रहीं।

ये सभी उत्पाद उद्योगों, डेटा केंद्रों, अस्पतालों, कार्यालयों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं। स्टॉल पर उपस्थित तकनीकी टीम ने आगंतुकों को उत्पादों की विशेषताओं, कार्यक्षमता तथा आवश्यकता के अनुरूप अनुकूलित (कस्टमाइज्ड) समाधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

एलनोवा के उत्पादों की तकनीकी मजबूती, उच्च विश्वसनीयता, दीघार्यु तथा ऊर्जा-सक्षम डिजाइन को लेकर आगंतुकों और उद्योग विशेषज्ञों ने अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की।

इस अवसर पर कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि इंडोमैक जैसी औद्योगिक प्रदर्शनी उद्योग जगत से सीधा संवाद स्थापित करने, बाजार की वर्तमान आवश्यकताओं को समझने तथा नवीन विद्युत बैकअप तकनीकों को प्रस्तुत करने का एक प्रभावशाली मंच प्रदान करती है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ग्राहकों को सुरक्षित, भरोसेमंद और उच्च गुणवत्ता वाले विद्युत समाधान उपलब्ध कराना कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। इस प्रदर्शनी में सहभागिता से क्षेत्र में अराइज एसके पावर सॉल्यूशंस की एक विश्वसनीय एवं अग्रणी विद्युत बैकअप एवं सुरक्षा समाधान प्रदाता के रूप में पहचान और अधिक सुदृढ़ हुई है, वहीं एलनोवा के उन्नत उत्पादों को भी व्यापक स्तर पर सराहना प्राप्त हुई है।

# अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1400 लीटर महुआ जावा घोल, तीन शराब भट्ठी नष्ट

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के टंडवा थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। थाना क्षेत्र के टंडवा जंगल पहाड़ी इलाके में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण से जुड़े सामानों को नष्ट किया।छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने मौके से कुल 1400 लीटर महुआ जावा घोल, 03 अवैध शराब भट्ठी, तथा शराब बनाने में प्रयुक्त ड्रम, पाइप, बर्तन सहित अन्य सामग्रियों को बरामद किया। पुलिस ने सभी जब्त जावा घोल, भट्ठी एवं उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

यह कार्रवाई टंडवा थाना के थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में की गई। थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के उद्देश्य से लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की भनक लगते ही अवैध शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए, जिनकी पहचान की जा रही है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों एवं तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।

# प्रखंड में धड़ल्ले से बालू तस्करी जारी

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड में पुनः इन दिनों बालू तस्करी का कार्य जोरो पर है ।सूरज ढलते ही बालू माफिया राज चालू हो जाता है ।रात के अंधेरे का फायदा



उठाकर बालू तस्करी रात भर देखने को मिलता ।बालू माफिया द्वारा अंधेरा होते ही एनएच 522 से कुछ दूरी पर बालू डंप करने का शिलशिला शुरू कर दिया जाता है ।6 पहिया वाहन से रात भर विष्णुगढ़ से हजारीबाग एनएच 522 मार्ग से रात भर बालू तस्करी का खेल चलता रहता है ।कुछ दिन तक तस्करी कर बंद जिसे पुनः तस्करों के द्वारा खेल शुरू कर दिया गया ।तस्करों द्वारा के द्वारा खुलेआम बालू तस्करी जारी है जिससे सरकारी नियमों को धज्जियां उड़ा कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

# आशा एवं आशा फैसिलिटेटर की समीक्षा बैठक आयोजित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर(औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) रेफरल अस्पताल परिसर नबीनगर में आशा कार्यकताओं एवं आशा फैसिलिटेटरों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ. अभय कुमार ने की। बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाना तथा चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करना रहा।बैठक के दौरान फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, से संबंधित प्रशिक्षण, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम और डीड लिफ्ट प्रशिक्षण विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सा प्रभारी ने आशा कार्यकताओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करें और गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की नियमित निगरानी करें।डॉ. अभय कुमार ने कहा कि आशा कार्यकर्ता ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके सक्रिय सहयोग से ही सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं जमीनी स्तर तक सफलतापूर्वक पहुंचती हैं। उन्होंने सभी आशा एवं आशा फैसिलिटेटरों से ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की।

# बजट के बाद AIFs ट्रस्ट छोड़ अपनाएंगे LLP मॉडल, विदेशी पूंजी बढ़ेगी

उद्योग के सूत्रों ने बताया कि लगभग 97 प्रतिशत एआईएफ अभी ट्रस्ट के तौर पर काम करते हैं, जिसका मुख्य कारण कम अनुपालन बोझ और इन्हें बनाने में आसानी है एलएलपी अधिनियम, 2008 में प्रस्तावित संशोधनों के बाद वैकल्पिक निवेश फंड (एआईएफ) ट्रस्ट का ढांचा छोड़ सकते हैं। उम्मीद है कि वे लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप (एलएलपी) का रास्ता अपनाएंगे। इन बदलावों से अनुपालन आसान होगा, ढांचागत दिक्कतें दूर होंगी और भारत में अधिक विदेशी पूंजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

बजट के बाद एक कॉन्फ्रेंस में आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने संकेत दिया कि सरकार एलएलपी अधिनियम में संशोधन पर विचार कर रही है ताकि इसे एआईएफ के कामकाज की जरूरतों के साथ बेहतर ढंग से जोड़ा जा सके। गज कैपिटल के मैनेजिंग पार्टनर और सह-संस्थापक तथा इंडियन वेंचर ऐंड अल्टरनेट कैपिटल एसोसिएशन (आईवीसीए) की नियामकीय मामलों की समिति के सह-अध्यक्ष गोपाल जैन ने कहा, ह्यउद्योग लंबे समय से इसकी मांग कर रहा था। बजट के बाद की चचाओं में इसका जिक्र एआईएफ प्लेटफॉर्मों के लिए ढांचागत और परिचालन दिक्कतों को कम करने के स्पष्ट नीतिगत इरादे का संकेत है।

# खास घटना नहीं व्यापक बुनियाद पर बना है बजट- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

**समाज जागरण**

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को व्यापार, निर्यात, विनिर्माण समेत समूची भारतीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से बहुत बड़ी घटना माना जा रहा है, जिसका देश पर बहुआयामी प्रभाव पड़ सकता है। मगर समझौते की घोषणा से एक दिन पहले केंद्रीय बजट पेश कर चुकी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मानती हैं कि समझौता कुछ वक्त पहले हो जाता तो भी बजट पर कोई फर्क नहीं पड़ता। सीतारमण ने बुधवार दोपहर नए संसद भवन के भीतर अपने कार्यालय में असित रंजन मिश्र, विकास धूत, निवेदिता मुखर्जी और ए के भट्टाचार्य के साथ बातचीत में यह कहा। प्रमुख अंशः

इस बजट में किन प्रमुख मुद्दों पर ध्यान दिया गया है? क्या भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पहले हो गया होता तो इस बजट का रंग-ढंग अलग होता?